ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 17 जून 2024
वर्ष 2, अंक 297, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ऑस्ट्रेलिया की जीत से सुपर 8 में पहुंचा इंग्लैंड 2

इंडियाज वेस्ट डांसर की जज बनेंगी करिश्मा! 14



## आस्था की डुबकी

**वाराणसी** : गंगा दशहरा पर रविवार को काशी के दशाश्वमेध घाट सहित अन्य घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। विशेष पूजा और धार्मिक अनुष्ठान भी किए। इस मौके पर घाटों को सजाया गया था। वारणसी में गंगा दशहरा पर दूर दराज के लोग गंगा स्नान के लिए आते हैं।

### एनसीईआरटी के निदेशक बोले-इसलिए पाठ्यक्रम से हटाए बाबरी मस्जिद और दंगों के संदर्भ

# दंगों के बारे में पढ़ाना पैदा कर सकता है हिंसक नागरिक

नई दिल्ली, एजेंसी

- स्कूली पाठ्यक्रम में बदलावों पर मचे हंगामें को बताया अप्रासंगिक

स्कूली पाठ्यक्रम के भगवाकरण के आरोपों को खारिज करते हुए एनसीईआरटी के निदेशक ने कहा है कि स्कूली पाठ्यपुस्तकों में गुजरात दंगों और बाबरी मस्जिद गिराए जाने के संदर्भों को इसलिए संशोधित किया गया, क्योंकि दंगों के बारे में पढ़ाना हिंसक और अवसादग्रस्त नागरिक पैदा कर सकता है। एक न्यूज एजेंसी से बातचीत में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने कहा कि पाठ्यपुस्तकों में बदलाव वार्षिक संशोधन का हिस्सा है और इसे शोर-शराबे का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए।

एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में गुजरात दंगों या बाबरी मस्जिद गिराए जाने के संदर्भ में बदलाव के बारे में सकलानी ने कहा कि हमें स्कूली पाठ्यपुस्तकों में दंगों के बारे में क्यों पढ़ाना चाहिए? हम सकारात्मक नागरिक बनाना चाहते हैं, न कि हिंसक और अवसादग्रस्त व्यक्ति। उन्होंने कहा कि क्या हमें अपने छात्रों को इस तरह से पढ़ाना चाहिए कि वे आक्रामक हो जाएं, समाज में नफरत पैदा करें या नफरत का शिकार बनें? क्या यह शिक्षा का उद्देश्य है? क्या हमें ऐसे छोटे बच्चों को दंगों के बारे में पढ़ाना चाहिए...। जब वे बड़े होंगे, तो वे इसके बारे में सीख, समझ सकते हैं, लेकिन स्कूल की पाठ्यपुस्तकों में क्यों। बदलावों के बारे में हंगामा अप्रासंगिक है।

सकलानी की टिप्पणियां ऐसे समय आई हैं, जब नई पाठ्यपुस्तकें कई संदर्भ हटाए जाने और बदलावों के साथ बाजार में आई हैं। कक्षा 12 की राजनीति विज्ञान की संशोधित पाठ्यपुस्तक में बाबरी मस्जिद का उल्लेख नहीं है, लेकिन इसे तीन गुंबद वाली संरचना के रूप में संदर्भित किया गया है। इसमें अयोध्या खंड को चार से घटाकर दो पृष्ठ का कर दिया गया है और पिछले संस्करण से विवरण हटा दिया गया है।

### सकारात्मक नागरिक बनाना हमारा उद्देश्य

सकलानी ने कहा कि हम सकारात्मक नागरिक बनाना चाहते हैं और यही हमारी पाठ्यपुस्तकों का उद्देश्य है। हम उनमें सबकुछ नहीं रख सकते। हमारी शिक्षा का उद्देश्य हिंसक और अवसादग्रस्त नागरिक पैदा करना नहीं है। घृणा और हिंसा शिक्षण के विषय नहीं हैं। इन पर हमारी पाठ्यपुस्तकों का ध्यान केंद्रित नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1984 के दंगों की बात पाठ्यपुस्तकों में नहीं होने को लेकर ऐसा ही हंगामा नहीं किया जाता। पाठ्यपुस्तकों से हटाए गए संदर्भों में गुजरात के सोमनाथ से अयोध्या तक भाजपा की रथ यात्रा, कारसेवकों की भूमिका, बाबरी मस्जिद गिराए जाने के बाद सांप्रदायिक हिंसा, भाजपा शासित राज्यों में राष्ट्रपति शासन, और भाजपा की अयोध्या में हुई घटनाओं पर खेद की अभिव्यक्ति भी शामिल हैं।

## एक नजर

### सलमान के घर पर फायरिंग मामले में एक और गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने अप्रैल में अभिनेता सलमान खान के घर पर हुई गोलीबारी में एक नया मामला दर्ज किया है और आपराधिक धमकी के आरोप में राजस्थान से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा के अधिकारी ने रविवार को बताया कि राजस्थान के बूंदी निवासी बनवारीलाल लटूरलाल गुर्जर (25) ने कथित तौर पर अपने यूट्यूब चैनल पर वीडियो अपलोड किया था, जिसमें उसने कहा था कि लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़ और गिरोह के अन्य सदस्य मेरे साथ हैं तथा मैं सलमान खान को मारने जा रहा हूं।

### अमरनाथ यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग शुरू

**जम्मू।** अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने 29 जून से शुरू होने वाली 52 दिवसीय अमरनाथ यात्रा के लिए बालटाल और पहलगाम मार्गों के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग सेवा शुरू कर दी है। अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होकर 19 अगस्त को रक्षा बंधन के दिन समाप्त होगी। बालटाल मार्ग के लिए, नीलग्रथ-पंजतरणी-नीलग्रथ पर हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान की जा रही है और पहलगाम मार्ग के लिए, यह पहलगाम-पंजतरणी-पहलगाम मार्ग पर उपलब्ध होगी। आधिकारिक वेबसाइट पर हेलीकॉप्टर सेवा की ऑनलाइन बुकिंग होगी, ऑफ़लाइन टिकट नहीं मिलेगा।

# भारत में ईवीएम 'ब्लैक बॉक्स' हैं किसी को जांच की इजाजत नहीं

## राहुल बोले-संस्थाओं में जवाबदेही नहीं होती तो दिखावा बन जाता है लोकतंत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एक ब्लैक बॉक्स है, जिसकी जांच करने की किसी को अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंता जताई जा रही है। गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि जब संस्थाओं में जवाबदेही ही नहीं होती तो लोकतंत्र दिखावा बनकर रह जाता है और धांधली की आशंका बढ़ जाती है। इस पोस्ट के साथ गांधी ने एक खबर भी साझा कि जिसमें दावा किया गया कि मुंबई की उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से 48 वोट से जीत दर्ज करने वाले शिवसेना के उम्मीदवार के एक रिश्तेदार के पास एक ऐसा फोन है जिससे ईवीएम में छेड़छाड़ संभव थी।




- ईवीएम पर एलन मस्क के बयान से मचा सियासी घमासान

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने एक्स पर एलन मस्क की उस पोस्ट को भी साझा किया जिसमें मस्क ने ईवीएम को हटाने की बात कही थी। मस्क ने अपनी पोस्ट में कहा था कि हमें ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। मुनष्यों या कृत्रिम मेधा (एआई) द्वारा हैक किए जाने का जोखिम, हालांकि छोटा है, फिर भी बहुत अधिक है। विपक्षी दल कुछ समय से ईवीएम पर चिंता जताते रहे हैं और उसने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) पर्चियों का शत प्रतिशत मिलान करने की अपील की की थी लेकिन अदालत ने इसे स्वीकार नहीं किया।

### मस्क के विचार अमेरिका में लागू हो सकते हैं, भारत में नहीं

**नई दिल्ली।** भाजपा ने रविवार को उद्यमी एलन मस्क द्वारा ईवीएम संबंधी टिप्पणी के लिए उन्हें आड़े हाथों लिया। कहा कि उनके विचार अमेरिका पर लागू हो सकते हैं, लेकिन भारत पर नहीं। मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि हमें ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। मुनष्यों या कृत्रिम मेधा (एआई) के जरिए इनके हैक होने का भले ही कम, लेकिन बड़ा जोखिम है। भाजपा नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि यह चीजों का व्यापक स्तर पर सामान्यीकरण करने वाला बयान है, जिसका अर्थ है कि कोई भी सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर का निर्माण नहीं कर सकता है। ये गलत है। पूर्व सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने एक्स पर कहा कि लेकिन भारतीय ईवीएम अलग तरीके से डिजाइन की गई हैं और ये सुरक्षित हैं।

### मतपत्र से कराए जाएं आगामी चुनाव : अखिलेश यादव



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को एक बार फिर से ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए आगामी सभी चुनाव मतपत्रों के जरिए कराने की मांग की। सपा प्रमुख ने रविवार को एक्स पर, टेस्ला कंपनी के सीईओ एलन मस्क की ईवीएम में गड़बड़ी की आशंका संबंधी पोस्ट को कोट करते हुए बयान जारी किया है। यादव ने एक्स पर अपने एक पोस्ट में कहा कि टेक्नालॉजी समस्याओं को दूर करने के लिए होती है, अगर वही मुश्किलों की वजह बन जाए तो उसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए।

# आतंकवाद को कुचलें, मददगारों पर भी करें सख्त कार्रवाई : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

बीते एक सप्ताह से जम्मू कश्मीर में बढ़ रही आतंकी गतिविधियों के मद्देनजर गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक की। जिसमें उन्होंने अधिकारियों को आतंकवाद को कुचलने और आतंकियों की मदद करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा भी की।

अमित शाह ने कहा कि यहां आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में है तथा आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से अब छद्म लड़ाई तक सिमट गया है, लेकिन सरकार इसे जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित है। सुरक्षा एजेंसियों को जम्मू में एरिया डॉमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के माध्यम से कश्मीर घाटी में हासिल की गई सफलताओं को पुनः दोहराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार नए तरीकों से आतंकियों पर कार्रवाई कर मिसाल बनाने के लिए कटिबद्ध है। गृह मंत्री ने सभी एजेंसियों को मिशन मोड में काम करने और समन्वित तरीके से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर जोर दिया। शाह ने स्थानीय खुफिया नेटवर्क को मजबूत करने, सुरंगों का पता लगाने और ड्रोन का मुकाबला करने के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने पर जोर दिया। आतंकवाद के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराते हुए गृह मंत्री ने कहा, जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद के सफाए के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। कश्मीर में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का आना वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार को दिखाता है। एक हफ्ते से जम्मू कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ गई हैं और सुरक्षाकर्मियों तथा आतंकवादियों के बीच निरंतर मुठभेड़ हो रही हैं।




- जम्मू-कश्मीर में ताजा हालात पर गृहमंत्री ने की उच्च स्तरीय बैठक
- एरिया डॉमिनेशन और जीरो टेरर प्लान को दोहराने के निर्देश

### उप राज्यपाल ने स्थिति से कराया अवगत

शाह को उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की विस्तार से जानकारी दी। सेना और पुलिस की ओर से भी आतंकवादी गतिविधियों के बारे में बताया गया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को शाह और डोभाल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जम्मू कश्मीर की स्थिति की समीक्षा की थी।

### पांच घंटे चली बैठक, एनएसए डोभाल भी रहे मौजूद

दिल्ली के नार्थ ब्लॉक में दो चरणों में करीब पांच घंटे से भी अधिक समय तक चली बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, खुफिया ब्यूरो के निदेशक, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, सेना प्रमुख नामित जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, केन्द्रीय पुलिस बलों के महानिदेशक, जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, जम्मू कश्मीर प्रशासन तथा केन्द्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# ऋषिकेश पहुंचे योगी, मां का जाना हाल

### एम्स में भर्ती हैं मुख्यमंत्री योगी की मां सावित्री देवी

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऋषिकेश एम्स पहुंचकर अपनी मां का हालचाल जाना। इसके बाद उन्होंने रुद्रप्रयाग हादसे में घायल हुए लोगों से मुलाकात की। योगी रविवार की दोपहर को निजी दौरे पर ऋषिकेश एम्स पहुंचे। जहां एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रो. डॉ. मीनू सिंह व अन्य चिकित्सकों ने उनका स्वागत किया। वे अस्पताल में जिरियाट्रिक वार्ड पहुंचे, जहां उनकी मां सावित्री देवी भर्ती हैं। मुख्यमंत्री ने मां से स्वास्थ्य का हालचाल जाना और परिजनों का कुशलक्षेम पूछा। वह लगभग आधा घंटा अपनी मां के साथ रहे। इसके बाद चिकित्सकों से मां के स्वास्थ्य की जानकारी ली। आंखों में दिक्कत होने की वजह से बीती 7 जून से योगी की मां सावित्री देवी जिरियाट्रिक वार्ड में भर्ती हैं। वह रुद्रप्रयाग व पौड़ी सड़क हादसे में घायल हुए लोगों से मिले और हालचाल जाना। हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।



एम्स ऋषिकेश में भर्ती मां का हालचाल जानते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

# खाई में गिरी कार, चार लोगों की मौत

ब्यूरो, देहरादून

- वाहन में सवार थे एक ही परिवार के सात लोग तीन घायल
- 24 घंटे में दूसरा हादसा, शनिवार को रुद्रप्रयाग में हुई थीं 15 मौतें

**अमृत विचार** : उत्तराखंड में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। पिछले 24 घंटे में दो जानलेवा हादसे हो गए हैं। शनिवार को रुद्रप्रयाग में टेंपो ट्रैवलर गिरने से 15 की मौत हुई थी तो रविवार को पौड़ी जनपद के खिर्सू में एक कार खाई में गिरी गई जिसमें दो बच्चों समेत चार की मौत हो गई, तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस व एसडीआरएफ की टीमों ने शवों और घायलों को निकाला। परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था।

पुलिस के मुताबिक एक ही परिवार के साक्षी नेगी (14) पुत्री सुरेश नेगी, निवासी परसुंडाखाल, समीक्षा (15) पुत्री विनोद रावत, निवासी कठूली गांव, सागर उर्फ कान्हा (11) पुत्र अजय निवासी उरेगी, सृष्टि नेगी (18) पुत्री सुरेश नेगी निवासी परसुंडाखाल, वाहन चालक मनवर सिंह निवासी चोपड़ा, आरूषी (13) पुत्री अजय निवासी उरेगी, सौम्या (9) पुत्री गणेश निवासी उरेगी (पौड़ी) सवार थे। पूरा परिवार कठुली से परसुंडाखाल विवाह समारोह में जा रहा था। कार खिर्सू के कठुली गांव के पास ही पहुंची थी कि अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसे में सृष्टि नेगी, वाहन चालक मनवर सिंह, आरूषी व सौम्या की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य लोग बुरी तरह घायल हो गए। घायल साक्षी, समीक्षा व सागर उर्फ कान्हा को बेस अस्पताल श्रीनगर ले जाया गया। जहां से दो को एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया है।



कार के खाई में गिरने के बाद बचाव में लगे राहतकर्मी।

# 1600 किलो की गदा रामलला को समर्पित



- राजस्थान से आए पंच धातु से निर्मित गदा व धनुष को कारसेवकपुरम में रखा गया

अयोध्या कार्यालय

- 1100 किलो का धनुष-बाण भी अर्पित किया गया, 12 जून को राजस्थान से हुआ था रवाना

**अमृत विचार** : अयोध्या में रामलला को एक बार फिर से बड़ा उपहार मिला है। इस बार उन्हें पंच धातु से निर्मित 1600 किलो की गदा और 1100 किलो का धनुष-बाण समर्पित किया गया है। राजस्थान के सुमेरपुर के शिवगंज स्थित श्री सनातन सेवा संस्थान ने गदा और धनुष को बनवाया है।

संस्थान की आचार्य सरस्वती देव कृष्णा गौर और राजस्थान से आए कारीगरों ने रविवार देर शाम रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास को दोनों ही चीजें प्रतीकात्मक रूप से सौंपी। गदा और धनुष को कारसेवकपुरम में रखा गया है। आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि दोनों ही उपहारों को राम जन्मभूमि परिसर में ही उचित स्थान दिया जाएगा, ताकि श्रद्धालू दर्शन कर सकें। गदा और धनुष बाण का पूजन कर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने 12 जून को श्री गोपाल जी मंदिर शिवगंज सिरोही राजस्थान से रवाना किया था।

### अब तक मिल चुके हैं अनेकों उपहार

रामलला के विराजमान होने के बाद देश भर से कीमती उपहार अयोध्या पहुंच रहे हैं। अब तक अलीगढ़ से बड़ा ताला, खड़ाऊं, बांसुरी, तलवार, स्वर्ण मुद्रित रामायण, नगाड़ा, घंटा, शंख समेत दर्जनों सामान रामलला को समर्पित हो चुके हैं।

### 20 कारीगरों ने 75 दिन में बनाया गदा और धनुष

पांच धातुओं से निर्मित गदा का वजन 1600 किलोग्राम है। गदा की लंबाई 26 फीट और चौड़ाई 12 फीट है। 20 कारीगरों ने 75 दिन में गदा को तैयार किया है। वहीं धनुष-बाण का वजन 1100 किलोग्राम है। इसकी लंबाई 33 फीट व ऊंचाई 26 फीट है। इसे भी 20 कारीगरों ने 75 दिन में बनाया है। सुमेरपुर के कारीगर कैलाश सुथार धनुष-बाण और गदा के बारे में बताते हुए कहते हैं कि भगवान श्रीराम का धनुष और भगवान हनुमान की गदा बनाने का काम उनकी फर्म वास्तु आर्ट शिवगंज को मिला था।

**गंभीर समस्या** — अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य को लेकर किए शोध से मिली जानकारी

# अंतरिक्ष यात्रियों की किडनी क्षतिग्रस्त होने का बड़ा खतरा


- मंगल ग्रह से वापसी में पड़ेगी किडनी डायलिसिस की जरूरत

बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार** : अंतरिक्ष में मानव स्वास्थ्य के लिए एक सबसे बड़ा खतरा किडनी का हो सकता है। मंगल ग्रह पर यात्रियों को भेजने को लेकर स्वास्थ्य संबंधी किए गए शोध में यह जानकारी सामने आई है, जिसके अनुसार मंगल ग्रह से वापस लौटते अंतरिक्ष यात्री को किडनी डायलिसिस की जरूरत पड़ेगी।

शोध के अनुसार दीर्घकालिक अंतरिक्ष अन्वेषण कई चुनौतियों के साथ आता है। चिंताजनक बात यह है कि इसका मानव शरीर पर क्या प्रभाव पड़ेगा। हम भारहीन वातावरण में विकसित नहीं हुए हैं, मानव शरीर महीनों तक इधर-उधर तैरने का आदी नहीं हैं और न ही हम विकिरण के बढ़े हुए स्तर का सामना करने में सक्षम हैं। इसकी बड़ी संभावना है कि अंतरिक्ष यात्री के गुर्दे जैसे अंग क्षतिग्रस्त हो जाएंगे, गुर्दे प्रभावित होने के लक्षण दिखाई देने में समय लगता है। शोधकर्ता शुरुआती चरणों में अंग संबंधी समस्याओं का पता लगाने और लंबी अवधि की उड़ानों के दौरान उनकी सुरक्षा करने के तरीके विकसित कर रहे हैं। हम कुछ वर्षों से जानते हैं कि अंतरिक्ष उड़ान स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनती है।

1970 के दशक से हृदय का कमजोर होना, दृष्टि संबंधी समस्याएं और गुर्दे में पथरी का विकास देखा गया है। इस समस्या का मुख्य कारण अंतरिक्ष से विकिरण का बढ़ता जोखिम माना जाता है। यह सिर्फ सूर्य से आने वाला विकिरण नहीं है बल्कि अंतरिक्ष से आने वाला गैलेक्टिक कॉस्मिक विकिरण बड़ी भूमिका निभाता है। यहां पृथ्वी पर चुंबकीय क्षेत्र हमारी और पृथ्वी की निचली कक्षा में रहने वालों की रक्षा करता है। मगर मंगल व चंद्रमा की तुलना में पृथ्वी का वातावरण अलग है, जिस कारण चंद्रमा और अन्य ग्रहों की यात्रा करने वालों के स्वास्थ्य का खतरा बढ़ जाना स्वाभाविक है। अंतरिक्ष यात्रियों और चूहों में यह शोध किया गया, जिसमें 40 से अधिक पृथ्वी कक्षा मिशनों से नमूने एकत्र किए गए थे।



### स्वास्थ्य को लेकर अधिक शोध जरूरी

पहली बार स्वास्थ्य को लेकर यह शोध किया गया है, जिसमें चेताया गया है कि स्वास्थ्य के संबंध में अधिक से अधिक शोध की जरूरी हैं। पहले शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि लंबी अवधि की अंतरिक्ष उड़ान हमारे अंगों को क्षति पहुंचा सकते हैं। नेचर कम्युनिकेशंस ने यह शोध प्रकाशित किया है। इस शोध में 40 से अधिक समूहों के शोधकर्ताओं की टीम ने भागीदारी निभाई है।

# ईडी ने कुर्क कीं तुलसियानी ग्रुप की पांच अचल संपत्तियां

- धन शोधन अधिनियम में कार्रवाई

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ जोनल कार्यालय ने धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत धोखाधड़ी के एक मामले में मेसर्स तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की 3.06 करोड़ रुपये की कीमत की 5 अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से कुर्क किया है। कुर्क की गई संपत्तियां कृषि भूमि एवं प्लॉट के रूप में प्रयागराज में स्थित हैं। ये सभी संपत्तियां मेसर्स तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर पंजीकृत हैं।



**खेल डायरी**

### भारतीय महिला टीम पांचवें और पुरुष छठे स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम चीन के डालियान में रविवार को समाप्त हुई एशियाई टीम स्क्वाश चैंपियनशिप में पांचवें जबकि पुरुष टीम छठे स्थान पर रही। भारतीय महिला टीम ने क्वालीफिकेशन मैच में ईरान को 2-0 से हराकर पांचवां स्थान हासिल किया। भारत के लिए रथिका सुथांथिरा सीलन और पूजा आरती रघु ने जीत दर्ज की। वहीं भारतीय पुरुष टीम को पांचवें स्थान के क्वालिफिकेशन मैच में दक्षिण कोरिया से 1-2 से हार मिली। वेलावन सेंथिलकुमार ने जीत हासिल की। पर सूरज कुमार चंद और ओम सेमवाल को पराजय झेलनी पड़ी।

### दीक्षा संयुक्त तीसरे स्थान पर, प्राणवी और त्वेसा ने बनाई कट में जगह

**रोम।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर लेडीज इटालियन ओपन के दूसरे दौर में इवन पार 72 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर है। लेडीज यूरोपीय टूर पर दो जीत अपने नाम करने वाली दीक्षा ने पहले दौर में 67 का कार्ड खेला था। दूसरे दौर में उन्होंने एक बर्डी और एक बोगी की मदद से 72 का स्कोर किया। दीक्षा का कुल स्कोर पांच अंडर 139 है और वह दो अन्य खिलाड़ियों के साथ तीसरे स्थान पर है। वह इंग्लैंड की एमी टेलर (70-67) से दो और स्विट्जरलैंड की टिफनी अराफी (66-72) से एक शॉट पीछे है। अन्य भारतीयों में प्रणवी उर्स (73-70) संयुक्त रूप से 17वें स्थान जबकि त्वेसा मलिक (73-72) संयुक्त 41वें स्थान के साथ कट में जगह बनाने में सफल रही।

### यूटीटी 2024 से पहले फ्रेंचाइजी ने शरत कमल व मनिका को किया रिटेन

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंता शरत कमल और मनिका बत्रा को रविवार को उनकी फ्रेंचाइजी ने 22 अगस्त से सात सितंबर तक चेन्नई में होने वाली अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के आगामी चरण के लिए रिटेन (बरकरार रखा) किया। शरत कमल इस तरह पिछले चरण की उपविजेता चेन्नई लायंस के लिये खेलना जारी रखेंगे जबकि मनिका बेंगलुरु स्मैशर्स के लिए खेलेंगी। गत चैंपियन गोवा चैलेंजर्स ने हरमीत देसाई को रिटेन किया है जबकि जी साथियान दबंग दिल्ली टीटीसी के साथ बने रहेंगे। यू मुंबा टीटी ने भी युवा खिलाड़ी मानव ठक्कर को एक और सत्र के लिये बरकरार रखा है।

### रंधावा लीजेंड्स टूर मैच के क्वार्टर फाइनल में हारे

**हर्टफोर्डशर (ब्रिटेन)।** भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा लीजेंड्स टूर यूरोप में पॉल लॉरी मैच के क्वार्टर फाइनल में जेम्स किंग्स्टन से हार गए। रंधावा लगातार तीन जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे जबकि एक अन्य भारतीय जीव मिल्खा सिंह दूसरे दौर में हार गए थे। रंधावा ने थॉमस गोगेले, मैल्कम मैकेंजी और कीथ हॉर्न के खिलाफ जीत दर्ज की लेकिन दक्षिण अफ्रीका के किंग्स्टन की चुनौती से पार पाने में विफल रहे।

# सुपर 8 में निखरेगा भारतीय ओपनिंग का प्रदर्शन

## मांजरेकर बोले- रोहित और कोहली बड़े मैच में निर्णायक पारी खेलते हैं तो ग्रुप चरण का प्रदर्शन मायने नहीं रखता



**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि अगर विराट कोहली और रोहित शर्मा टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल या फाइनल जैसे बड़े मैचों में निर्णायक पारी खेलते हैं तो ग्रुप चरण में उनका प्रदर्शन खास मायने नहीं रखेगा। कोहली ने टूर्नामेंट में अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उनमें वह दोहरे अंक में नहीं पहुंच पाए। रोहित ने आयरलैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाया लेकिन पाकिस्तान और अमेरिका के खिलाफ उनका बल्ला नहीं चल पाया।

मांजरेकर ने कहा अगर आपने रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों का चयन किया है, तो आपने अनुभव को प्राथमिकता दी है। आप अपने अनुभवी खिलाड़ियों को विश्व कप में ले जाना चाहते हैं, ताकि वे तब अच्छा प्रदर्शन करें, जब वास्तव में इसकी जरूरत हो। इसलिए मुझे इसको लेकर कोई परेशानी नहीं है कि इनमें से कुछ खिलाड़ी फॉर्म में नहीं हैं। अगर यह खिलाड़ी सेमीफाइनल या फाइनल में निर्णायक पारी खेलकर टीम को विजेता बनाते हैं तो आपके सीनियर खिलाड़ियों से इसी तरह के प्रदर्शन की अपेक्षा की जाती है। मांजरेकर ने कहा अगर आपका कोई युवा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करता है तो वह आपके लिए बोनस है जैसा 1992 के विश्व कप में पाकिस्तान के लिए इंजमाम उल हक ने किया था।

सीनियर खिलाड़ियों को अधिक योगदान देना चाहिए और मुझे लगता है कि यही वजह है कि चयन समिति ने टी-20 विश्व कप के लिए अनुभव को प्राथमिकता दी। शिवम दुबे ने आईपीएल में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में जगह बनाई लेकिन वह विश्व कप में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन मांजरेकर को इस ऑलराउंडर से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। हमें इसके लिए इंतजार करना होगा कि शिवम दुबे ने आईपीएल में जिस तरह से स्पिनरों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था, उसे दोहरा पाते हैं या नहीं।

विश्व कप में स्पिनरों के खिलाफ खेलना आसान नहीं है और देखना होगा की दुबे इन पिचों पर सफल होने के लिए अपने खेल में किस तरह से बदलाव करते हैं। उम्मीद नहीं थी कि पंत को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जाएगा लेकिन आखिर में यह अच्छा फैसला साबित हुआ। उन्होंने कहा टीम प्रबंधन प्रत्येक नंबर पर प्रभावशाली खिलाड़ियों को चाहता है और जहां तक ऋषभ पंत का सवाल है तो मुझे उम्मीद नहीं थी कि उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जाएगा लेकिन आखिर में यह अच्छा फैसला साबित हुआ। पंत ने अपना कौशल दिखाया और वह टूर्नामेंट में भारत की तरफ से अभी तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला बल्लेबाज है।



### पहले मुकाबले में अफगानिस्तान की टीम से भिड़ेंगे भारतीय धुरंधर

**ब्रिजटाउन।** भारत सुपर आठ में अपना पहला मुकाबला 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ बारबाडोस में खेलेगा। इसके बाद 22 जून को भारत का दूसरा मुकाबला नॉर्थ साउंड में सोमवार को बंगलादेश और नीदरलैंड के बीच होने वाले मैच को जीतने वाली टीम से होगा। वहीं इस राउंड के अपने तीसरे और अंतिम मैच में भारत 24 जून को ग्रॉस आइलेट में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। सुपर आठ के लिए दो ग्रुप होंगे। भारत, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान तथा बंगलादेश और नीदरलैंड के बीच होने वाले मैच की विजेता टीम पहले ग्रुप में होगी। यहां भारत का अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मैच होना तय है। भारतीय टीम को अपने ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान से सतर्क रहने होगा। अगर पहले ग्रुप में कोई उलटफेर नहीं होता है भारत का सेमीफाइनल में पहुंचना तय माना जा रहा है। वहीं ग्रुप-2 में दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और अमेरिका की जगह पक्की हो चुकी है। प्रत्येक ग्रुप से दो-दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। पहला सेमीफाइनल 26 जून को त्रिनिदाद में है और दूसरा सेमीफाइनल 27 जून गुयाना में होगा। अगर भारत सेमीफाइनल में पहुंचता है तो वह गुयाना में खेलेगा। टी-20 विश्व कप का फाइनल 29 जून को बारबाडोस के ब्रिजटाउन में खेला जाएगा।

### टेस्ट को बढ़ाने के लिए भारत को निभानी होगी भूमिका : ग्रेव

**ब्रिजटाउन।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉनी ग्रेव ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट खतरे में है और वेस्टइंडीज जैसे छोटे क्षेत्रों में खेल के पांच दिवसीय प्रारूप के अस्तित्व को बचाए रखने के साथ-साथ इसके विकास को सुनिश्चित करने में भारत जैसे देश को नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभानी होगी। सीडब्ल्यूआई से 2017 में जुड़ने वाले ग्रेव ने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद टेस्ट क्रिकेट के प्रति बीसीसीआई की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की, लेकिन कहा कि आईसीसी के स्तर पर तीन बड़े देशों (भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया) के बाहर भी इस प्रारूप को बचाने के लिए अधिक प्रयास करने की जरूरत है। आईसीसी के नौ प्रतिस्पर्धी पूर्ण सदस्यों में से केवल तीन बड़े सदस्य ही 2023-2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में पांच मैचों की शृंखला खेलेंगे। उन्होंने खेल के भविष्य और बीसीसीआई द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका पर अपने मन की बात साझा की। उन्होंने कहा भारत को नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभानी है। ताकत, प्रभाव और संसाधनों के मामले में वे अब नंबर एक बोर्ड हैं।

# ऑस्ट्रेलिया की जीत से सुपर 8 में पहुंचा इंग्लैंड

**ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया), एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड (68) और ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस (59) के अर्धशतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को पांच विकेट से हराकर अपने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड की टी20 विश्व कप के सुपर 8 में जगह पक्की की। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 180 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 19.4 ओवर में 5 विकेट पर 186 रन बनाकर जीत दर्ज की। स्कॉटलैंड ने एक समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 60 रन कर दिया था लेकिन हेड और स्टोइनिस ने चौथे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी करके अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाकर इंग्लैंड के खेमे में राहत पहुंचाई।

ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत से ग्रुप बी में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा। इस मैच में स्कॉटलैंड की हार से इंग्लैंड भी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रहकर सुपर 8 में पहुंच गया। इंग्लैंड ने इससे पहले बारिश से प्रभावित मैच में नामीबिया को हराया था लेकिन ऑस्ट्रेलिया की स्कॉटलैंड पर जीत से ही वह अगले चरण में जगह बना पाता। ऑस्ट्रेलिया ने अपने चारों मैच जीते जबकि इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के समान पांच अंक रहे। इंग्लैंड ने बेहतर रन रेट के आधार पर दूसरा स्थान हासिल किया। बड़े लक्ष्य के सामने ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर (01), कप्तान मार्श (08) और ग्लेन मैक्सवेल (11) के विकेट जल्दी गंवा दिए। स्कॉटलैंड के गेंदबाज हालांकि हेड और स्टोइनिस पर दबाव नहीं बना पाए जिन्होंने 44 गेंद पर 80 रन की साझेदारी की। आखिर में टिम डेविड ने 14 गेंद पर नाबाद 24 रन बनाए और विजयी छक्का लगाया।

**• हेड और स्टोइनिस ने स्कॉटलैंड को दिखाया बाहर का रास्ता**



अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते ट्रैविस हेड। • एजेंसी

इससे पहले स्कॉटलैंड के बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों का डटकर सामना किया। स्कॉटलैंड की पारी का आकर्षण ब्रैंडन मैकमुलेन की 34 गेंद पर खेली गई 60 रन की पारी रही जिसमें उन्होंने दो चौके और छह छक्के लगाए। एस्टन एगर ने पहले ओवर में माइकल जोन्स को दो रन पर आउट कर दिया था, लेकिन मैकमुलेन और जॉर्ज मुनसे ने दूसरे विकेट के लिए 48 गेंदों में 89 रन की साझेदारी करके स्कॉटलैंड को वापसी दिलाई। मैकमुलेन ने अधिक आक्रामक रवैया अपनाया, लेकिन मुनसे ने 23 गेंद पर 35 रन बनाकर अपनी भूमिका बखूबी निभाई। कप्तान बैरिंगटन ने 31 गेंदों में दो छक्कों और एक चौके की मदद से नाबाद 42 रन बनाकर अच्छा योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम पांच ओवर में केवल 42 रन दिए।

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 4 | 3 | 0 | 7 | 1.137 | 1 |
| अमेरिका (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 0.127 | 1 |
| कनाडा (बा) | 4 | 1 | 2 | 3 | -0.493 | 1 |
| पाकिस्तान (बा) | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.191 | 0 |
| आयरलैंड (बा) | 3 | 0 | 2 | 1 | -1.712 | 1 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 2.791 | 0 |
| इंग्लैंड (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 3.611 | 1 |
| स्कॉटलैंड (बा) | 4 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -2.529 | 0 |
| ओमान (बा) | 4 | 0 | 4 | 0 | -3.062 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| अफगानिस्तान (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 4.230 | 0 |
| वेस्टइंडीज (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.596 | 0 |
| न्यूजीलैंड (बा) | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.241 | 0 |
| युगांडा (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -4.510 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी (बा) | 3 | 0 | 3 | 0 | -0.886 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 0.470 | 0 |
| बांग्लादेश | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.478 | 0 |
| नीदरलैंड | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.408 | 0 |
| नेपाल (बा) | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.293 | 1 |
| श्रीलंका (बा) | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.777 | 1 |

## सुपर 8 में जगह बनाने उतरेगी बांग्लादेश टीम

**किंग्सटाउन (सेंट विंसेंट)।** बांग्लादेश अपने कमजोर पक्षों को काबू में रखकर नेपाल के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले टी-20 विश्व कप के ग्रुप डी के मैच में जीत दर्ज करके सुपर आठ में अपनी जगह पक्की करने के लिए मैदान पर उतरेगा। बांग्लादेश के चार अंक हैं और उसका अगले दौर में पहुंचना लगभग तय है लेकिन उसे नेपाल से सतर्क रहने की जरूरत है जिसने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था।

नेपाल की टीम भले ही अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई है और सुपर 8 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुकी है लेकिन जिस तरह से वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक समय उलटफेर करने की स्थिति में पहुंच चुकी थी, उससे उसके खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा होगा। बांग्लादेश अगर इस मैच में बड़े अंतर से हार जाता है और नीदरलैंड की टीम श्रीलंका के खिलाफ बड़ी जीत हासिल करती है तो फिर समीकरण बदल जाएंगे। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 5 बजे शुरू होगा।

# भारतीय टीम ने द. अफ्रीका को 143 रनों से दी शिकस्त



जीत के बाद खुशी मनाती भारतीय महिला टीम। • एजेंसी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

स्मृति मंधाना (117) की शतकीय तथा दीप्ति शर्मा (37) रनों की जुझारू पारियों के बाद सोभना आशा के 21 रन पर चार विकेट सहित अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 143 रनों के बड़े अंतर हराकर तीन मैचों की शृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली है।

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (7) का विकेट गवां दिया। उसके बाद दयालन हेमलता (12), कप्तान हरमनप्रीत कौर (10) जेमिमाह रॉड्रिग्स (17) और ऋचा घोष (3) रन बनाकर पवेलियन लौट गई। 38वें ओवर में अयाबोंगा खाका ने दीप्ति शर्मा (37) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। 47वें ओवर में मासाबाटा क्लास ने स्मृति मंधाना (117) लूस के हाथों कैच आउट कराया। राधा यादव (6) रन बनाकर आउट हुई। पूजा वस्त्रकर (31) और सोभना आशा आठ रन बनाकर नाबाद रही। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 265 रन का स्कोर खड़ा किया। भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 266 रनों का लक्ष्य दिया था।

# अल्बानिया ने बनाया सबसे तेज गोल का रिकॉर्ड

**डॉर्टमंड (जर्मनी), एजेंसी**

अल्बानिया के नेदिम बजरामी ने खेल शुरू होने के बाद 23वें सेकंड में गोल करके यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड बनाया लेकिन यह मौजूदा चैंपियन इटली पर जीत दर्ज करने के लिए पर्याप्त नहीं था जिसने 2-1 से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत की।

बजरामी ने यूरोपीय चैंपियनशिप के 64 साल के इतिहास में सबसे तेज गोल किया लेकिन अल्बानिया इसके बाद इटली पर दबाव नहीं बना पाया जिसने जल्द ही वापसी करके मैच पर अपना नियंत्रण बना दिया और उलटफेर की किसी संभावना को खारिज कर दिया। अल्बानिया के समर्थक अभी अपनी टीम की शुरुआती बढ़त का जश्न मना ही रहे थे कि एलेसेंड्रो बस्तोनी ने इटली की तरफ से बराबरी का गोल दाग दिया। बस्तोनी ने 11वें मिनट में लोरेंजो पेलेग्रिनी के क्रॉस पर हेडर से गोल किया जबकि निकोलो बरेला ने 16वें मिनट में गोल करके इटली को बढ़त दिला दी जो उसने आखिर तक बरकरार रखी। इटली के लिए यह जीत बेहद जरूरी थी क्योंकि ग्रुप बी में उसका सामना आगे तीन बार के चैंपियन स्पेन और 2022 में विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले क्रोएशिया से होगा।



स्पेन ने एक अन्य मैच में शनिवार को क्रोएशिया को 3-0 से हराया। बजरामी के गोल ने हालांकि इटली को हैरत में डाल दिया। यूरोपीय चैंपियनशिप में इससे पहले सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड रूस के दिमित्री किरिचेंको के नाम पर था जिन्होंने 2004 में 67 सेकंड में गोल किया था।

## लवलीना ग्रां प्री मुक्केबाजी में ली कियान से हारी

**नई दिल्ली।** तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन चेक गणराज्य के उस्ती नाद लाबेम में आयोजित ग्रां प्री में महिलाओं के 75 किग्रा में चीन की ली कियान से हार गईं और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी लवलीना को शनिवार देर रात मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन के खिलाफ अपने अंतिम मुकाबले में 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण के साथ दो बार की ओलंपिक पदक विजेता कियान ने पिछले साल एशियाई खेलों के फाइनल में भी लवलीना को शिकस्त दी थी। विश्व मुक्केबाजी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में लवलीना और कियान के अलावा रिफ्यूजी मुक्केबाजी टीम की सिंडी नगांबा और इंग्लैंड की चैंटल रीड ने हिस्सा लिया था। इन चार मुक्केबाजों के बीच राउंड रॉबिन प्रारूप में मुकाबला आयोजित किया। असम की मुक्केबाज ने नगांबा और कियान से हारने से पहले रीड के खिलाफ जीत दर्ज की थी।

# तीरंदाज अंकिता को मिला व्यक्तिगत ओलंपिक कोटा

**अंताल्या, एजेंसी**

भारतीय तीरंदाज अंकिता भकत ने रविवार को यहां फिलीपींस की गैब्रियल मोनिका बिडौर को हराकर अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करते ही अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए महिला वर्ग में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया।

नौवीं वरीय अंकिता ने प्री क्वार्टर फाइनल में 40वीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी गैब्रियल पर 6-0 (26-23, 28-22, 28-23) से जीत हासिल की। भारत ने इस तरह पुरुष और महिला दोनों वर्गों में व्यक्तिगत कोटा हासिल कर लिया है। धीरज बोम्मादेवरा ने इससे पहले एशियाई क्वालीफाइंग चरण से पुरुष व्यक्तिगत कोटा हासिल किया था। इससे पहले अंकिता ने इजराइल की शेली हिल्टन को 6-4 और मिकाएला मोशे को 7-3 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई थी। अब वह क्वार्टरफाइनल में ईरान की शीर्ष वरीय मोबिना फलाह से भिड़ेंगी।

तीसरी वरीय भजन कौर भी पोडियम स्थान हासिल करने की दौड़ में चल रही हैं। उन्होंने मंगोलिया



की उरानटुंगलाग बिशिन्डी को 6-2 से हराया और प्री क्वार्टरफाइनल में स्लावेनिया की उर्सका काविच से भिड़ेंगी। उन्हें राउंड 32 के तीसरे दौर में बाई मिली थी। व्यक्तिगत कोटे शीर्ष आठ देशों को दिये जाते हैं। प्रत्येक देश को एक व्यक्तिगत कोटा मिलता है। इससे पहले भारतीय की शीर्ष महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी को शुरुआती दौर में अजरबेजान की यायागुल रामजानोवा से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। दूसरी वरीय दीपिका को अजरबेजान की तीरंदाज ने 6-4 से मात दी। भारतीय पुरुष और महिला टीम अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर से कोटा हासिल नहीं कर सकी थीं। लेकिन अगर दोनों टीम अपनी विश्व रैंकिंग बरकरार रखती हैं तो वे 24 जून की अंतिम तारीख तक पेरिस ओलंपिक में जगह बना सकती हैं।

# इंग्लैंड ने नामीबिया को 41 रन से हराया

**नॉर्थ साउंड, एजेंसी**

हैरी ब्रूक नाबाद (47) और जॉनी बेयरस्टो (31) रनों विस्फोटक पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने वर्षा प्रभावित टी-20 विश्वकप के 34वें मुकाबले में नामीबिया को (डकवर्थ लुईस पद्धित) से 41 रनों से हरा दिया है। हैरी ब्रूक को उनकी नाबाद 47 रनों की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। बारिश के कारण दस-दस ओवर के किए गए मैच में नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 13 रन पर अपने दो विकेट गवां दिए। कप्तान जॉस बटलर (शून्य) को पहले ही ओवर की दूसरी गेंद पर रुबेन ट्रंपलमन बोल्ड कर दिया। अगले ही ओवर में फिल सॉल्ट भी (11) पर डेविड वीजा का शिकार बन गए। इसके बाद जॉनी बेयरस्टो और हैरी ब्रूक ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने 30 गेंद पर 56 रन की साझेदारी कर टीम को संकट से निकाला। जॉनी वेयरस्टो ने 18 गेंदों में 31 रन बनाए। हैरी ब्रूक नंबर ने 20 गेंदों में नाबाद 47 रन बनाए। इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित मैच में 10 ओवरों में पांच विकेट पर 122 का स्कोर खड़ा किया।

123 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया की माइकल वैन लिंगेन और निकोलस डेविन की सलामी जोड़ी ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 44 रन जोड़े। छठे ओवर में निकोलस डेविन (18) के रिटायर्ड आउट होने के बाद नामीबिया को बड़ा झटका लगा और वह उससे उबर नहीं पायी। माइकल वैन लिंगेन ने 29 गेंदों में 33 रनों की पारी खेली। डेविड वीजा 12 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुए।



जीत के बाद खुशी मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी। • एजेंसी

### डेविड वीजा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**नॉर्थ साउंड।** नामीबिया के मध्यम क्रम के बल्लेबाज डेविड वीजा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 विश्वकप 2024 में नामीबिया के अंतिम मैच के बाद डेविड वीजा ने पत्रकार वार्ता में कहा अगला टी-20 वर्ल्ड कप दो साल बाद होना है और मैं 39 की उम्र का हो गया हूं। इसलिए जहां तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की बात है मुझे नहीं लगता मैं इस स्तर पर अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकता हूं। जाहिर तौर पर मैं कुछ और साल क्रिकेट खेलूंगा और मुझे लगता है कि मेरे अंदर इस खेल में योगदान देने के लिए काफी कुछ शेष है। लेकिन मुझे लगा कि अपने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को विराम देने का यही सही समय है। वीजा ने वर्ष 2021 में टी-20 विश्वकप में नामीबिया के लिए पर्दापण किया था। यह नामीबिया के लिए उनका लगातार तीसरा टी-20 विश्वकप था।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**

तेज धूप और उमस के साथ लू चलने की संभावना।

45.6⁰ अधिकतम तापमान | 35.5⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 06:59

## एक नजर

### लूट का तीन घंटे में खुलासा दो आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस ने लूट की एक घटना का तीन घंटे के अंदर खुलासा कर दिया। दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनसे लूट के रुपये भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, 15 जून को चुनकाई यादव निवासी गढ़ीवा ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ट्रैफिक चौराहे के पास से पर्स से रुपये निकालते समय दो लड़के, जिनकी उम्र लगभग 18 से 19 साल होगी, हाथ से आठ हजार रुपये और बैग छीनकर भाग गए। उसका पुत्र लक्ष्मी उनमें से एक को पहचानता था। बैग में मेरा आधार कार्ड और पासबुक थी। एसआई श्याम देव, अनिल कुमार गुप्ता ने तीन घंटे के अंदर आरोपियों को रेलवे यात्री शेड के पास से पकड़ लिया। इनसे लूट के 8000 रुपये बरामद किए। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में आरक्षी शिवपूजन यादव भी शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटने से किशोर की गई जान

## ट्रैक्टर को चला रहा था नाबालिग, नियंत्रण खोने से हुआ हादसा

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)



हादसे के बाद घटनास्थल पर जुटे लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नाबालिग चालक ने ट्रैक्टर से नियंत्रण खो दिया और वाहन पलट गया। इससे एक 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। पुलिस ट्रैक्टर के मालिक और चालक का पता कर रही है। पहाड़ी थाना प्रभारी रीता सिंह ने बताया कि जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

जानकारी के अनुसार, थाना पहाड़ी के अंतर्गत परसौंजा गांव निवासी प्रिंसू (15) उर्फ छोटू पुत्र मनराखन उर्फ कल्लू आरख गांव के पास तालाब से मिट्टी खोदाई के लिए गया था। उसके साथ गांव के दो अन्य लोग भी थे। बताया जाता है कि ट्राली में मिट्टी लोड करके ये सभी लोग लौट रहे थे। ट्रैक्टर एक नाबालिग चला रहा था। कुछ ही दूर चलाने के बाद वाहन से नाबालिग चालक ने नियंत्रण खो दिया। इससे ट्रैक्टर ट्राली समेत पलट गया। प्रिंसू गिरकर ट्राली के नीचे आ गया और उसकी मौके पर मौत हो गई।

घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की मां कमला देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। प्रिंसू दो भाइयों में छोटा था। पिता मनराखन मेहनत मजदूरी कर परिवार का पेट पालता है। दुर्घटना के बाद से चालक व मालिक फरार हैं। प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह ने कहा कि आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### नाबालिग धड़ल्ले से चलाते हैं वाहन

पूरे जिले में नाबालिग वाहनों को चलाते नजर आ जाएंगे। गांवों में जहां इन नौसिखिए किशोरों को ट्रैक्टरों की स्टेयरिंग थमा दी जाती है, वहीं शहरों में ई-रिक्शा और टेंपो-टैक्सी में भी नाबालिग चालक धड़ल्ले से बेखौफ होकर चला रहे हैं। पुलिस अक्सर अभियान तो चलाती है पर इसका असर नजर नहीं आता।

## आखिरकार फुंक गया ट्रांसफार्मर, घरेलू उपकरण भी जले

**सीतापुर (चित्रकूट)।** चितरा गोकुलपुर का खराब ट्रांसफार्मर आखिरकार रविवार को फुंक गया। इससे भीषण गर्मी में लोगों के सामने बिजली और पानी की दिक्कत खड़ी हो गई। इस संबंध में बिजली विभाग के लोगों से बात नहीं हो सकी।

गांव के लोगों ने बताया कि इस संबंध में कई बार बिजली विभाग के लोगों को जानकारी दी गई थी कि बार बार यह ट्रिप कर रहा है और फ्यूज उड़ रहा है। रविवार को ट्रांसफार्मर में आग लग गई और यह फुंक गया। राकेश, सोनू, विष्णु, विकास, कुशल आदि ने बताया कि दो दिन से वोल्टेज कम आता था। कर्मचारियों को मौखिक रूम से जानकारी दी गई पर सुनवाई नहीं हुई।

शनिवार रात को फ्यूज उड़ गया और कर्मचारी को सूचना दी गई। आरोप लगाया कि इस पर डबल फेस कर दिया गया और इससे घरों में भी उपकरण फुंक गए। रविवार की दोपहर लगभग दो बजे ट्रांसफार्मर में आग की लपटें निकलने लगीं। आसपास के लोगों ने पावर हाउस में फोन कर आपूर्ति बंद कराई। इससे हादसा नहीं हुआ। बिजली विभाग के अवर अभियंता से बात करने की कोशिश की गई पर उन्होंने काल रिसीव नहीं की।



यूरिया की बोरी दिखाता ग्रामीण। अमृत विचार

# खेत में रखी यूरिया खाने से दो गोवंश की गई जान

संवाददाता, बरगढ़ (चित्रकूट)

- पशु चिकित्साधिकारी बोले पोस्टमार्टम कराया जा रहा

**अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में दो गोवंश की मौत हो गई। इसकी जानकारी तीन दिन बाद हुई, जब लोगों ने इनके शव पड़े देखे। पशु चिकित्साधिकारी डा. सुशील कुमार का कहना है कि मामले की जानकारी हुई है। पशुओं का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। ऐसा लगता है कि खेत में रखी यूरिया खाने से दोनों की जान गई है।

जानकारी के मुताबिक, सोमवार को लोगों ने सुचेता कालोनी में आश्रम पद्धति विद्यालय के पीछे दो गोवंशों के शव पड़े देखे तो हड़कंप मच गया। इनकी शिनाख्त मुहल्ले के ही दो बाशिंदों के मवेशियों के रूप में की गई। पड़ताल में सामने आया कि दोनों मवेशी पास के खेत में पानी पीने के लिए गए थे और आशंका जताई गई कि वहीं एक बोरी में रासायनिक उर्वरक (यूरिया) रखी था, जिसे खाने से दोनों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि पशुओं का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। उन्होंने भी आशंका जताई कि यूरिया खाने से ही दोनों मवेशियों की मौत हुई है। बताया कि यही वजह है कि मवेशी ज्यादा दूर नहीं जा पाए। थाना प्रभारी राकेश मौर्य ने कहा कि तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामला दो दिन पहले का बताया जा रहा है।

## सेवानिवृत्त शिक्षक की नहाते समय नदी में डूबने से मौत



राजाराम दुबे।

**राजापुर (चित्रकूट)।** सेवानिवृत्त शिक्षक की यमुना में नहाते समय डूबकर मौत हो गई। तीरमऊ निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक राजाराम दुबे (70) प्रतिदिन की भांति रविवार सुबह लगभग आठ बजे यमुना नदी में स्नान करने गए थे। बताया जाता है कि नहाते समय उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चले गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह, उप निरीक्षक कन्हैयालाल, बीट सिपाही उज्जवल पांडेय ने ग्रामीणों एवं गोताखोरों की मदद से कई घंटों बाद यमुना नदी से शव को बाहर निकाला। बिलखते परिजनों ने बताया कि उन्होंने शादी नहीं की थी और दस वर्ष पहले प्रधानाध्यापक के पद से सेवानिवृत्त होकर अपने भाइयों के परिजनों के साथ जीवन बिता रहे थे। प्रतिदिन यमुना नदी में स्नान करने के बाद शिव मंदिर में घंटों पूजा अर्चना करने की दिनचर्या थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उधर, उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने बताया कि गाइड लाइन के अनुसार परिजनों को आर्थिक सहायता दी जाएगी।

# सिलेंडर में गैस के रिसाव से गुमटी में लगी आग



आग से जल गई गुमटी। अमृत विचार

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** सिलेंडर में गैस लीक होने से एक गुमटी में आग लग गई। इससे दुकानदार का हजारों का सामान राख हो गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार, पहाड़ी थानांतर्गत असोह निवासी अजमेर अली पुत्र गौहर कर्वी-पहाड़ी मार्ग स्थित सिंघानिया तालाब के पास लकड़ी की गुमटी में किराने की दुकान रखे था। वह चाय भी बनाता था। रविवार शाम करीब छह बजे उसने जैसे ही ग्राहकों के लिए चाय बनाने को चूल्हा जलाया तो सिलेंडर से गैस लीक होने से आग लग गई। आग की लपटें बढ़ीं तो हड़कंप मच गया। सिलेंडर फटने की आशंका से अजमेर व दुकान में बैठे ग्राहक दूर भागे। जबतक आग बुझाई जाती, हजारों का नुकसान हो चुका था। दुकानदार ने बताया कि करीब दस हजार रुपये का किराना का सामान, सात हजार नकद, मोबाइल भी गुमटी के साथ जल गया।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

चित्रकूट कार्यालय



रोशनी।

- पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप
- मऊ थाना क्षेत्र के मंडौर की घटना

**अमृत विचार।** मऊ थानांतर्गत मंडौर गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। परिजनों ने ससुरालीजनों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया। इनका यह भी कहना है कि इस संबंध में दो महीने पहले मऊ में शिकायत की थी पर पुलिस ने नहीं सुनी और उनकी बेटी की मौत हो गई। मृतका अपने पीछे पांच महीने का मासूम छोड़ गई है। उधर, इस संबंध में परिजनों ने थाना पुलिस पर भी गैरजिम्मेदाराना अपनाने के आरोप लगाए।

नयागांव (सतना) थानांतर्गत हनुमान धारा निवासी ननकू ने बताया कि उसने अपनी बेटी रोशनी की शादी 22 फरवरी 23 को मंडौर में की थी। आरोप लगाया कि उसका पति, ससुर और सास दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। इसकी जानकारी रोशनी ने कई बार फोन से उसको दी थी। रोशनी की मां सावित्री ने बताया कि इसकी शिकायत जब रोशनी के ससुर से की तो उसका कहना था कि पति-पत्नी में थोड़ा बहुत झगड़ा तो होता ही रहता है और बात टाल दी थी। ननकू का आरोप है कि उसकी बेटी ने कुछ महीने पहले बच्चे को जन्म दिया था। कि इसके बाद दामाद ने उसके शराब पीकर उसकी बेटी के पेट में लात मार दी थी, जिससे उसका पेट फूल गया था। इसकी शिकायत उन लोगों ने 23 मार्च को थाने में की थी पर कुछ नहीं किया। उसने ही बेटी का इलाज कराया था।

जब रोशनी ठीक हो गई तो दामाद फिर साथ ले गया। ननकू और सावित्री का आरोप है कि कुछ दिन बाद उसका फोन आया कि रोशनी की मौत हो गई है। ननकू का कहना है कि उसकी बेटी के शरीर पर काले निशान थे। उसे आशंका है कि या तो उसे करंट लगाकर मार डाला गया या फिर जहर दिया गया हो। आरोप लगाया कि इस संबंध में जब वे लोग मऊ थाने तहरीर लेकर गए तो वहां रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। उधर, इस संबंध में मऊ थाना प्रभारी अजीत पांडेय का जवाब भी गैरजिम्मेदाराना था। उनका कहना था कि रोशनी का बेटा आपरेशन से हुआ था। इसके बाद शायद इलाज में चूक रही हो या कोई और कारण रहा हो, पेट में सूजन होने लगी। ससुरालवालों ने एसआरएम में भर्ती कराया। अस्पताल वालों ने हफ्ते-दस दिन बाद फिर बुलाया था। जब उनसे पूछा गया कि जब पहले परिजनों ने शिकायत की थी तो आपने कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। इस पर भड़के एसओ ने तेज आवाज में बात शुरू कर दी और यह कहकर कि आपकी सोच दूषित है, रखिये फोन और फोन काट दिया। यहां यह बताना समीचीन होगा कि मऊ थाना प्रभारी पर पहले भी मामलों की रिपोर्ट दर्ज न करने के आरोप लगते रहे हैं।

## सार-संक्षेप



नए कानून की जानकारी देते अधिवक्ता। अमृत विचार

### पुलिसकर्मियों को बताए नए कानून

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में रविवार को पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में नए कानून की जानकारी देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विधि विशेषज्ञों, अभियोजन अधिकारियों, शासकीय अधिवक्ताओं ने निरीक्षकों, उप निरीक्षकों और अन्य पुलिसकर्मियों को एक जुलाई से लागू होने वाले कानूनों की जानकारी दी। इस मौके पर सीओ राजकमल, प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन दिनेश त्रिपाठी, जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) श्यामसुंदर मिश्रा, विधि विशेषज्ञ प्रो. एमपी तिवारी, शिवशंकर सिंह, डा. पूर्णेंदू मिश्रा, अभियोजन अधिकारी शशिकांत, बृजमोहन, सहायक अभियोजन अधिकारी पियूष कुमार सिंह, सिद्धार्थ सिंह आदि मौजूद रहे।

### निही बीट से दो वाहनों पर लदी लकड़ी बरामद

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** वन विभाग ने दो वाहनों पर लदी लकड़ी बरामद की है। इस संबंध में दो लोगों पर वन अधिनियम की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। बताया जाता है कि जिला फॉरेस्ट अधिकारी एनके सिंह ने जांच के आदेश दे दिए हैं।



**भक्तों का सैलाब...**

**आस्था :** सीतापुर में गंगा दशहरा पर रविवार को तीर्थक्षेत्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हालांकि गर्मी का प्रभाव भी नजर आया। भोर में स्नानार्थियों की भीड़ जुटने लगी थी। आस्थावानों ने मंदाकिनी में स्नान कर महाराजाधिराज मत्यगजेंद्रनाथ का जलाभिषेक किया और कामदगिरि की परिक्रमा लगाई। सुबह नौ बजे के बाद परिक्रमा पथ पर तपते पत्थरों पर नंगे पांव परिक्रमा लगाने में इनको भारी दिक्कत हुई पर आस्था नहीं डिगी। मान्यता है कि इस दिन देवी गंगा शिवजी की जटाओं से धरती पर आईं थीं। इससे इस दिन को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान से पापों से मुक्ति मिल जाती है।

## दर्शनार्थी की मौत शिनाख्त नहीं

**सीतापुर (चित्रकूट)।** तीर्थक्षेत्र दर्शन करने को आई एक वृद्धा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस शिनाख्त कराने में जुटी थी। शुरुआती पड़ताल में पता चला है कि वह बांदा जिले के अतर्रा थानांतर्गत नगनेधी की रहने वाली है।

### एससी-एसटी एक्ट का वारंटी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** प्रभारी निरीक्षक सरधुआ व अपराध निरीक्षक अंजनी कुमार सिंह की टीम ने एससी एसटी एक्ट के आरोपी शिवबली पुत्र नंथु यादव निवासी गडौली को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में एसआई शिवम कनौजिया शामिल रहे।

# दो लोगों की मौत, परिजनों ने लू से जान जाने की जताई आशंका

संवाददाता, राजापुर/बरगढ़ (चित्रकूट)

- अचानक तबीयत बिगड़ी और टूट गईं सांसें

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी और लू से लोगों की जान पर बनी है। दो लोगों की अचानक तबीयत बिगड़ी और जब तक इनको अस्पताल ले जाया जाता, सांसें थम गईं। परिजनों ने लू से मौत की आशंका जताई है।

राजापुर थानांतर्गत रगौली निवासी भईयन (26) पुत्र छत्रपाल निषाद अपने मामा के अंतिम संस्कार में शामिल होने पत्नी सीमा के साथ साइकिल से रविवार को रायपुर जा रहा था। परिजनों के अनुसार सुबह 10 बजे उसकी राजापुर के पास वह गश खाकर वहीं गिर पड़ा। सीएचसी में उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उसके तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। पत्नी सीमा और मां का रो रोकर बुरा हाल रहा। एसओ मनोज सिंह ने बताया कि शव को जिला चिकित्सालय भेज दिया गया है। उधर, बरगढ़ निवासी माली बाबा (55) रविवार की दोपहर पशुओं के लिए पानी लेने गए थे। वहां उनकी तबीयत बिगड़ गई और कुछ देर बाद मौत हो गई।



योगेश उपाध्याय को श्रद्धांजलि देते ब्राह्मण एकता परिषद के पदाधिकारी। अमृत विचार

# योगेश उपाध्याय हत्याकांड से आक्रोश, निकाला कैंडल मार्च

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- ब्राह्मण समाज ने श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन
- आरोपियों की गिरफ्तारी, परिजनों को आर्थिक मदद की मांग

**अमृत विचार।** रविवार की शाम जिला मुख्यालय स्थित अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के कार्यालय में संगठन की हाथरस इकाई के जिलाध्यक्ष योगेश उपाध्याय को श्रद्धांजलि दी गई। ब्राह्मण समाज के लोगों ने ट्रैफिक चौराहे से कैंडल मार्च निकाला और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

जिलाध्यक्ष शिवशंकर त्रिपाठी ने शासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि लगातार हो रही इन घटनाओं को देखते हुए अनेक सोशल मीडिया माध्यमों में उत्तर प्रदेश को ब्राह्मण हत्या प्रदेश कहा जा रहा है, जो सभ्य समाज एवं सरकार के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुल्तानपुर, देवरिया, श्रावस्ती से लेकर वर्तमान में हाथरस जनपद के योगेश उपाध्याय की हत्या इसी की एक कड़ी है। महामंत्री शिवप्रकाश पांडेय ने कहा कि ब्राह्मण समाज का कार्य कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास के साथ ही युगों युगों से सनातन धर्म एवं संस्कृति को संजोये रखना है। इसके कारण वह विदेशी आक्रांताओं के निशाने पर रहा ही पर आज भी ब्राह्मणों को विदेशी एवं देश से निकाले जाने तक की धमकियां आम होना और किसी भी जिम्मेदार राजनेता द्वारा इसका प्रतिकार न किया जाना अपराधियों एवं समाज विरोधियों के हौसले बुलंद करता है। व्यापारी ब्रजेश त्रिपाठी ने कहा कि योगेश उपाध्याय ब्राह्मण एकता परिषद के सम्मानित जिलाध्यक्ष थे। उनकी हत्या कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। परिषद के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनुज हनुमत ने शासन से मांग की कि हाथरस केस में त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधियों की गिरफ्तारी, परिवार एवं गवाहों को सुरक्षा के साथ परिजनों को समुचित आर्थिक मदद दी जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की कि अपराधियों के घरों पर बुलडोजर चलाया जाए और जिस तरह निर्मम हत्या की गई है उसी तरह अपराधियों का इनकाउंटर किया जाए। इस मौके पर बारातीलाल पांडेय, हेमराज गर्ग, गणेश मिश्र, सुधीर मिश्र, विजय त्रिपाठी, अरुण मिश्र, चुन्नीलाल, अभिषेक पांडेय, रवि करवरिया, रामनरेश पांडेय, अशोक मिश्र, अनिल अनिवार्य, बबलू पांडेय, प्रशांत त्रिपाठी, अखिलेश पांडेय प्रधान आदि मौजूद रहे।

**चिंता का विषय** — अटलनगर में नल बने ठूंठ, पानी की जगह निकलती हवा, जिम्मेदारों की अनदेखी से गहराई समस्या

# मऊ में चरमराई जलापूर्ति, पेयजल के लिए मचा हाहाकार

अभिनव राज त्रिपाठी, मऊ (चित्रकूट)



रात में आया टैंकर तो लोगों को मिला पानी। अमृत विचार



नलों का यह है हाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला प्रशासन द्वारा गर्मी में गांव-कस्बों में नियमित पेयजलापूर्ति के निर्देश हवाहवाई साबित हो रहे हैं। जिम्मेदारों पर इनका असर नहीं दिखता। गांवों की कौन कहे, मुख्यालयों में भी यही हाल है। नगर पंचायत मऊ के कुछ मोहल्लों में जल संस्थान की जलापूर्ति सेवा भी ठप जैसी है। सबसे खराब हालत अटलनगर की है।

अटलनगर के बाशिंदे बताते हैं कि कई दिनों से पानी नहीं मिल रहा। बूंद-बूंद पानी को तरसना पड़ रहा है। हैंडपंप और कुंये या तो जवाब दे चुके हैं या जवाब देने की कगार पर पहुंच चुके हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि जल संस्थान के कर्मचारियों का व्यवहार जनता से सही नहीं है। यहां के निवासी कहते हैं कि जल संस्थान के क्लर्क का फोन रात 8:30 बजे के बाद बंद हो जाता है और सुबह आठ बजे के बाद चालू होता है। जो कर्मचारी वहां जलापूर्ति चालू करते हैं, फोन करने पर जवाब आता है कि पानी चालू है और एक बूंद भी नहीं आती है। जब क्लर्क से बात करो तो कहते हैं कि लाइट नहीं थी और टंकी लोड नहीं थी।

ऐसे बहाना बनाकर पल्ला झाड़ लिया जाता है। लोगों ने कहा कि जल संस्थान के जिम्मेदारों की घोर लापरवाही से लोग परेशान हो चुके हैं। राजा मिश्रा ने बताया कि पानी न आने के कारण शनिवार देर रात नगर पंचायत मऊ के टैंकर से जलापूर्ति की गई तब जाकर कहीं लोगों के घरों में दैनिक कार्य किए जा सके। ऐसी स्थिति में पानी की समस्या दिन ब दिन विकराल रूप लेती चली जा रही है लेकिन समस्या का समाधान करने में मऊ जल संस्थान पूरी तरह से विफल है।

### कर्मचारियों की कमी: राजवीर

इस संबंध में जब जल संस्थान मऊ के राजवीर सिंह से बात हुई तो उनका कहना था कि कर्मचारियों की कमी है, जिससे दिक्कतें हो रही हैं। पाइपलाइन में एकाध जगह चोक होने की जानकारी मिली है। इसे ठीक कराने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही जलापूर्ति सुचारू कर दी जाएगी। लोगों के सारे आरोप बेबुनियाद हैं।

## क्या बोले लोग

### जल संस्थान की लापरवाही : हरिशरण



अटलनगर निवासी आरएसएस के वरिष्ठ कार्यकर्ता हरिशरण द्विवेदी उर्फ भाईसाहब ने जल संस्थान के जिम्मेदारों पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया। कहा कि लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। बूंद बूंद के लिए मशक्कत करनी पड़ती है।

### ठीक से जवाब तक नहीं देते कर्मचारी : अंकित




अटल नगर के युवा क्रिकेट खिलाड़ी अंकित त्यौंथा कहते हैं कि जल संस्थान के कर्मचारी ठीक से जवाब तक नहीं देते। पानी की किल्लत के संबध में कई बार शिकायत की जा चुकी है लेकिन समाधान नहीं हुआ। लोग पानी के लिए काफी परेशान हैं।

### पानी के लिए रात भर जागना पड़ता है : सौरभ



मोहल्ले के युवा सौरभ भार्गव ने भी जल संस्थान के प्रति नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पानी के लिए रात भर जागना पड़ता है। इसके बाद भी कभी पानी मिला तो कभी नहीं मिला। नहाने के लिए यमुना नदी ही एकमात्र सहारा है।

### 10 दिन से पाइपलाइन चोक : कैलाश



कैलाश द्विवेदी ने भी कर्मचारियों पर अनदेखी का आरोप लगाया। कहा कि समस्याओं का समाधान करने की कोशिश तक नहीं की जाती। दस दिन से पानी की पाइपलाइन चोक है, जिसे अभी तक सही नहीं किया जा सका है।

# गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने किया स्नान

## केन, यमुना नदी के घाटों पर महिलाओं-पुरुषों ने लगाई डुबकी, अन्न का दान भी किया

कार्यालय संवाददाता, बांदा



केन नदी में स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

- पूजा-अर्चना कर सुख और समृद्धि का आशीर्वाद मांग
- गंगा स्नान से मानसिक शांति के साथ कष्ट भी होते दूर

**अमृत विचार।** गंगा दशहरा का पर्व जिले में पूरी श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने जनपद के विभिन्न कस्बों और गांवों में होकर गुजरने वाली जीवनदायिनी केन और यमुना नदी के घाटों पर स्नान किया। नदियों में डुबकी लगाकर लोगों ने पूजा अर्चना की और आरती उतार कर सुख समृद्धि का वरदान मांगा।

राजा भागीरथ की कठिन तपस्या के बाद ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी को पवित्र गंगा नदी धरती पर अवतरित हुई थी, इस दिन को हिंदू धर्म के अनुसार गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गंगा दशहरा के पर्व का विशेष महत्व बताया जाता है। वैसे तो गंगा नदी जनपद मुख्यालय से काफी दूर फतेहपुर, कानपुर, प्रयागराज आदि जनपदों से होकर गुजरती है।

ऐसे में जो लोग कानपुर, फतेहपुर या प्रयागराज नहीं पहुंच पाए वह रविवार को जिले के विभिन्न कस्बों और गांवों से गुजरने वाली यमुना और केन नदियों के घाटों में पहुंच गए और डुबकी लगाकर मां गंगा से सुख समृद्धि का वरदान मांगा। शहर से गुजरने वाली जीवनदायिनी केन नदी के राजघाट, नावघाट आदि में महिला-पुरुषों की खासी भीड़ उमड़ी। ऐसे ही चिल्ला कस्बे में केन और यमुना के संगम स्थल पर भी श्रद्धालुओं ने श्रद्धा की डुबकी लगाई। भीषण गर्मी से बचाव के लिए केन नदी में बड़े बुजुर्गों के साथ ही बच्चों ने भी स्नान किया और जमकर मस्ती की। ज्योतिष और कर्मकांड के विद्वान पं.आनंद शास्त्री बताते हैं कि वैसे तो गंगा दशहरा में मां गंगा के दर्शन, पूजन और स्नान का ही महत्व है, लेकिन गंगा मैया तक न पहुंच पाने वाले श्रद्धालु अपने आसपास की नदियों में भी स्नान करके मां गंगा तक अपना भक्ति भाव पहुंचा सकते हैं।

बताया कि गंगा दशहरा में गंगा स्नान से मानसिक शांति के साथ जीवन के कष्ट भी दूर होते हैं। बता दें कि केन और यमुना नदी का चिल्ला घाट में संगम होने के बाद दोनों नदियों का जल प्रयागराज में गंगा नदी में मिल जाता है।

# अब बिजली चोरों पर कसेगा शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- बीते तीन दिनों में दर्जनभर बिजली चोरों पर एफआईआर कई को दी चेतावनी
- अधीक्षण अभियंता ने प्रवर्तन दल समेत विद्युत कर्मियों को दिए दिशा-निर्देश

**अमृत विचार।** जिले में बिजली चोरी रोकने के लिये विद्युत विभाग अब सघन चेकिंग अभियान चलाने जा रहा है। हालांकि इसकी शुरुआत भी कर दी गई है और बीते तीन दिनों की चेकिंग में दर्जनभर बिजली चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, जबकि कई अन्य लोगों को चेतावनी देकर छोड़ा गया है।

दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता रजनेश गुप्ता ने विद्युत प्रवर्तन दल समेत प्रभारी निरीक्षक बिजलेंस की बैठक की और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अब तक चलाए गए चेकिंग अभियान की समीक्षा में स्पष्ट किया गया कि 12 जून से 15 जून तक कुल दो दर्जन उपभोक्ताओं की चेकिंग की गई, जिसमें 12 के खिलाफ विद्युत चोरी की एफआईआर दर्ज कराई गई है। अधीक्षण अभियंता ने प्रवर्तन दल के प्रभारी अवर अभियंता बिजलेंस कांता प्रसाद को चेकिंग रिपोर्ट समय से पोर्टल पर अपलोड करने की सख्त हिदायत दी।




विद्युत प्रवर्तन दल की बैठक करते अधीक्षण अभियंता। अमृत विचार

कहा कि पोर्टल पर चेकिंग रिपोर्ट अपलोड करने में देरी गंभीर अनियमितता की श्रेणी में आता है। ऐसी लापरवाही कतई बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लाइन लॉस और ओवरलोड वाले फीडरों को चिह्नित करने और सुबह-शाम ज्यादा से ज्यादा छापामारी करने की हिदायत दी। विद्युत चोरी पकड़े जाने पर 24 घंटे के अंदर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर विद्युत परीक्षण खंड के अधिशाषी अभियंता प्रभुनाथ प्रसाद, प्रभारी निरीक्षक प्रवर्तन विजय कुमार, जसवंत कुमार समेत तमाम विद्युत कर्मी मौजूद रहे।

# जिले में लू की चपेट में आने से दो की मौत

कार्यालय संवाददाता, बांदा



**अमृत विचार।** जिले में हीटवेव कहर ढा रही है। यहां लू की चपेट में आने से 2 लोगों की मौत हो गई।

बबेरू कस्बा निवासी गया प्रसाद उर्फ बया प्रजापति (75) पुत्र वृंदा शनिवार को खेत जा रहा था। तभी लू लगने से उसकी हालत बिगड़ गई। घरवालो ने उसे नजदीक स्थित अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र रविकुमार ने बताया कि उसका पिता किसानी करता था। लू लगने से उसकी मौत हो गई।

**नरैनी प्रतिनिधि** के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के पनगरा गांव में लालाराम (40) पुत्र काशी प्रसाद पूजा पाठ का काम करता था। शनिवार की दोपहर बाद गांव के एक प्राइवेट चिकित्सक से इलाज कराने खुद गया था। चिकित्सक से पीने के लिए पानी मांगा, लेकिन जब तक चिकित्सक अंदर से पानी लेकर लौटा तब तक वह बगैर इलाज कराए वापस घर की ओर निकल आया। अपने घर से कुछ दूर पहले ही बेहोश होकर गिर गया था। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने उठा कर घर पहुंचाया, लेकिन कुछ ही देर में इसकी मृत्यु हो गई। लोगों का कहना है कि लू की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है। घटना की जानकारी मिलने पर बिरादरी के लोग मौके पर पहुंचे और अंतिम संस्कार किया है।

# आल्हा फाइटर्स छह विकेट से जीता

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** अभिषेक निषाद की आतिशी पारी की बदौलत वीर आल्हा फाइटर्स ने महराजा खेत सिंह राइडर्स टीम पर छह विकेट से शानदार जीत दर्ज की। आयोजकों ने उन्हें मैन आफ दी मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मैच देखने को ग्राउंड में दर्शकों की भीड़ जुटी।

राजकीय इंटर कालेज ग्राउंड में रविवार को बुंदेलखंड योद्धा संडे सुपर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन हुआ। मैच का शुभारंभ रेलवे व सिंचाई विभाग अधिकारियों व वरिष्ठ खिलाड़ियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए महाराजा खेत सिंह राइडर्स ने विदित त्रिपाठी की 55 रनों की बदौलत निर्धारित 15 ओवर में 7 विकेट खोकर 99 रनों का स्कोर खड़ा किया। वीर आल्हा फाइटर्स के गेंदबाज पोलार्ड ने दो, धोनी, अभिषेक व विनय ने एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए वीर आल्हा फाइटर्स ने अभिषेक निषाद के 26 गेंदों पर 41 और विनय 16 रनों के बदौलत 13.1 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य पा लिया। वीर आल्हा फाइटर्स ने छह विकेट से मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। महराजा खेत सिंह राइडर्स के बालर अभय शुक्ला ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। मैन आफ दी मैच अभिषेक निषाद बने। अंपायर दुर्गेश भदौरिया एवं दीपक श्रीवास्तव, स्कोरर बब्लू रहे। इस दौरान कमेटी सदस्य अनिल मिश्रा, मोती सिंह, प्रद्युम्न सिंह, जीतेंद्र शुक्ला, दीपक श्रीवास्तव, सुनील कुमार, विनोद, सुप्रीत सोम त्रिवेदी एवं रवि धुरिया आदि उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि क्रिकेट टूर्नामेंट में बुंदेलखण्ड के महान योद्धा वीर आल्हा, वीर ऊदल, महाराजा छत्रसाल, महाराजा खेत सिंह एवं लाला हरदौल के नाम पर टीमों का निर्धारण किया गया है।



पुरस्कार के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

- अभिषेक निषाद बने मैन ऑफ द मैच

# अग्निपीड़ितों को नहीं मिली सहायता

**कमासिन।** विकासखंड के अंतर्गत लखनपुर ग्राम पंचायत के मजरा जगऊ टोला में एक सप्ताह पहले अग्निकांड में खाक हुए चार मकानों के पीड़ितों को आज तक सरकारी मदद के नाम पर फूटी कौड़ी भी नहीं मिली। अग्निपीड़ित परिवार भीषण गर्मी में खुले आसमान तले बगीचे में रहने को मजबूर है।

एक सप्ताह पहले जगऊटोला में खाना बनाते समय सिलेंडर में अचानक लगी आग की चपेट में आकर तीन भाइयों महेंद्र सुरेंद्र व बिक्रम के मकान खाक हो गए थे। अग्नि काण्ड में करीब 15से20 लाख रुपये नुकसान का अनुमान लगाया गया था। एक सप्ताह बाद भी पीड़ित परिवार को अभी तक कोई सरकारी सहायता नहीं मिली। पीड़ित परिवारों ने बीडीओ ओमप्रकाश मिश्रा को प्रार्थना पत्र देकर आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है। ग्राम प्रधान रामनरेश शुक्ला ने भी पीड़ित परिवारों को प्रशासन से अहैतुक सहायता दिए जाने की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### ट्रेन में संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**बांदा।** बिहार के खरसान निवासी विश्वासी (28) पुत्र रामा माझी बड़ोदरा गुजरात मे रहता था। वह ट्रेन में बैठकर गांव जा रहा था। शनिवार की शाम उसकी ट्रेन में हालत खराब हो गई। छोटे भाई रामजानी ने उसे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई रामजानी ने बताया कि विश्वासी के दाहिने हाथ के कंधे के नीचे चोट लग गई थी। वह उसे लेकर गांव जा रहा था। तभी ट्रेन में उसकी हालत बिगड़ गई। जिससे उसकी मौत हो गई।

### दो ने जहर खाया, किशोर ने फांसी लगाई

**बांदा।** गिरवां थाना के महुआ गांव निवासी अनूपा (50) पत्नी रामकृपाल ने शनिवार की रात घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को पता चला। अतर्रा थाना क्षेत्र के पिंडखर गांव निवासी दीपक (19) पुत्र कृष्णा ने किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उधर, मर्का थाना क्षेत्र के इगुवा गांव निवासी 17 वर्षीय प्रदीप पुत्र रामकरन ने शनिवार की रात पिता की डाट से नाराज होकर कमरे के अंदर घुस गया। उसने अगौछा से बल्ली पर फांसी लगा लिया। काफी देर बाद जब वह कमरे से बाहर नही निकला तो मौके पर पहुंचे घरवालो ने देखा तो वह फंदे पर लटक रहा था। फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### रामनाथ को केंद्रीय मंत्री बनाने पर जताई खुशी

**बांदा।** नंदवंशी सविता महासभा के नेतृत्व में सविता सेन समाज के लोगों ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के पुत्र रामनाथ ठाकुर को केंद्रीय मंत्री मंडल में शामिल किए जाने पर खुशी जताई है। सविता सेन समाज के मंडल प्रभारी दीपक सेन, जिला प्रभारी शिवम सविता व जिलाध्यक्ष सुनील सेन ने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के पुत्र रामनाथ ठाकुर को केंद्रीय मंत्रीमंडल में शामिल करके प्रधानमंत्री तथा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समाज को गौरांवित किया है। उन्होंने इन दोनों ही नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस मौके पर संतोष सेन, विकास सविता, नगर अध्यक्ष जोगेंद्र सविता, शिवा सेन, शिवकरन सविता, सुरेश सविता एवं नाई रामलीला समिति के अध्यक्ष ज्ञानी प्रसाद सविता, रामशरण, छत्रपाल सविता, बहोरी सविता थे।


# श्रीमद्भागवत कथा है मोक्षदायिनी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- शिव पार्वती विवाह की कथा सुन झूम उठे श्रद्धालु

**अमृत विचार।** जीवन को सफल बनाने के लिए परमात्मा का स्मरण अवश्य करना चाहिए। श्रीमद् भागवत कथा अत्यंत पुण्यकारी व मोक्षदायी है, इसके श्रवण मात्र से ही मानव के जन्मो के पाप कट जाते हैं।

शहर के रोडवेज बस स्टैंड के निकट वरिष्ठ बाल्य रोग विशेषज्ञ डा.नरेंद्र गुप्ता के आवास पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथाव्यास उमाकांत त्रिवेदी ने कपित अवतार, ध्रुव चरित्र एवं सृष्टि की रचना की कथा का श्रोता भक्तों को रसपान कराते हुए कहा कि मानव का जीवन बार-बार नहीं मिलता है, इसलिए कलयुग में भगवान का स्मरण करने से ही व्यक्ति का कल्याण संभव है। इसलिए परमात्मा की भक्ति में अधिक से अधिक समय देना चाहिए। उन्होंने बताया कि भगवान विष्णु ने अपना पांचवा अवतार कपिल मुनि के रूप में लिया। इस कथा के साथ ही उन्होंने ध्रुव चरित्र की कथा का रसपान कराया और कहा कि परमात्मा के प्रति दृढ विश्वास हो तो मानव को प्रभु का सानिध्य निश्चित है। कथाव्यास त्रिवेदी ने इसी क्रम में शिव पार्वती विवाह के मनोरम कथा का श्रोताभक्तों को रसपान कराया। उन्होंने बताया कि जीव के बिना शरीर निरर्थक होता है। ऐसे ही संस्कारों के बिना जीवन का कोई मूल्य नहीं होता है। भक्ति में दिखावा नहीं होना चाहिए। इस कथा स्थल पर भगवान शिव और माता पार्वती के पात्रों का विवाह कराया गया। भूतों की टोली के साथ भगवान भोलेनाथ की बारात आई और भक्तों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। शिव पार्वती की अनुपम झांकी सजाई और विवाह की रस्में परंपरागत ढंग से संपन्न हुई। महिलाओं ने मंगल गीत गाए और महाआरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। श्रीमद्भागवत कथा 21 जून तक आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर रमा गुप्ता, राजाभइया गुप्ता, इंदिरा गुप्ता, नपा अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू, राजकुमार राज, मनोज जैन, डॉ. अशोक गुप्ता, हरिभजन गुप्ता, महेश गुप्ता, नवीन प्रकाशग गुप्ता, संजय गुप्ता, जयेंद्र, अंजलि, पुष्पलता आदि मौजूद रहे।



कथा वाचक पं. उमाकांत त्रिवेदी।

# ससुराल में युवती ने फांसी लगा जान दी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** मर्का थाना क्षेत्र के मऊ गांव के मजरा कुरेहा पुरवा निवासी अल्पना (23) पत्नी शिवबहादुर शनिवार की दोपहर घर में अकेली थी। सूना मौका देख उसने कमरे के अंदर बास की बल्ली पर साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

मृतका के ससुर रामस्वरूप ने बताया कि शिवबहादुर दिल्ली में रहता है। शनिवार को सभी लोग अपने अपने कमरे थे। उसकी जेठानी राजकुमारी बास काटने खेत चली गई थी। चित्रकूट जिले के भदौरा गांव निवासी मृतका के भाई संजय ने बताया कि अल्पना की शादी चार साल पहले हुई थी। आरोप लगाया कि ससुराली जन उसका उत्पीड़न करते है। इसी के चलते अल्पना ने फांसी लगा कर खुदकुशी की है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद वह रिपोर्ट दर्ज कराएगा।

### बाइक की टक्कर से घायल अधेड़ की मौत

**बांदा।** शहर के पीली कोठी निवासी 50 वर्षीय शमीम अहमद पेट्रोल पंप की चैकीदारी करता था। वही पर रहता था। एक पखवारा पहले बाइक की टक्कर से वह घायल हो गया था। उसका जिला अस्पताल में इलाज कराया गया। हालत मे कुछ सुधार हो गया। शनिवार की रात अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। आप पास के लोगो ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की दो बेटी है। परिजनो ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

# शिविर में सिखाई गई योग की विधाएं

संवाददाता, अतर्रा

**अमृत विचार।** संत विवेकानंद विद्या मंदिर में रामनेवाज सेवा धाम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा एक सप्ताह तक चलने वाले योग योग शिविर में विभिन्न आसनों व योग की क्रियाओं की जानकारी दी गई। शिविर में योग प्रशिक्षक पंडित आजाद पंकज गौतम लोगों को सरल तरीके से योग की विधाएं सिखा रहे हैं।

संत विवेकानंद विद्यामंदिर में चल रहे योग शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। ट्रस्ट के ट्रस्टी अनिल मिश्रा ने अपने उद्घाटन भाषण में योग के महत्व और इसकी प्राचीन भारतीय परंपराओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'योग एक प्राचीन विज्ञान है जो हमारे शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करता है'। इस शिविर का उद्देश्य समाज में योग के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को स्वस्थ जीवन शैली की ओर बढ़ाना है। पंडित आजाद पंकज गौतम ने प्रतिभागियों को सरल आसनों और प्राणायाम की विभिन्न विधियों से परिचित कराया। प्रतिभागियों ने इस शिविर के पहले दिन का अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक शांति का अनुभव हो रहा है। शिविर में विभिन्न आयु वर्ग के लोग शामिल हुए, जिन्होंने योगाभ्यास के प्रति अपनी रुचि और उत्साह को प्रकट किया है।इस दौरान हिमांशु मिश्रा, दीपेश गुप्ता, राजवीर, हिमांशु, प्रभांशु, अनूप लवकुश, अनन्या, कीर्ति, वेदिका मयंक, वेद, शेवता, श्लोक, राहुल,शुभम, आरती, दीपिका, शिवम, विवेक, हर्ष गुप्ता, प्रांशु साहू, पियूष द्विवेदी, संदीप चतुर्वेदी, ऋषभ पांडे, राज गुप्ता, शिखर चौरीहा, आदित्य, रीना, डॉ हरिश्चंद्र ,आशीष जी, हेम सिंह सहित आधा सैकड़ा लोग मौजूद रहे।



शिविर में योग करते बुजुर्ग और बच्चे। अमृत विचार

# कल न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे अधिवक्ता

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- एक जुलाई से लागू होने वाले तीन कानूनों का करेंगे विरोध

**अमृत विचार।** जिला अधिवक्ता संघ की बार भवन के सभागार में बैठक आयोजित की गई जिसमें आगामी एक जुलाई से लागू किए जाने वाले तीन नए कानूनों को वकील विरोधी, जन विरोधी, न्याय विरोधी तथा न्यायविद विरोधी करार देते हुए इसे तुगलकी फरमान बताया और इसके विरोध में 18 जून को न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है।

सभा की अध्यक्षता करते हुए जिला बार अध्यक्ष अशोक दीक्षित ने कहा कि बार संघ ने इन नए कानूनों के विरूद्ध मंगलवार को न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है और डीएम को विरोध के साथ ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। जिसमें केंद्र व प्रदेश सरकार को कानून लागू न करने का आग्रह किया जाएगा। साथ ही यह भी कहा जाएगा कि इन कानूनों की धाराओं, अध्यायों में किए गए उलट फेर को पूर्ववत रखते हुए नवीन जोड़े गए प्रावधानों को पुर्नविचार किए जाने का आग्रह करेंगे। दूसरे दिन से क्रमिक अनशन कर इसका विरोध किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन महासचिव रामप्रकाश शिवहरे ने किया। बैठक को रामस्वरूप सिंह, अवधेश गुप्ता, जागेश्वर यादव, अशोक त्रिपाठी जीतू, राजेश दुबे, उमाशंकर शर्मा, ओमप्रकाश सिंह उर्फ मुन्ना बाबू, एजाज खान, सभी पूर्व अध्यक्षों समेत राघवेंद्र सिंह, भूपत यादव, कालका गुप्ता एवं साधना द्विवेदी ने अपने विचार व्यक्त किए और आंदोलन को चलाए जाने का आगाज किया।

फादर्स डे | नगर पालिका ईओ और जेडीयू महिला प्रदेश अध्यक्ष ने बुजुर्गों को बांटे फल-मिष्ठान

# वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ काटा केक

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- पिता का सम्मान करने और उन्हें प्यार देने की नसीहत दी
- बुजुर्गों की छलक उठीं आंखें दिये ढेरों आशीर्वाद

**अमृत विचार।** वैसे सनातन संस्कृति में प्रत्येक दिन माता-पिता को समर्पित होता है और उन्हें ईश्वर का दर्जा दिया जाता है। लेकिन पाश्चात्य सभ्यता की छाप के बीच अब हर छोटे-बड़े शहर व कस्बों में मदर्स-डे और फादर्स-डे जैसे आयोजन होने लगे हैं। ऐसे में जनता दल यूनाईटेड महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल और नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी नीलम चौधरी ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों के बीच केक काटा और उन्हें फल व मिष्ठान वितरित कर फादर्स डे की शुभकामनाएं दी। इस दौरान बुजुर्गों की आंखें छलक आईं और उन्होंने सभी को ढेरों आशीर्वाद दिए।



बुजुर्गों को फल-मिष्ठान देतीं ईओ नीलम चौधरी व जेडीयू नेत्री शालिनी सिंह पटेल।

शहर के नरैनी रोड स्थित वृद्धाश्रम में आयोजित फादर्स डे कार्यक्रम के दौरान जेडीयू महिला प्रदेश अध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल ने बताया कि जून के तीसरे रविवार को मनाया जाने वाला फादर्स डे या पितृ दिवस अमेरिकन संस्कृति का हिस्सा है। यहां से अब यह दिवस समूचे विश्व में मनाया जाने लगा है। बताया कि वृद्धाश्रम में रहने वाले बुजुर्गों को उनकी ही संतानों ने अपने घर से बाहर निकाला है, जिससे उनके बीच यह दिवस मनाने का महत्व स्वतः ही बढ़ जाता है। बताया पिता के जीवन संघर्ष से ही पुत्र का भविष्य संवरता है। नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी नीलम चौधरी ने एक पुत्र के लिए पिता को भविष्य निधि बताया। कहा कि पिता का संघर्ष पुत्र के जीवन में खुशियां लाने में सहायक होता है।

उन्होंने पिता का सम्मान करने और उन्हें प्यार देने की नसीहत दी। फादर्स डे के अवसर पर वृद्धाश्रम के संवासी बुजुर्गों के बीच जब शालिनी और नीलम पहुंची तो वे भी भावविभोर हो उठे। नम आंखों से बुजुर्गों ने दोनों को खूब आशीर्वाद दिया। बुजुर्गों के साथ केक काट कर फादर्स डे मनाया गया, वहीं उन्हें फल, मिष्ठान के साथ दैनिक उपयोग की सामग्री उपलब्ध कराई। इस मौके पर उमाकांत शुक्ला, राकेश कुमार, महेश गोस्वामी, आदित्य गोस्वामी, दिनेश सिंह समेत तमाम समाजसेवी शामिल रहे।

# रंगारंग कार्यक्रम से दिया स्वच्छता का संदेश

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 की टीम ने बिसंडा ब्लाक में सहयोगी संस्था जानकी प्रसाद मेमोरियल रिसर्च एंड एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा ओडीएफ की स्थिति बनाए रखने के लिए जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कलाकारों ने अपनी कला के माध्यम से लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

बिसंडा ब्लाक में ओडीएफ की स्थिति बनाए रखने के उद्देश्य से कला मंच के द्वारा आए कलाकारों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से शौचालय के प्रयोग, पानी के रख रखाव के बारे में लोगों को जागरुक किया। इसी क्रम में पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक के माध्यम से ग्रे वाटर, ब्लैक वाटर व सीवेज के प्रबंधन के लिए समितियों के कार्य एवं दायित्व के बारे में जानकारी दी गई। संस्था के प्रशिक्षकों ने बताया कि देश में प्रत्येक वर्ष लगभग 6 से 7 लाख बच्चे डायरिया से, 60 हजार बच्चे हुकवर्म से, 65 हजार बच्चे राउंडवर्म से काल के गाल में समा जाते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडीओ आईएसबी धर्मपाल यादव ने बताया कि ओडीएफ की स्थिति बनाए रखने के लिए सरकार हर स्तर पर प्रयत्नशील है। संस्था के सहायक जिला परियोजना समन्वयक चंद्रभूषण गोस्वामी द्वारा बताया गया कि चार गतिविधियों नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता मेला, पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक, आईईसी सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को पेयजल एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर ललित मौर्य वरिष्ठ सहायक, कुलदीप तिवारी कनिष्ठ सहायक, प्रदीप द्विवेदी, पंकज कुमार, अलीम राजा, प्रमोद कुमार, रामदास कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

# झाड़-झंकाड़ से पटीं नहरें, टेल तक नहीं पहुंच रहा पानी

## नहरों की मरम्मत के लिए सिंचाई विभाग को हर साल भेजी जाती है भारी भरकम धनराशि, अधिकारी धन का करते हैं बंदरबांट

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** नहर की साफ सफाई के लिए बजट दिये जाने के बाद भी सिंचाई विभाग द्वारा सफाई न कराए जाने से नहरों में झाड़ झंकाड़ लगा हुआ है। इतना ही नहीं कई स्थानों पर नहरें टूटी पड़ी हैं, बावजूद इसके विभागीय अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे बारिश का पानी बर्बाद होने के आसार बढ़ गए हैं। वहीं सिंचाई के लिए नहरों के जरिए जाने वाला पानी खेतों के टेल तक झाड़ झंकाड़ और नहरों की मरम्मत न होने के कारण नही पहुंच पाता है।

गौरतलब है कि हर साल नहरों की मरम्मत और झाड़ झंकार हटाने के लिए सिंचाई विभाग को धनराशि आवंटित की जाती है, जिससे विभाग गर्मी के दिनों में सूखी पड़ी नहरों की साफ सफाई करके उन्हें चमाचम कर सके और सिंचाई के समय नहरों में छोड़े जाने वाला पानी सीधा टेल तक पहुंच सके, लेकिन विभागीय अधिकारियों की मनमानी के चलते कभी कभार ही नहरों की सफाई कराई जाती है। समय से नहरों की सफाई न होने के कारण फसल के लिए नहरों में छोड़ा जाने वाले पानी का समय से लाभ नहीं मिल पाता है। नहरों के कटाव के चलते टेल तक पानी पहुंचने की हर साल समस्या बनी रहती है।

जिले भर में अर्जुन बांध, उर्मिल बांध, मौदहा बांध, लहचूरा बांध, रैपुरा बांध के अलावा मदन सागर, कीरत सागर, विजय सागर सहित कई सरोवरों से नहरें निकली हुई हैं। जिले में नहरों का जाल बिछा होने के बाद भी किसानों को खेतों में सिंचाई के लिए समय पर पानी नहीं मिल पाता है।



सफाई न होने से झाड़ –झंकाड़ से पटी पड़ी नहर। अमृत विचार

> शासन ने अब जिले में सिंचाई के पर्याप्त साधन मुहैया करा दिए हैं, जिससे किसानों की आय दोगुनी हो सके। अब किसानों की जिम्मेदारी है कि वह समय से खेतों में पानी लगाकर पलेवा करें। नहरों में पानी छोड़े जाने के समय सिंचाई करके अच्छा उत्पादन बढ़ाएं, इससे किसानों को लाभ मिलेगा।
>
> **संजय कुमार, अधीशाषी अभियंता सिंचाई प्रखण्ड, महोबा**

### सींच के नाम पर की जाती है वूसली

सिंचाई विभाग द्वारा सींच के नाम पर हर साल किसानों से पैसे की वसूली की जाती है, लेकिन सुविधाओं के नाम पर किसानों को कुछ नहीं मिलता है, यहां तक कि समय से नहरों की सफाई न कराने से टेल तक पानी न पहुंचने के कारण अधिकांश किसानों को सिंचाई सुविधा का लाभ न मिलने के कारण हर साल सींच की अदायगी करनी पड़ती है।

### समय से नहीं कराई जाती नहरों की सफाई

गर्मी के दिनों में नहरों की सफाई कराए जाने के शासन द्वारा आदेश पारित किए जाते हैं, लेकिन सिंचाई विभाग के अधिकारी आदेशों का कोई पालन नहीं करते हैं। यहां तक कि कई नहरों की कागजों में सफाई दर्शा कर पैसा ठिकाने लगा दिया जाता है और नहरो की कभी भी सफाई नहीं कराई जाती है। कुछ नहरों की सफाई कराने के नाम पर खानापूरी की जाती है।

# नाला निर्माण के लिए किया भूमि पूजन

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** नगर में जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा बिलवई रोड में नये नाला के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। जिससे नाले का निर्माण कराकर जल निकासी की समस्या से लोगों को निजात दिलाई जा सके।

नगर पालिका परिषद महोबा द्वारा नगर में जल निकासी व्यवस्था को बनाये रखने के लिए अठारह नालों का निर्माण कराया जा रहा है ।

इसी श्रृखंला में नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. सन्तोष चौरसिया द्वारा बिलवई रोड में जल निकासी की समस्या को देखते हुए नाला निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन के चेयरमैन ने कार्यदायी संस्था को जल्द से जल्द नाला निर्माण का कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि जनपद मुख्यालय में आबादी का सीमा विस्तार होने के कारण आम जनमानस की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए एवं नगर में जल निकासी की समस्या के निदान के लिए समूचे नगर में नालों का निर्माण कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि कुछ नालों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है शेष नालों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हर हालत में नगर का विकास कराया जाएगा। भूमि पूजन के समय पालिका कर्मचारी, सभासदगण एवं ठेकेदार उपस्थित रहे।



नाला निर्माण से पूर्व भूमि पूजन करते चेयरमैन। अमृत विचार

- **कार्यदायी संस्था को गुणवत्तापूर्ण तरीके से नाला निर्माण के दिए दिशा- निर्देश**

# आसमान से बरसी आग, 6 की मौत

**महोबा।** भीषण गर्मी और आसमान से बरस रही आग के चलते रविवार को तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। वहीं बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं की चपेट में आने से छह लोगों की मौत हो गई।

बुंदेलखंड पठारी क्षेत्र होने के कारण यहां पर पहाड़ों की तपन से गर्मी का असर बढ़ जाता है यही वजह है कि जिले में तापमान 45 डिग्री के पार पहुंच गया है लोग गर्मी से बुरी तरह झुलस रहे है। जिला अस्पताल में आज कल गर्मी और लू से पीड़ित मरीजों की भारी भीड़ जुट रही है। शनिवार को कोतवाली चरखारी के ग्राम बमरारा निवासी दयाराम 70 को लू लग जाने के कारण जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पर उनकी मौत हो गई। इसी तरह गांधीनगर निवासी रैकवार लू लगने पर जिला अस्पताल पहुंचे थे उन्हें डॉक्टर ने भर्ती कर लिया बाद में उनकी मौत हो गई। थाना खारेला के ग्राम कुंआ निवासी जानकी 40 ,रतौली पुरवा निवासी हरि 35, रूपरानी की भी लू की चपेट में आने से मौत हो गई वहीं कुलपहाड़ निवासी विनोद 36 की भी लू लगने से मौत हो गई।

# बिजली विभाग में भ्रष्टाचार के खिलाफ हलधर किसान यूनियन ने खोला मोर्चा

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** जिले के बिजली विभाग के अभियंताओं द्वारा की जा रही अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के विरोध में भारतीय हलधर किसान यूनियन ने बिजली विभाग के महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन बिजली विभाग महोबा के अधीक्षण अभियंता को सौंपा। साथ ही भ्रष्टाचार बंद न होने पर आंदोलन की धमकी भी दी।

भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष जनक सिंह परिहार के नेतृत्व में किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने अधीक्षण अभियंता को सौंपे ज्ञापन में बताया कि जिले में भ्रष्टाचार चरम पर है कनेक्शन लेने के नाम पर कई कई बार ऑनलाइन आवेदन करने के बाद भी उपभोक्ताओं द्वारा पैसा न दिए जाने पर कनेक्शन नहीं होता है। लोग कनेक्शन के लिए सहायक अभियंता से लेकर अधिशासी अभियंता तक से शिकायत करते हैं लेकिन इसकेबाद भी कनेक्शन नहीं मिल पाता है।

ज्ञापन में बताया कि कबरई और पनवाड़ी के सहायक अभियंता भ्रष्टाचार में लिप्त है बनवारी के सहायक अभियंता द्वारा संविदा पर कर्मचारियों को रखे जाने के नाम पर खुलेआम पैसा मांगा जा रहा है, जिसका ऑडियो भी वायरल हुआ इसके बाद भी बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई इसी तरह गांधीनगर के अवर अभियंता द्वारा कनेक्शन करने के नाम पर पैसों की मांग की जा रही है हैं। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लगा तो यूनियन आंदोलन करेगी।



अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन देते यूनियन के पदाधिकारी। अमृत विचार

- **बिजली विभाग के महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन अधीक्षण अभियंता को सौंपा**

# दवा खाने पर बिगड़ी किशोरी की हालत, मौत

**महोबा।** कस्बा श्रीनगर के किशोरगंज मे एक किशोरी की मेडिकल स्टोर से दवा लेकर खाने पर उसकी मौत हो गई। इस पर परिजनों ने संचालक के खिलाफ तहरीर दे दी है।

ग्राम श्रीनगर निवासी विनोद ने थाना श्रीनगर में स्थित तहसील में बताया कि उसकी साली अपनी बहन के साथ रहकर पढ़ाई करती थी 12 जून को उसे बुखार आने पर उसने कस्बे के एक मेडिकल स्टोर से दवा ले ली। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। किशोरी के जीजा ने आरोप लगाया कि मेडिकल स्टोर संचालक में उसे बोतल भी चढ़ाई और इंजेक्शन भी लगाये थे। उसकी हालत बिगड़ती चली गई। परिजनों उसे जिला अस्पताल छतरपुर ले गये। लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। परिजन किशोरी को मेडिकल कॉलेज झांसी ले गए,जहां पर उसकी मौत हो गई।

# चालकों पर नहीं पड़ रहा जागरूकता बोर्ड का असर

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात व्यवस्था में सुधार करने की गरज से पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर शहर के मुख्य व राज्य मार्गों में मोड़ों के साथ साथ चौराहों, तिराहों को चिह्नित कर जागरूकता बोर्ड लगाए गए थे। साथ ही भारी वाहनों के सुबह से देर शाम तक प्रवेश पर रोक लगाने के लिए नोएंट्री बोर्ड लगाए गए थे और शहर के अंदर सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक भारी वाहन के प्रवेश पर रोक लगाए जाने के बाद भी धड़ल्ले से वाहन शहर के अंदर प्रवेश करते हैं। इतना ही नहीं रोडवेज महोबा में प्राइवेट बसों को लगाया गया है, लेकिन बस चालक ड्यूटी करने के बाद शाम को उक्त बसों को रोडवेज परिसर में खड़ा न करके सड़क किनारे खड़ा कर घर चले जाते हैं, जिससे आसपास के दुकानदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

गौरतलब है कि शहर में नोएंट्री बोर्ड लगे होने के बाद भी ईंट, बालू, गिट्टी व अन्य ट्रांसपोर्ट माल से लदे ट्रक शहर के अंदर प्रवेश करते रहते हैं, जिसके चलते यातायात व्यवस्था प्रभावित होने के साथ साथ जाम की समस्या भी पैदा हो जाती है, वहीं महोबा से बांदा, कानपुर रोड, राठ रोड, चरखारी रोड की अंधी मोड़ों पर वाहन चालक वाहन धीमा न करके तेज गति से निकालते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एसपी के निर्देश पर मार्गों की मोड़ पर जागरूकता बोर्ड लगाए गए थे, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आ सके, लेकिन इन यातायात बोर्डों का वाहन चालाकों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है और धड़ल्ले से तेज गति से वाहन चलाये जा रहे हैं।

इसी तरह शहर के अंदर मनमाने तरीके से सामान लदे बड़े वाहन प्रवेश कर सड़क किनारे वाहन लगाकर माल उतारते थे, वहीं दूसरा अन्य बड़ा वाहन आने पर जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती थी, जिसका खामियाजा शहर वासियों को भुगतना पड़ता है। इतना ही नहीं महोबा रोडवेज में लगाई गई प्राइवेट बसें भी आल्हा चौक, तहसील चौराहा और हवेली दरवाजा रोड पर चलते हुए कभी भी देखी जा सकती हैं। रोडवेज परिसर में जगह कम होने के कारण बस चालक बस को लेकर आते हैं और तहसील के समीप शुक्रवारी बाजार के पास रोड किनारे ही अपना अड्डा बनाकर शाम से ही बस को रात भर खड़ा कर घर चले जाते हैं, जिससे वहां के दुकानदारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।






नो एंट्री में जाता ट्रैक्टर व सड़क पर लगाया गया नोएंट्री और जागरूकता बोर्ड । अमृत विचार

- **रोडवेज बस चालक शहर में सड़क किनारे बस खड़ी करके चले जाते हैं घर**

# 19 तक लू व भीषण गर्मी से नहीं मिलेगी निजात

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** गर्म हवा एवं लू से बचाव के लिए अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश ने एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि मौसम विज्ञान विभाग और मौसम केंद्र द्वारा 17 जून से 19 जून तक जनपद में लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। मौसम संबंधी पूर्वानुमान को देखते हुये जनसाधारण को जागरूकता एवं बचाव के तरीके बताए हैं। इसके असर को कम करने के लिए और लू से होने वाली मौत की रोकथाम के लिए सावधानियां बरतें।

उन्होंने बताया कि कड़ी धूप में बाहर न निकलें , खासकर दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक के बीच में जितनी बार हो सके पानी पीयें , प्यास न लगे तो भी पानी पीयें । हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें । धूप से बचने के लिए गमछा , टोपी , छाता , धूप का चश्मा , जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें । सफर में अपने साथ पानी रखें । शराब , चाय , कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तेमाल न करें , यह शरीर को निर्जलित कर सकते हैं अगर आपका काम बाहर का है तो टोपी , गमछा या छाते का इस्तेमाल जरूर करें।

गीले कपड़े को अपने चेहरे सिर और गर्दन पर रखें । अगर आपकी तबीयत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें । घर में बना पेय पदार्थ जैसे कि लस्सी , नमक चीनी का घोल , नींबू पानी छाछ , आम का पना इत्यादि का सेवन करें । जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने दें । अपने घर को ठंडा रखें , पर्दे शटर आदि का इस्तेमाल करे रात में खिड़कियां खुली रखें । ठंडे पानी से बार - बार नहाएं ।

क्या करें : क्या न करें : धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोड़ें, खाना बनाते समय कमरे के दरवाजे की खिड़की एवं दरवाजे खुले रखें। जिससे हवा का आना जाना बना रहे । नशीले पदार्थ , शराब तथा अल्कोहल के सेवन से बचें। उच्च प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें। बासी भोजन न करें ।

खिड़की को रिफ्लेक्टर जैसे एल्युमीनियम पन्नी, गत्ते इत्यादि से ढक कर रखें, ताकि बाहर की गर्मी को अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों व दरवाजों पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएं आती हैं , काले पर्दे लगाकर रखना चाहिए । जहाँ तक संभव हो घर में ही रहें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहाँ तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें । संतुलित भोजन करें , हल्का व सूती कपड़े पहने, घर से बाहर निकलने पर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढक कर रखें और ज्यादा जरूरत पर ही घर से निकलें।

- **गर्म हवाओं और तेज धूप से बचने के बताए तरीके**








कथा सुनातीं कथावाचक साक्षी और कथा सुनते भक्त। अमृत विचार

# जीने की कला सिखाती है रामचरित मानस

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** अजनर मरई माता धाम में पर चल रहे शिव शक्ति महायज्ञ के दूसरे दिन कथावाचक साक्षी ने लोगों को रामचरित मानस कथा का रसपान कराया।

उन्होंने कहा कि लोगों को जीवन कैसे जीना है, समाजिक कर्तव्यों को कैसे निभाना है वह रामचरित मानस से सीखें। घर में सुख शांति लाना चाहते हो तो। रामचरित मानस पढ़ें, और उसके उद्देश्यों को धारण करें। शास्त्रों से जुड़ने और अनुसरण करने से संस्कार मिलते हैं। हमें राम चरित मानस पढ़ना चाहिए। इससे मन को शांति मिलती है। राम चरित मानस पढ़ने वाला हमेशा सही रास्ते पर चलता है। वह दूसरों को भी सही रास्ते पर चलने की प्रेरणा देता है। रामचरित मानस सुनने के लिए लोगों की भारी भीड़ जुट रही है। इस मौके पर कथा यजमान प्रीती प्रदीप पांचाल महायज्ञ के मुख्य यजमान सीमा उपेन्द्र द्विवेदी संयोजक बबलू ,सुरेश पाठक प्रबंधक अरबिन्द,अनिल आदि मौजूद रहे।

- **घर में सुख शांति लाने के लिए रामचरित मानस पढ़ना जरूरी**

# ईद-उल अजहा आज, तैयारियां पूरी

**महोबा।** जिले मे ईदुल अजहा की तैयारियां पूरी कर ली गई है। ईदगाह सहित सभी मस्जिदों में बकरीद की नमाज निर्धारित वक्त के मुताबिक पढ़ाई जाएगी। मस्जिदों में साफ सफाई और रंग रोगन कर तैयार कर लिया गया है।

17 जून को बकरीद का त्योहार मनाया जाएगा।त्योहार को लेकर इलाकों मे चहल पहल बढ़ गई है। मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज की तैयारी में अभी से जुट गए हैं। मस्जिदों के आसपास पानी का इंतजाम कर लिया गया। जिससे लोगों को वजू बनाने में दिक्कत न हो। वही शासन ओर प्रशासन ने भी अपनी गाइड लाइन जारी कर दी है कि कही भी कुर्बानी खुले में न दी जाये।

**ईद-उल अजहा आज** | हाफिज रजा ने बताया कि कुर्बानी के जानवर को तीन हिस्सों में काटा जाता है

# हजरत इब्राहिम दे रहे थे अपने बेटे की कुर्बानी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए ईद-उल अजहा (बकरीद) त्योहार बहुत खास माना जाता है। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक यह साल का आखिरी महीना होता है और इस दफा अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार 17 जून को बकरीद का त्यौहार मनाया जाना है।

अल्लाह के बंदे बकरीद के दिन ज्यादातर बकरों की कुर्बानी कराते हैं। बकरीद के दिन नमाज के बाद कुर्बानी का सिलसिला शुरू होता है, जो दोपहर तक चलता रहता हैं। अलाह ने पैगम्बर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम से अपने सबसे चहेते और सबसे अजीज की कुर्बानी मांगी, जिस पर हजरत इब्राहिम ने अल्लाह का हुक्म मानते हुए अपने इकलौते बेटे इस्माइल की कुर्बानी देने का फैसला लिया और इसी के चलतें ईद-उल अजहा त्यौहार मनाया जाता है।

हाफिज राहत रजा बताते हैं कि अल्लाह पाक ने हजरात इब्राहिम अलैहिस सलाम से एक बड़े इम्तेहान लिए जिसमें वह कामयाब रहे। सबसे बड़ा इम्तेहान 80 साल की उम्र में पैदा हुए बेटे हजरत इस्माइल अलैहिस सलाम के बारह साल के होने पर देना पड़ा। उम्र के अंतिम पड़ाव में हुए बेटे की पैदाइस से हजरत इब्राहिम से बहुत प्यार करते थे। मगर अल्लाह ताला ने उस प्यारे बेटे को अल्लाह की राह में कुर्बानी देने का हुक्म दे दिया। पैगम्बर हजरत इब्राहिम अलैहिस सलाम अल्लाह पर सबसे ज्यादा एहतमात करते थे और अल्लाह पर भरोसा दिखाते हुए अपने बेटे इस्माइल की कुर्बानी देने का फैसला लिया। जैसे ही उन्होंने अपने बेटे को जिवा करने के लिए छुरी चलानी चाही तो बेटे ने कहा कि अब्बू जान छुरी चलने से पहले आंख में पट्टी बांध लें ताकि छुरी चालते समय हाथ न कांपे। तब हजरते इब्राहिम अलैहिस सलाम ने आंख में पट्टी बांध ली और अपने बेटे को जिबा करने के लिए छुरी चलाई, तभी अल्लाह के हुक्म से उनके बेटे की जगह जन्नती दुंबा (भेड़) लेट गया और उस भेड़ को इब्राहिम ने बेटा समझकर अल्लाह के हुक्म से कुर्बान कर दिया और अल्लाह के इस इम्हितान में हजरत इब्राहिम पास हो गए। तबसे बकरीद के दिन इसलिए बकरे, भेड़ व अन्य जायज जानवर की कुर्बानी दी जाती है।

हाफिज रजा ने बताया कि कुर्बानी के जानवर को तीन हिस्सों में काटा जाता है., पहला भाग मिस्किनों, गरीबों में को दिया जाता है, दूसरा हिस्सा दोस्तों और रिश्तेदारों तथा बचा हुआ तीसरा हिस्सा कुर्बानी कराने वाले का परिवार खाता है। उन्होंने कुर्बानी का महत्व बताते हुए कहा कि हजरत इब्राहीम से जो असल कुर्बानी मांगी गई थी वह उनकी खुद की थी, यानी कि खुद को भूल कर अपने एशो आराम को भुलाकर लोगों की मदद करो और हर जायज काम को करने में जुट जाओ । कहा कि हजरत इब्राहिम ने अपने बेटे इस्माइल और अपनी बीबी हाजरा को मक्का भेज दिया, लेकिन मक्का में उस समय रेगिस्तान के सिवा कुछ नहीं था। इस तरह एक रेगिस्तान में बसना उनकी और उनके पूरे परिवार की कुर्बानी थी।



हाफिज राहत रजा।

- **नमाज के बाद दी जाती है बकरों की कुर्बानी**

# लोगों को सिखाया योग और बताया महत्व




योगाभ्यास कराते योग गुरु। अमृत विचार

**योग सप्ताह**

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** वेदनिधि फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह मनाया गया । प्रसिद्ध योग प्रशिक्षक सचिन गुप्ता ने लोगों को योगाभ्यास कराते हुए योग के गुर सिखाए। उन्होंने कहा कि नियमित योग करके मनुष्य लम्बे समय तक निरोगी जीवन जीकर दीर्घायु प्राप्त कर सकता है। 21 जून 2024 को दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा । योग आध्यात्मिक , शारीरिक और मानसिक प्रथाओं का समूह है जिसकी उत्पत्ति हमारे देश में हुई थी । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष अलग अलग थीम पर मनाया जाता है, इस वर्ष योग दिवस की थीम महिला सशक्तिकरण के लिए योग है । इस योग थीम के माध्यम से महिलाओं के जीवन पर शारीरिक , मानसिक , भावनात्मक एवं सामाजिक माध्यमों से उनके सशक्तिकरण पर जोर देना है।

प्रशिक्षक गुप्ता ने अंतर्राष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल के तहत सूक्ष्म क्रियाएं ताड़ासन , मकरासन , वृक्षासन , त्रिकोणासन , भुजंगासन, शलभासन , उत्तानपाद , आसान अनुलोम विलोम,प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम , ध्यान आदि का अभ्यास कराया । वेदनिधि फाउंडेशन की अध्यक्ष जाग्रति गुप्ता ने बताया कि हमारा उद्देश्य लोगों को योग और ध्यान के माध्यम से स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है।

इस अवसर पर वेदनिधि फाउंडेशन के प्रशान्त गुप्ता ने सभी योगाभ्यास करने वाले आगंतुक जनो से अपील की, कि सभी लोग 21 जून को अपने पास हो रहे कार्यक्रमों में भागीदारी करें एवं सभी को स्वस्थ रखने में योग की महती भूमिका से अवगत कराएं। कार्यक्रम में अतुल त्रिवेदी ने कहा कि योग भारत भूमि का विश्व को दिया गया अद्वितीय उपहार है , हम सभी को इस परंपरा को आगे पीढ़ी में बढ़ाना चाहिए।

उन्होंने आये हुए सभी आगंतुक का आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर प्रशांत गुप्ता, रामचंद्र पाठक, अतुल त्रिवेदी, अरुण कुमार, वेदनिधि फाउंडेशन में कौशल विकास प्रशिक्षण ले रही छात्राएं एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

- **वेदनिधि फाउंडेशन के तत्वावधान में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह**

# कस्बे की 23 मस्जिदों में होगी बकरीद की नमाज, सभी तैयारियां पूरी

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** अति संवेदनशील माने जाने वाले कस्बे में जिले से लेकर मंडल व प्रदेश स्तर के अधिकारियों की विशेष नजर रहती है। शांति समिति की बैठकों के अलावा जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के रूट मार्च कर जनमानस को शांति और सद्भावना का संदेश देते। अफवाह फैलाने वालों व गड़बड़ी पैदा करने वालों को कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी जा रही है। 50 हजार से अधिक की आबादी वाले इस कस्बे में बड़ी ईदगाह में ठीक 7 बजे ईदुल अजहा बकरीद की नमाज अदा की जाएगी। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है।



कस्बे में रूट मार्च करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

बड़ी ईदगाह के मुतवल्ली हाजी जावेद अप्पू भाई ने बताया कि ईद की नमाज ठीक 7:00 बजे होगी। वहीं कस्बे के मदरसा यादगार मोहम्मदी के मुफ्ती सलमान साहब व यहीं के नसीम आलम साहब ने बताया कि बकरीद की नमाज कस्बे में 23 मस्जिदों होगी। ईद की नमाज सुबह 5:45 से जारी होगी जो 7:30 तक जारी रहेगी। बड़ी ईदगाह मैं 7:00 बजे, हुसैनगंज खानका मस्जिद में 5:45 बजे, मोदी शहीद बाबा मस्जिद में 7:30 बजे, गरीब शाह मस्जिद में 6:45 बजे, चौधराना मस्जिद में 6:30 बजे, रहमानिया मस्जिद में 7:00 बजे, औलिया मस्जिद टिकरा वाली में भी 7:00 बजे ईद की नमाज होगी। रागौल की दावंती शाह मस्जिद में 7:00 बजे, निजामी मस्जिद उपरौस में 7:15 बजे, दाता बहार शाह बाबा मस्जिद में 7:00 बजे तो फाजिल मियां की बड़ी मस्जिद में 7:00 बजे ईद की नमाज होगी।

मदीना मस्जिद बड़े चौराहे में 7:15 बजे, मलीकुआ चौराहा मस्जिद में 7:15 बजे, निजामी जामा मस्जिद छिमौली रोड 6:00 बजे, साजन तालाब स्थित मस्जिद में 6:45 बजे, कमरहा की कायम कुआ मस्जिद में 6:45 बजे, रहमानिया रोड 7:15 बजे, ब्लॉक के पीछे मस्जिद में 7:10 बजे, हक्की बाबा मस्जिद में 7:00 बजे ईद की नमाज होगी। नमाज के बाद ही कुर्बानियों का सिलसिला शुरू हो जाएगा। जिसके प्रबंध पूरे कर लिए गए। इस त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। जिलाधिकारी राहुल पांडे व पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने नगर का रूट मार्च किया। उपजिलाधिकारी राजेश चंद्रा व क्षेत्र अधिकारी श्रेयश त्रिपाठी बाकायदा भ्रमण पर रहेगें। रविवार को भी सभी स्थानों का जायजा लिया। सोमवार को ईद के दिन सुबह से ही जहां प्रशासन मुस्तैद रहेगा। वहीं नगर पालिका परिषद के कर्मचारी भी अपनी ड्यूटी पर मौजूद रहेंगे।

### ईदगाह में सुबह 7:30 बजे होगी बकरीद की नमाज

राठ(हमीरपुर)। ईद उल अजहा पर कल सोमवार को सुबह 7 :30 बजे कुर्रा रोड स्थित ईदगाह में नमाज अदा होगी। इसकी जानकारी शहर पेश इमाम मौलाना शाकिर अली ने दी। पेश इमाम ने बताया ईद की नमाज को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। वहीं नगर पालिका प्रशासन ने सारा दिन ईदगाह के आसपास सफाई व्यवस्था दुरुस्त की।

### सुबह सात बजे अदा होगी ईदुल अजहा की नमाज

■ सुमेरपुर(हमीरपुर)। कस्बे में ईदगाह सहित तीन अन्य मस्जिदों में सुबह 7 बजे ईद उल अजहा की नमाज अदा करके कुर्बानी दी जायेगी। इसी तरह इंगोहटा, बिदोखर, पलरा, नदेहरा, चन्द्रपुरवा बुजुर्ग, टेढ़ा, मुंडेरा, पत्योरा आदि गांवों की मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज होगी। कस्बे के पेश इमाम हाफिज सैफुल्लाह ने बताया कि कस्बे की ईदगाह में सुबह 7 बजे ईद उल अजहा (बकरीद) की नमाज अदा होगी। इसके अलावा कस्बा की आयशा मस्जिद, मक्का मस्जिद, नरही मार्ग स्थित मस्जिद में नमाज अदा होगी। पुलिस ने सभी मस्जिदों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराए हैं।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 127 मरीजों को मिला इलाज

कुरारा(हमीरपुर)। स्थानीय सीएचसी में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में बढ़ते तापमान के चलते डायरिया, उल्टी व दस्त के मरीजों की सबसे अधिक संख्या रही। स्थानीय सीएचसी में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 127 मरीजों का उपचार किया गया। जिसमें 27 लोगों की जांच की गयी। जिसमें 9 ब्लड प्रेशर, 4 शुगर, 4 गर्भवती, तीन रेफर अन्य शामिल रहे। आरोग्य मेले में ज्यादातर मरीज उल्टी दस्त व डायरिया के मरीजों का उपचार किया गया। सीएचसी अधीक्षक सुनील कुमार जायसवाल ने बताया की तापमान बढ़ने से मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। उन्होंने लोगों को धूप से बचाव करने की सलाह दी।

### छत से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल

कुरारा(हमीरपुर)। कस्बे के रामलीला मैदान के पास छत में सो रहे 35 वर्षीय युवक का पैर फिसलने से छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया। कस्बे के रामलीला मैदान निवासी मनीष कुमार (35) पुत्र जगदीश प्रसाद सविता शनिवार की रात छत में सो रहा था। तभी रात करीब दो बजे वह पेशाब करने के लिए जा रहा था। तभी पैर फिसलने से छत से नीचे गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजन आनन फानन जिला अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख कानपुर हैलट के लिए रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार जारी है।

### सर्वर जाने से राशन के लिए लगाने पड़ते है चक्कर

सुमेरपुर(हमीरपुर)। नगर क्षेत्र के सरकारी राशन केंद्रों को देखा जाए तो राशन लेने के लिए लोगों को तपती धूप और लू में भी अपने नंबर का इंतजार करना पड़ रहा है। वहीं बार बार सर्वर जाने से ग्राहकों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। साथ ही भयंकर गर्मी के बीच राशन कार्ड धारकों को दुकान के बार बार चक्कर काटने पड़ते है। सरकारी राशन लेने के लिए लोगों को अंगूठा लगाना होता है। जिसके लिए मशीन में सर्वर की आवश्यकता पड़ती है। जो दिन में कई बार आता जाता रहता है। और कई कई घंटों के लिए गोल हो जाता है। जिससे लाभार्थियों को इस परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही दुकान के कई चक्कर लगाने पड़ते हैं।

### बाइक के फिसलने से दंपति व दो बच्चे घायल

राठ (हमीरपुर)। जरिया थाने के गोहांड में तेज रफ्तार बाइक के फिसलने से उसमें सवार दम्पत्ति और दो मासूम बच्चे सड़क पर गिरकर घायल हो गए। जिन्हें मौके पर मौजूद लोगों ने सीएचसी पहुंचाया। जानकारी के अनुसार उरई के पटेल नगर नवासी शिवम अपनी पत्नी उपासना व पुत्र शिवांक और सारांश के साथ गोहांड की ओर आ रहा था। तभी रास्ते में जरिया थाने के गोहांड के पास बाइक का संतुलन बिगड़ गया।

### जमीन के विवाद में जबरन कब्जे की शिकायत

मौदहा (हमीरपुर)। कस्बे के उपरौस मोहल्ले में दो पक्षों में चल रहे जमीन के विवाद में एक पक्ष ने जबरन कब्जा करने की नीयत से घर का ताला तोड़ दिया। इस मामले में एक पक्ष की महिला ने तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। नगर के मोहल्ला निवासी फात्माबानो ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि पड़ोसी ख्वाजुद्दीन ने उसके मकान का ताला तोड़ जबरन कब्जा करना चाहा। मना करने पर पर लड़ने पर आमादा हुआ। कोतवाली में बेटे रफीक उद्दीन, पिंटू सहित परिजनों पर मारपीट का झूठा आरोप लगाकर कहा कि मकान उसने खरीद लिया है।

# 2.10 लाख उपभोक्ताओं के घरों में लगेंगे प्रीपेड स्मार्ट मीटर

## मोबाइल सिम की तर्ज पर होगा मीटर का रीचार्ज, सर्वे किया

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के स्मार्ट मीटर लगाने के लिए कार्यदायी संस्था जीनस ने घर-घर सर्वे शुरू कर दिया है। निजी कंपनी को सर्वे के साथ मीटर लगाने की जिम्मेदारी मिली है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद न तो बिजली चोरी हो सकेगी और न ही बिल जमा करने की कोई परेशानी होगी। उपभोक्ता मोबाइल सिम की तर्ज पर बिजली के लिए मीटर रीचार्ज करा सकेंगे। जनपद के 2.10 लाख उपभोक्ताओं के घरों में यह मीटर लगाए जाने हैं।

जनपद में जून माह के अंत तक मीटर लगने शुरू हो जाएंगे। कंपनी के कर्मचारी एक तरफ सर्वे के जरिए मीटर लगाने के स्थान को चिन्हित कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ इसी कंपनी की टीम मीटर लगाने की



तैयारी में है। यह मीटर उपभोक्ताओं के साथ ही विभाग के अभियंताओं के लिए भी सुविधाजनक है। बिलिंग से लेकर भुगतान तक के झंझट खत्म होंगे।

ऑनलाइन भुगतान और रिचार्ज की सुविधा रहेगी। ऑनलाइन शिकायत दर्ज करेंगे तो मीटर संबंधी परेशानी को दूर करने के लिए कर्मचारी उपभोक्ता के घर पहुंच जाएंगे। जिले के 2.10 लाख घरों के मीटर स्मार्ट होने हैं। जिसकी शुरुआत जिले के शहरी क्षेत्रों से होगी। प्रत्येक घर में दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम अपने खर्चे पर प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगवाएगा। उपभोक्ता को मीटर के बदले कोई भुगतान नहीं करना है। मीटर हाईटेक है और इसमें बिलिंग से लेकर खपत तक के आंकड़े ऑनलाइन विभाग के अधिकारी देख सकेंगे।

> जिले के कुल 2.10 लाख उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगने हैं। जिनका सर्वे कार्य कार्यदायी संस्था जीनस जयपुर ने शुरू कर दिया है। कहा कि मौजूदा के मीटर हटाए जाएंगे। पहले चरण में शहरी क्षेत्रों में मीटर लगाए जाएंगे। कहा कि जून के अंत तक मीटर लगने का काम शुरू हो जाएगा।
>
> **अशोक कैम, अधीक्षण अभियंता विद्युत**

# राशन की दुकान के सामने वृद्धा को ट्रक ने कुचला, मौत

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** राशन लेने कोटे की दुकान गई वृद्धा ट्रक की चपेट में आ गई। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। वहीं ट्रक को थाने में खड़ा करा दिया है। उधर हादसे के चालक ट्रक छोड़ फरार हो गया।



हीरिया।

कस्बा के चार थोक शीतला माता मंदिर निवासी जागेश्वर पुत्र हल्कू प्रसाद साहू ने बताया कि वह पांच भाई हैं। और वृद्ध माता-पिता पांचों से अलग रहते हैं। आज रविवार को दिन में 11 बजे माता-पिता दोनों राशन लेने बिलगांव रोड सरकारी राशन वितरण केंद्र गए थे। वहीं राशन की दुकान में चावल आदि खाद्यान्न आदि लेकर ट्रक आया था। ट्रक राशन खाली कर वापस जा रहा था। तभी सड़क पर कोटा दुकान के सामने उसकी मां हीरिया उर्फ मंझली (68) ट्रक के पहिए के नीचे आ गई। लोगों ने शोर भी मचाया, लेकिन ड्राइवर ने कोई ध्यान नहीं दिया और ट्रक का पहिया उसकी मां के ऊपर से निकल गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद ड्राइवर मौका पाकर वहां से ट्रक छोड़कर भाग निकला। मृतका के नाती अशोक (24) ने मौके पर पहुंचकर पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। थाना प्रभारी निरीक्षक शशि पांडे मय पुलिस बल के घटनास्थल पर पहुंचे और ट्रक को पकड़ लिया।



घटना स्थल पर रोता वृद्धा का पति। अमृत विचार

### ..लेकिन खिलाने वाली चली गई

■ मंझली की मौत पर उसके वृद्ध पति हल्कू का बुरा हाल हो गया है। उसने रोते-रोते बताया कि वह राशन लेने आए थे राशन तो मिल गया, लेकिन खिलाने वाली चली गई। वहीं मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि ट्रक कस्बे के ही एक ट्रांसपोर्ट कंपनी का है और ड्राइवर भी कस्बे का निवासी है। थाना प्रभारी निरीक्षक शशि पांडे ने बताया कि मृतका के पति हल्कू प्रसाद ने ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर दी है। जिस पर ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश जा रही है।

### साइकिल पर जा रहे अधेड़ को कार ने मारी टक्कर, मौत

राठ (हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के अमगांव मोड़ के पास तेज रफ्तार एक कार ने साइकिल सवार अधेड़ को जोरदार टक्कर दी। घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। अधेड़ की नाजुक हालत होने पर चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। रास्ते में अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। कोतवाली क्षेत्र के अमगांव निवासी जियालाल (55) पुत्र चंदा गांव के कुछ लोगों की कोतवाली में शिकायत कर साइकिल से वापस अपने घर लौट रहा था। तभी राठ उरई मार्ग पर अमगांव तिराहे के पास तेज रफ़्तार कार ने साइकिल सवार जियालाल को जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल अधेड़ को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। चिकित्सकों ने घायल जियालाल की नाजुक हालत को देखते हुए उसे झांसी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। जहां पहुंचते ही जियालाल की मौत हो गई। ॉपरिजनों ने बताया कि जियालाल मजदूरी करता था। पत्नी जगतरानी के अलावा पुत्र हरीदास सहित चार पुत्रियों रो-रो कर बुरा हाल रहा। पुलिस का कहना था कि हादसा करने वाली कार की तलाश की जा रही है।

# छात्र संख्या बढ़ाने को होगा परिवार सर्वेक्षण

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जनपद में परिषदीय स्कूल खुलते ही नामांकन बढ़ाने के लिए परिवार सर्वेक्षण शुरू किया जाएगा। शिक्षकों के साथ डीएलएड प्रशिक्षु भी आउट ऑफ स्कूल बच्चों का सर्वे करेंगे। इसके लिए शासन ने जिले के 967 स्कूलों के लिए 415242 रुपये की धनराशि जारी किया है।

परिवार सर्वेक्षण के लिए स्कूल में एक शिक्षक को नोडल नामित किया जाएगा। शिक्षक, शिक्षामित्र और डीएलएड के प्रशिक्षु घर-घर जाकर अभिभावकों से मिलेंगे और आउट ऑफ स्कूल बच्चों का नामांकन कराने के लिए जागरूक करेंगे। डीएलएड प्रशिक्षुओं को एक घर का सर्वे करने के लिए दस रुपये दिए जाएंगे। सर्वे के बाद प्रशिक्षु सर्वेक्षण प्रपत्र की एक कॉपी विद्यालय के प्रधानाध्यापक को उपलब्ध कराएंगे और प्रधानाध्यापक या स्कूल का नोडल शिक्षक आउट ऑफ बच्चों का विवरण प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड करेंगे। खंड शिक्षाधिकारी कम से कम 30 गांव, जिला समन्वयक 20-20 गांव और डायट प्राचार्य व बीएसए दस- दस गांव का भ्रमण कर परिवार सर्वेक्षण की क्रॉस चेकिंग करेंगे।

परिवार सर्वेक्षण के लिए शासन स्तर से 4,15,242 रुपये का बजट जारी किया है। इसमें 315242 रुपये स्कूलों में परिवार सर्वेक्षण के लिए पम्पलेट, बैनर बनवाने के लिए खर्च किया जाएगा और एक लाख रुपये से डीएलएड के प्रशिक्षुओं को भुगतान किया जाएगा।

■ शासन ने 967 परिषदीय स्कूलों के सर्वे के लिए जारी की 4.15 लाख की धनराशि

> स्कूल खुलते ही जिले में आउट ऑफ स्कूल बच्चों को चिह्नित कर उनका नामांकन कराने के लिए परिवार सर्वेक्षण अभियान चलाया जाएगा। शिक्षकों के साथ डीएलएड प्रशिक्षु भी सर्वे करेंगे। परिवार सर्वेक्षण के लिए शासन ने 4 15, 242 रुपये का बजट जारी किया है।
>
> **आलोक सिंह, बीएसए**

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# कूड़ा डालने के विवाद में पिता को घायल किया

मौदहा (हमीरपुर)। कस्बे के अंबेडकर तिराहा के निकट एक परिवारिक विवाद में जेठ ने लहुरी के साथ मारपीट शुरू कर दी। बचाने आए पिता पर हमला कर घायल कर दिया। गंभीर घायल को अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली पुलिस ने यह मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

कस्बे के आंबेडकर तिराहा निवासी पीड़िता ममता ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसके जेठ राम प्रकाश से कूड़ा डालने को लेकर विवाद हो गया। जिसमें वह मारपीट करने लगा। मौके पर मौजूद उसके ससुर रामकिशोर ने बीच बचाव करने का प्रयास किया। तो पीड़िता के जेठ ने ईंट से हमलाकर दिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिससे आनन फ़ानन में घायल को कस्बे से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# गायत्री शक्तिपीठ में हुए महायज्ञ में दी आहुति

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- गंगा दशहरा व गायत्री जयंती पर किया गया आयोजन
- गायत्री परिवार को पं.श्रीराम शर्मा आचार्य को याद किया

**अमृत विचार।** कस्बे के गायत्री शक्तिपीठ पर गंगा दशहरा एवं गायत्री जयंती के अवसर पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इस दौरान लोगों ने यज्ञ में आहुतियां दी।

रविवार की सुबह गायत्री जयंती एवं गंगा दशहरा के पर्व पर अखंड जप के बाद पांच कुंडीय गायत्री यज्ञ का आयोजन हुआ। पंडित राम प्रकाश ने कहा कि गंगा और गायत्री जयंती का पुण्य पर्व एक ही दिन है क्योंकि दोनों के अवतरण इतिहास मिलते जुलते हैं। आदर्श कुमार ने हर मुख से निकले गायत्री मां घर घर यज्ञ रचाएं गीत प्रस्तुत किया। यज्ञीय कर्मकांड की प्रेरणाप्रद व्याख्या कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। यज्ञ का संचालन महिला मंडल की उर्मिला तिवारी, आशा गोस्वामी, कुसुम गुप्ता, विमला गुप्ता ने किया। इस अवसर पर गायत्री के सिद्ध साधक गुरुदेव पं.श्रीराम शर्मा आचार्य, जिन्होंने सच्चा समर्पण कर गायत्री जयंती 2 जून 1990 को ही अपने इष्ट गायत्री में विलय, विसर्जन कर महाप्रयाण किया था। मुख्य ट्रस्टी चन्द्रशेखर मिश्र ने कहा लुप्तप्राय गायत्री महाशक्ति को जन जन तक प्रवाहित करने वाले युग ऋषि परम पूज्य गुरुदेव के महाप्रयाण दिवस पर उन्हें शत शत नमन वंदन करते हैं। संचालन करते हुए डा.एलएल त्रिपाठी ने कहा कि भागीरथ ने तप करके गंगा को स्वर्ग से धरती पर उतारने में सफलता प्राप्त की थी। इस अवसर पर काशी प्रसाद गुप्त, डा.कमलेश मिश्र, सुशील सक्सेना, अरुण माहेश्वरी, प्रतिपाल सिंह, छोटे लाल मिश्र, डा.अयोध्या प्रसाद, राम प्रकाश गुप्त, हरि शंकर गुप्त, जगराम सोनी, बीके गुप्ता एडवोकेट, डा.शुकदेव मिश्र, धीरेंद्र, नरोत्तम मिश्रा, भोजराज, अरविंद श्रीवास्तव, अशोक कुमार, दीन दयाल, गौरीशंकर, मनीष मिश्र, रामाधार गुप्त, सर्वेश, वीरेन्द्र, खुशीराम, अमर सिंह, शिव रतन सिंह, निधि गुप्ता, खेमचन्द्र, बेटिकुंवर, रामकुमारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



साप्ताहिक कार्यशाला में मौजूद लोग। अमृत विचार

### हमारा शरीर व मन शांत रखने में मदद करता है योग

हमीरपुर। दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के साप्ताहिक कार्यशाला के अंतर्गत रविवार को सुबह 6 से 7 बजे तक वन चेतना पार्क में योग अभ्यास योग वेलनेस सेंटर आयुष विंग जिला अस्पताल के डॉ .बृजेश कश्यप (योग प्रशिक्षक) तथा योग सहायक अमित बाथम ने कराया।आयुष विंग के डा बृजेश कश्यप ने कहा कि योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि यह हमारे शरीर व मन को शांत रखने में भी मदद करता है। योगाभ्यास दिवस में करीब 120 लोग शामिल रहे, योग प्रोटोकॉल में योग प्रशिक्षक ने उपस्थित लोगों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, शीतली भ्रामरी, प्राणायाम सहित सभी आसनों का पूर्वाभ्यास कराया। योग शिविर में प्रभागीय वनाधिकारी के साथ समस्त विभागीय स्टाफ ने योग का अभ्यास किया।

### चरवाहे की हीट स्ट्रोक से मौत

मुस्करा (हमीरपुर)। बकरियां चराने गए चरवाहे की हीट स्ट्रोक से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी।थाना क्षेत्र के गांव पहाड़ी भिटारी निवासी रवि अहिरवार पुत्र गोविंद ने बताया कि ग्रामीणों के जरिए उनको शाम चार बजे सूचना मिली कि उनका चाचा आसाराम (62) पुत्र टुटियां जो की खेतों में बकरियां चराने के लिए गया था, एक खेत में तार बाड़ी किनारे पड़ा है। बताया कि जब जाकर देखा तो चाचा मृत अवस्था में पड़ा था। बताया कि पुलिस को सूचना की है। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक शशि पांडे ने बताया कि उक्त मामले की सूचना प्राप्त हुई है। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।



सुमेरपुर में राहगीरों को शर्बत वितरित करते। अमृत विचार

### आरएसएस की संस्था गंगा समग्र ने राहगीरों को बांटा शर्बत

सुमेरपुर(हमीरपुर)। गंगा दशहरा पर गंगा समग्र ने कस्बे के मैथिलीशरण गुप्त मार्ग में स्टॉल लगाकर राहगीरों को ठंडा शरबत का वितरण कराया। इसी तरह नेहा चौराहा में समाजसेवियों ने ठंडे शरबत का वितरण कराया। गंगा मां के अवतरण दिवस गंगा दशहरा पर कस्बे के मैथिलीशरण गुप्त मार्ग पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की संस्था गंगा समग्र ने राहगीरों को ठंडा शरबत का वितरण किया। इस अवसर पर भाजपा नेता आदित्य अवस्थी, रोहित शिवहरे, एम खान, बउवा ओमर, कल्लू ओमर, सभासद अनीस बाल्मीकि, सोनू कुशवाहा, योगेश योगी आदि ने मौजूद रहकर सहयोग प्रदान किया। इसी तरह नेहा चौराहे में राहगीरों को ठंडा शर्बत वितरित किया।

### बूंद-बूंद पानी को तरस रहे वार्ड-2 के बाशिंदे

सुमेरपुर(हमीरपुर)। नगर पंचायत के प्रयास के बाद जलापूर्ति के लिए लगाए गए नलकूप में कनेक्शन न होने से लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। विद्युत विभाग लाइन बनाकर कनेक्शन नहीं दे रहा है। कस्बे के वार्ड संख्या 2 में पेयजल संकट के समाधान के लिए नगर पंचायत के बजट पर जल संस्थान ने नलकूप का निर्माण कराया है। इसमें विद्युत कनेक्शन के कार्य बाकी है। विद्युत विभाग लाइन बनने के लिए विद्युत पोल, तार, ट्रांसफार्मर मुहैय्या करा चुका है। वहीं वार्डवासी महेन्द्र सोनी, राम खिलावन आदि ने बताया कि बूंद बूंद पानी के लिए परेशान है। विद्युत विभाग के अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि जल्द लाइन बनाने का कार्य किया जाएगा।

## दबंगई — ग्रामीणों ने एसडीएम से सार्वजनिक कुआं पाटने वालों पर कार्रवाई की मांग की

# मीठे पानी वाले कुआं को जमीन कब्जाने के इरादे से पाटा

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के बड़ी आबादी वाले करहिया गांव में पेयजल संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। वहीं गांव में मौजूद मीठे पानी के कुआं को अवैध रूप से कब्जा करने के मकसद से रात के सन्नाटे में जेसीबी व ट्रैक्टर से समतल कर दिया गया। इससे लोगों में नाराजगी है। गांव में इससे पूर्व भी सार्वजनिक कुएं अवैध कब्जा कर पाटे गए हैं। ग्रामीण ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कुएं को समतल करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

7000 की आबादी वाले करहिया गांव में कई वर्षों से पेयजल योजना संचालित है। गांव के कई मोहल्लों में जल निगम ने पाइप लाइन नहीं बिछाई है। वहीं कभी पाइप लाइन टूटने तो कभी नलकूप बंद होने से गांव के कई इलाकों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। हालत यह है अंडर ग्राउंड लाइन में गड्ढे खोदकर लोग पानी पीने को मजबूर हैं। गांव में 25 से अधिक कुएं हैं। लेकिन दो-तीन को छोड़कर ज्यादातर में खारा पानी है। लेकिन इन कुओं से गांव का पानी अन्य निस्तार के लिए उपयोग किया जाता है।

जहां एक ओर लोग कुआं खुदवा कर पुण्य कार्य के साथ भोज भंडारा कराते थे। वहीं कुआं पूजन जो हमारी संस्कृति और परम्परा के लिए आवश्यक हैं। लेकिन जमीनों की बढ़ती कीमतों के चलते अब इनमें से कुछ के सूखने पर उनकी सफाई नहीं हो रही है। कुछ कुओं में कूड़ा डालकर उनकी पुराई हो रही है। और कुछ को बिल्कुल समतल कर दिया गया है।



मिट्टी से पाटा गया कुआं। अमृत विचार

### मरघट की जमीन पर भी लोगों की नजर

■ गांव के निवासी 80 वर्षीय शिव परसन श्रीवास व बच्चन श्रीवास ने बताया कि खंडेह निकास में 60 - 70 वर्ष पुराना एक कुआं मीठे पानी का था। हैंडपंप व नलों का पानी जब नहीं आता तो ऐसे कुओं का सहारा लेकर लोग प्यास बुझाते हैं। लेकिन इस कुएं को रातों रात पाटकर समतल कर दिया गया। इसी के पास मरघट की जमीन पड़ी है इस पर भी कब्जे के लिए लोगों की नजर लगी है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। इस कुएं को खुदाई कराने वालों के परिवारी उदयभान सिंह ने बताया कि उनके पुरखों ने 60 साल पूर्व बनवाया था। जिसे दो दिन पहले गांव निवासी संजय, लालाराम आदि ने रात के अंधेरे में जेसीबी लगाकर कब्जा करने के नीयत से समतल करा दिया है। इन पर कार्यवाही के साथ अन्य कुओं की सुरक्षा की मांग की है।

# महिला ने उत्पीड़न की रिपोर्ट लिखाई

राठ (हमीरपुर)। जरिया थाने के अतरौली गांव निवासी एक महिला ने अपने पति सहित अन्य सभी ससुरालीजनों पर उत्पीड़न का आरोप लगा रिपोर्ट दर्ज कराई है। अतरौली गांव निवासी विनीता पुत्री सन्तराम ने बताया कि उसकी शादी 20 जून 2022 को मुस्करा थाने के छानी गांव निवासी मोहर सिंह पुत्र बहादुर के साथ हुई थी।

शादी के कुछ समय बाद उसका पति मोहर सिंह समेत ससुराल पक्ष के लोग उसे प्रताड़ित करने लगे। आरोप लगाया कि पति मोहर सिंह के अलावा अन्य सभी ससुराली जनों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए उसे मारापीटा और और उसके सभी जेवरात छीन लिए। बताया कि वह एक बच्चे की मां भी है। जरिया थानाध्यक्ष ने बताया घटना की जांच कराई जा रही है।

# मुख्यमंत्री ने प्रधानों की 10 प्रमुख मांगें मानीं

## प्रधान संगठन ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात, लंबित घोषाणाओं को पूरा करने की मांग

कार्यालय संवाददाता,बांदा



लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात करते प्रधान संगठन के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन प्रतिनिधि मंडल ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते हुए ज्ञापन सौंपकर ग्राम पंचायतों के विकास और उन्हें सशक्त बनाने के लिए नीति निर्धारण प्रकोष्ठ बनाने की मांग की। साथ ही सूबे की 12 हजार छोटी ग्राम पंचायतों के विकास के लिए अलग से धनराशि दिए जाने का अनुरोध किया। संगठन के ज्ञापन पर योगी सरकार ने 10 प्रमुख मांगे मानते हुए सहयोग का भरोसा दिलाया।

संगठन राष्ट्रीय संयोजक डा.अखिलेश सिंह की अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से लखनऊ में मुलाकात करते हुए ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल द्वारा सौंपे गए 10 सूत्रीय ज्ञापन पर मुख्यमंत्री ने सभी मांगे मान ली। राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में प्रदेश के सभी ग्राम प्रधान पूरी मेहनत से जुटकर काम करेंगे। इसके लिए सरकार से अधिक धनराशि की आवश्यकता पड़ेगी। देश के लगभग 100 करोड़ ग्रामवासियों तथा 2.50 लाख ग्राम प्रधानों को साथ लिये बगैर भारत को विकसित राष्ट्र बनाया जाना संभव नहीं है। ग्राम पंचायतों को ग्रोथ इंजन के रूप में विकसित किए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सीएम से मिलने के बाद फेस स्कैन आइडेंटीफिकेशन से होने वाली समस्या के बारे में अवगत कराया। इस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल दूर कर दिया। गया है। कहा कि मनरेगा का भुगतान सीधे ग्राम पंचायत को दिया जाएगा। जनपद स्तर पर जिला योजना समिति का गठन किया जाएगा। उस समिति में उसे जिले के दो प्रधानों को शामिल किया जाएगा और जनपद के जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक संयुक्त रूप से हर 3 महीने में प्रधानों के साथ बैठक करेंगे।. यह तीन घोषणाएं अभी अधूरी है। जिनका स्मरण मुख्यमंत्री को हम लोगों ने कराया है. कुछ मांगे भी हम लोगों ने रखी है, जिनमें ग्राम पंचायत को जो भी काम दिए जाए उसके लिए उसे काम का अलग से बजट दिया जाए और बजट और काम करने के जो तरीके हैं. वह तय करने के लिए एपीसी के अध्यक्षता में कमेटी बने जिसमें प्रधान शामिल हो संगठन के लोग शामिल हो और जो भी 17 विभागों के विभाग अध्यक्ष उसमें शामिल हो। संगठन प्रदेशाध्यक्ष डा.ललित शर्मा ने बताया कि राज्य की योगी सरकार ने प्रधानों की 10 प्रमुख माँगें पूरी कर दी हैं। देश में सर्वाधिक मानदेय उत्तर प्रदेश के प्रधानों को मिल रहा है। कल्याण कोष गठित करने वाला यूपी देश का प्रथम राज्य बन गया है।

### प्रधान, सचिव व पंचायत सहायक के चेहरे से होगा भुगतान

पंचायत गेटवे पोर्टल में जिओ टैगिंग तथा पंचायत सहायक के चेहरे की फोटो के माध्यम से ग्राम सचिवालय में स्थापित कंप्यूटर सिस्टम से पंचायतों के सभी प्रकार के भुगतान किए जाने की व्यवस्था में संशोधन किया गया है। इस व्यवस्था के अंतर्गत अब ग्राम प्रधान, सचिव व पंचायत सहायक के चेहरे से भी भुगतान किया जाएगा। पिछले आदेश के अनुसार गेटवे पोर्टल से केवल पंचायत सचिव के चेहरे से भुगतान किया जा सकता था। अब ग्राम प्रधान, सचिव और पंचायत सहायक के चेहरे से भी विकास कार्यों का भुगतान किया जा सकेगा।

### ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

महुआ ब्लाक ग्राम प्रधान संगठन अध्यक्ष विनीता ओमप्रकाश त्रिपाठी समेत जिले भर के ग्राम प्रधानों ने राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन की मांगों पर मुख्यमंत्री द्वारा हरी झंडी दिए जाने पर आभार जताया है। कहा है कि केंद्र और प्रदेश सरकार के सहयोग से गांव का भरपूर विकास होगा। गांव के लोगों को मूलभूत सुविधाएं आसानी से मिलेंगी। प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में प्रदेश के सभी ग्राम प्रधान पूरी मेहनत से जुटकर काम करेंगे।

# हाथरस हत्याकांड पर ब्राह्मण समाज आक्रोशित, सड़क पर उतरने की चेतावनी



मौन धारण कर श्रद्धांजलि देते ब्राह्मण समाज के लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद हाथरस के जिलाध्यक्ष पंडित योगेश उपाध्याय की हत्या के विरोध में हमीरपुर के ब्राह्मण समाज आक्रोशित है। रविवार को यहां ब्राह्मण समाज के बड़ी संख्या में लोगों ने हत्याकांड की निंदा करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि देकर कहा कि यदि सरकार ने इस कांड के आरोपियों पर और सख्त कार्रवाई नहीं की तो पूरे प्रदेश का ब्राह्मण सड़कों पर उतरेगा।

शहर के नगर पालिका परिषद के अंबेडकर पार्क में तपती धूप के बीच अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के तत्वावधान में शोकसभा का आयोजन किया गया। परिषद के पदाधिकारियों ने हाथरस हत्याकांड की निंदा करते हुए शोक व्यक्त किया। ब्राह्मण समाज के हाथरस जिलाध्यक्ष योगेश उपाध्याय को शोकसभा में सभी ने श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा। शोकसभा में दीपक मिश्रा ने कहा कि हाथरस में ब्राह्मण समाज के प्रमुख नेता की हत्या से ब्राह्मण समाज आक्रोशित है। मंगलवार को उच्चाधिकारियों के माध्यम से एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा। सरकार को इस कांड के आरोपियों पर बड़ी कार्रवाई करने के साथ ही मृतक के परिवार को आर्थिक मदद देने की मांग की जाएगी। रमाकांत शुक्ला ने कहा कि प्रदेश के पचहत्तर जिलों में शोकसभा का आयोजन किया जा रहा है। कहा कि ब्राह्मण समाज के लोग अब ऐसी घटना को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस मौके पर युगांक मिश्रा, मोहित द्विवेदी, पंकज द्विवेदी, पंकज मिश्रा, विवेक मिश्रा, आशुतोष त्रिपाठी, आशुतोष शुक्ला, योगेश मिश्रा, बृजेश शुक्ला, बृजेश बादल, बालजी पांडेय, अंकराज त्रिवेदी, आशीष द्विवेदी, कपिल तिवारी, हेमंत बाजपेई, प्रशांत तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

● पं.योगेश उपाध्याय को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

# बांदा में भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती बनी बवालेजान

संवाददाता, नरैनी

**अमृत विचार।** बिजली की अघोषित कटौती से कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोग परेशान कब बिजली को आना है कब बिजली को जाना है विभाग की कोई समय सारणी तक नही है विद्युत की कटौती और अधिक लोड होने के कारण कस्बे के कई मोहल्लों में एलटी लाइन पर आग लगने से कस्बे के कई मोहल्ले में बिजली आपूर्ति ठप रही। लोगों को रात जागकर गुजारनी पड़ी।

क्षेत्र में पड़ रही उमस वाली गर्मी के साथ विद्युत व्यवस्था को लेकर आम जनता परेशान है। भीषण गर्मी के मौसम में बिजली की आंख-मिचैली की समस्या से कस्बों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी खासा परेशान व त्रस्त हैं। भीषण गर्मी व उमस भरे इस मौसम में नगर व ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिदिन कई बार लोगों को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ता हैं। तो कहीं एलटी लाइने में आग पकड़ रही है। उपभेक्ता का कहना है कि बिजली आने और जाने का कोई अंदाजा नहीं है। लोगों का कहना है कि तेज धूप व उमस ने सभी को परेशान करके रखा है, ऊपर से बिजली की आंख-मिचैली व अघोषित कटौती इस समय आग में घी डालने का काम करती है। रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है, एक दिन में 15 से 20 बार बिजली गुल होना आम बात हो है। रात के वक्त लो वोल्टेज के कारण कूलर व पंखे काम करना बंद कर देते हैं। बिजली की इस आंख-मिचैली के कारण छोटे-छोटे बच्चों और बुजुर्गों को ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्र में कब बिजली आएगी और कब कटेगी, इसका कोई समय-सारणी ही नहीं है। बिजली कटौती ने लोगों का जीना हराम कर दिया है। बावजूद इसके बिजली विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह स्थिति क्षेत्र में लगातार बनी हुई है। गर्मी के मौसम में लोगों को नियमित रूप से बिजली नहीं मिलने से परेशानी और भी बढ़ गई है।

### हमीरपुर में बगैर बिजली के घंटों गुजार रहे लोग

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** आसमान से बरस रही आग की तपन से विद्युत उपकरण साथ नहीं दे पा रहे हैं। विद्युत उपकरणों के फुंकने से लोगों को भीषण गर्मी में घंटों बगैर बिजली के रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। तापमान 45 डिग्री के आस पास घूम रहा है। रात और दिन में गर्म हवाओं से लोग परेशान है। ऐसे में विद्युत उपकरण साथ नहीं दे रहे हैं। बीती रात कस्बे में बड़ी पुलिया के समीप केबल फूंक जाने से एक बड़ा हिस्सा विद्युत आपूर्ति से बाधित हो गया। इसी तरह इमिलिया थोक में 400 केवीए विद्युत ट्रांसफार्मर में खराबी आने से मिश्राना मुहाल, संस्कृत विद्यालय एरिया और प्राथमिक विद्यालय के आसपास का इलाका विद्युत आपूर्ति से घंटो प्रभावित रहा। इसी तरह कमलेश तिराहा एवं पुराना स्टेट बैंक का एरिया 630 केवीए ट्रांसफार्मर में आग लग जाने से आपूर्ति बाधित हुई। वहीं विदोखर विद्युत सब स्टेशन में रात में कई बार घंटों आपूर्ति ठप की गई। विद्युत कर्मियों के अनुसार मशीन गर्म होने से आपूर्ति ठप करनी पड़ी। वहीं रविवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक कस्बे की आपूर्ति ठप होने से कस्बे में हाहाकार मच गया। भीषण गर्मी में बच्चे बूढ़े बिलबिलाते नजर आए। विद्युत विभाग के अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि रात में जली केबिल को बदलने तथा वार्ड संख्या 16 में लगे नए नलकूप को कनेक्शन देने के लिए आपूर्ति ठप की गई थी। 2 बजे के बाद आपूर्ति बहाल होने पर लोगों ने राहत की महसूस की है।



गड्ढे में भरे पानी में नहाते बच्चे। अमृत विचार

# गड्ढों का पानी ग्रामीण बच्चों के लिए बना वाटर पार्क

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्रों में वाटर पार्क स्विमिंग पूल आदि का अभाव होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे गर्मी वाटर पार्क का लुफ्त गड्ढों में मवेशियों के लिए भरे गए पानी में ही नहाकर आनंद उठा रहे हैं। ऐसा ही नजारा रविवार को सुबह 10 बजे बिदोखर पलरा मार्ग में नहर के समीप भरे गड्ढे के पानी में दिखाई दिया। जहां आधा दर्जन से अधिक बच्चे उछल कूद में मशगूल थे।

शहर कस्बों की तरह गांव में वाटर पार्क स्विमिंग पूल नहीं है। भीषण गर्मी में बच्चे गड्ढों में भरे पानी में ही तैरकर इसका लुफ्त उठाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में निजी नलकूप मालिकों ने बेसहारा गोवंश आदि की प्यास बुझाने के लिए सड़क किनारे के गड्ढों को पानी से भर दिया है। उन्ही गड्ढों को गांवों के नौनिहाल वाटर पार्क एवं स्विमिंग पुल मानकर गर्मी में लुफ्त उठा रहे हैं। रविवार को एक ऐसा दृश्य बिदोखर पलरा मार्ग में नहर किनारे बने गड्ढे में निजी नलकूप मलिक नंदकिशोर मिश्रा के द्वारा भरे गए पानी में दिखाई दिया। यहां बिदोखर मेदनी के आधा दर्जन से ज्यादा किशोर छाई छप्पा करके गर्मी शांत करने में मशगूल थे।

● गर्मी से बचने को करते हैं छई छपा छई

# मंदिर में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

**छिबरामऊ कन्नौज।** ग्राम लालकपुर स्थित मां काली के मंदिर में हुई चोरी के समान सहित दो शातिर चोरों को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मामले का खुलासा किया। शनिवार की सुबह ग्राम ललकापुर निवासी जय चतुर्वेदी, शिवम, गुड्डू, रवि व विमकेंद्र सिंह ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया था कि गांव में स्थित मां काली देवी के मंदिर का गेट खुला और मां काली का त्रिशूल, घंटा, पैनल, इनवर्टर, बैटरी के अलावा तांबे के वर्तन अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिए। मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी थी। रविवार को गस्त के दौरान उप निरीक्षक राकेश प्रताप सिंह मय हमारा फोर्स को मुखबिर खास से मिली सूचना पर जिला ग्राम विकास संस्थान छिबरामऊ के आगे गोशाला को जाने वाले रास्ते से ग्राम रनधीरपुर निवासी राजीव उर्फ लवला पुत्र विनोद व ग्राम रम्पुरा निवासी करनवीर उर्फ करना पुत्र गंगाराम को गिरफ्तार कर लिया है और उनके कब्जे से पीतल के छोटे बड़े 10 घंटे, दो सोलर पैनल व एक बैटरा बरामद किया गया।

## सार-संक्षेप



लोगों को लू से बचाव की सामग्री देते व्यापारी। अमृत विचार

### लू से बचाव की सामग्री बांटी

**अतर्रा (बांदा)।** भीषण गर्मी से ग्रामीणों को राहत पहुंचाने और लू से बचाव के लिए युवाओं ने तिंदुही गांव में ग्लूकोज, ओआरएस, शक्कर, पुदीना के साथ गमछा आदि सामग्री बांटी। नगर के श्याम मेडिकल एजेंसी के प्रोपराइटर किशन गुप्ता के नेतृत्व में अमन गुप्ता, सागर गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, संतोष यादव, राहुल सक्सेना की टीम रविवार को तिंदुही गांव पहुंची जहां उन्होंने ग्रामीणों में ग्लूकोज,ओआरएस, शक्कर, पुदीना के साथ गमछा का वितरण किया। टीम ने लोगों को गर्मी में बासी भोजन न करने,ताजे फलों को ही उपयोग में लाने की बात कही। उन्होंने लोगों को तरल पदार्थों का अधिक से अधिक सेवन करने की सलाह दी है। टीम ने आधा सैकड़ा लोगों में सहायता किट का वितरण किया है।

### चोरों ने नकदी व जेवरात किए पार

**तिर्वा, कन्नौज।** कोतवाली के अहेर गांव निवासी अहमद अली पुत्र अल्लारक्खू ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि वह शनिवार की रात अपने परिवार के साथ छत पर सो रहा था। रात में उसके घर पर चोर घुस आए और कमरे के अंदर रखे बक्सों से जेवरात के साथ कीमती सामान व अलमारी में रखे ढाई लाख रुपए चोरी कर लिए। जब सुबह वह उठा और नीचे आकर देखा तो कमरों में रखा सामान बाहर तक बिखरा पड़ा था। जब अंदर देखा तो बक्से में रखे जेवरात समेत अलमारी में रखी नकदी गायब थी। शोरगुल मचाने पर मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए। घटना को देखकर लोगो में हड़कंप मच गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

### सर्पदंश से किसान की मौत

**जलालाबाद, कन्नौज।** ग्राम पंचायत अनौगी के ग्राम भवानीपुर निवासी किसान राकेश कुमार दिवाकर ( 55 ) रविवार की सुबह लगभग 10 .30 बजे मूंगफली के खेत में पानी लगा रहा था। तभी अचानक सांप ने उसे डंस लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजन किसान को अचेत अवस्था में लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। रोते बिलखते परिजनों ने बताया कि मृतक अपने पीछे तीन पुत्र व तीन बेटियों को छोड़ गया है।

### बिजली तार जोड़ने पर मारपीट, तीन घायल

**तिर्वा, कन्नौज।** थाना ठठिया के उमरायपुर्वा गांव निवासी पवन कुमार पुत्र बाबूराम ने बताया कि उसके दरवाजे के पास रखी डीपी जल गई थी। 14 जून की शाम को लाइनमैन के द्वारा डीपी रखी गई। डीपी रखते ही गांव के हरीसिंह पुत्र धूमसिंह अपने घर के लिए तार जोडने लगा। जब उसने विरोध किया तो हरी सिंह, शिव सिंह,सियाराम,ओमवीर,अनिल ने मारपीट शुरू कर दी। उसे बचाने आए उसके पिता बाबूराम व माता के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### दो लाख की ठगी का आरोप

**कन्नौज।** ग्राम ज्योराखनपुर्वा मौजा रामपुर मुढ़ेरी काजिम हुसैन निवासी रणजीत ने बताया कि माता सुमन के नाम से कृषि भूमि है। सबमर्सिबल के लिए बिजली कनेक्शन कराना चाहा तो कपूरापुर गांव निवासी एक व्यक्ति ने दो लाख रुपये मांगे। यह रकम देने के बाद बिजली लाइन व ट्रांसफार्मर रखवा दिया। साथ ही सबमर्सिबल भी शुरू करा दी, लेकिन बिजली कनेक्शन के कागज अब तक नहीं दिए। कागज मांगने के बाद धमकी दी और कनेक्शन कटवा दिया। मामले की जांच कराने की मांग हुई है।

# पिता और पुत्र पर धारदार हथियार से किया हमला

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** घर की चहारदीवारी गिराने का विरोध करने पर हमलावरों ने तिर्वा पुलिस चौकी के निकट बुजुर्ग व उसके शिक्षक पुत्र को धारदार हथियार से घायल कर दिया। घर की महिलाओं को भी पीटा। पीड़ित ने नामजद समेत कई अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जवाहर नगर निवासी 65 वर्षीय महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उनका घर पुलिस चौकी के निकट है। रविवार को सुबह सवा आठ बजे पड़ोसी व उनके परिचित आठ-नौ लोग गिरोह बनाकर घर में आ गए। आते ही उत्तर साइड में दीवार तोड़ने लगे। जब इसका विरोध किया तो धारदार हथियार से हमला बोल दिया। महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उनके सिर में गंभीर चोटे आईं हैं। शिक्षक अर्पित सागर के चेहरे पर भी हथौड़ा से हमला बोलने पर चोट लग गई। महेंद्र ने बताया कि इसके अलावा छोटे भाई की बहू कल्पना यादव को भी पीटा, जिससे उनके भी चोटें आईं। पुलिस को सूचना देने के बाद हमलावर भाग गए।

# पाइप लाइन के रिसाव से नाले की दीवार ढही

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)



जल संस्थान की टूटी पाइप लाइन।



नवनिर्मित नाले की ध्वस्त दीवार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे में बेरी तिराहे के पास कालपी हमीरपुर हाईवे किनारे पाइप लाइन टूट जाने से तीन वार्डों में भीषण गर्मी से पानी का संकट गहराता जा रहा है। वहीं नगर पंचायत द्वारा बनाया जा रहा नवनिर्मित नाला धराशाई हो गया।

कस्बे में बेरी तिराहे के पास नगर पंचायत की ओर से एक सप्ताह पूर्व बनवाया गया नाला रविवार शाम 6 बजे जल संस्थान की पाइप लाइन टूट जाने से नाला धराशाई हो गया और कुछ लोग बाल बाल बच गए। दो बाइकें भी नाले में धंस गईं। नाला के धराशाई होते ही लोगों में भीड़ इकट्ठा हो गई। कस्बा के वार्ड नंबर 9, 3, 4 में पानी की आपूर्ति बाधित होने से वार्ड के लोगों को भीषण गर्मी में हैंडपंपों का सहारा लेना पड़ रहा है। कस्बे के बलवान सिंह, रामकिशन आदि ने बताया कि यह चौथी बार पाइप लाइन टूटी है। भीषण गर्मी में हैंडपंप का सहारा लेना पड़ रहा है। इस बावत में नगर पंचायत अध्यक्ष आशा रानी कबीर ने बताया कि पाइप लाइन टूटने से मिट्टी का दबाव होने पर नाले की दीवार धराशाई हुई है। जिसे जल्द ने सिरे से बनवाया जाएगा।

धर्म-अध्यात्म

## ईश्वर कभी भी अपने भक्तों के लिए नहीं होते है प्रतिकूल : स्वामी महेश्वरानंद सरस्वती

# भक्तों को भी पूर्व जन्म के कर्मों का भोगना पड़ता है फल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



प्रवचन सुनाते दंडी स्वामी महेश्वरानंद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चित्रकूट से आए दंडी स्वामी महेश्वरानंद सरस्वती ने रविवार को यहां सत्संग में कहा कि भगवान भक्तों के लिए कभी प्रतिकूल नहीं होते है। उनकी प्रतिकूलता में भी कृपा होती है। उन्होंने कहा कि शरणागत होने वालों को भी पूर्व के कर्मों का फल भोगना पड़ता है। लेकिन उसमें भी ईश्वर की कृपा छिपी रहती है। इसलिए भक्ति के मार्ग पर चलने वालों को ईश्वर से प्रेम करना चाहिए।

दंडी स्वामी यहां एतिहासिक पातालेश्वर मंदिर परिसर में आयोजित सत्संग कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राजा बलि भी शरणागत थे। लेकिन उन्होंने जो बलिदान दिया है वह आज तक इस संसार में कोई भी बलि जैसा पैदा नहीं हुआ। कहा कि लोग तो धन दौलत तो दान में दे देते है लेकिन बलि ने खुद को भी शरणागत में दान कर दिया था। इसीलिए उन्हें महा बलदानी कहा जाता है। दंडी स्वामी ने एक दृष्टांत सुनाते कहा कि सदन नाम का एक कसाई था जो पूर्व जन्मों के कारण वह कसाई होते हुए भी पशु पक्षियों की हत्या नहीं की। उसके मन में भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने की ईच्छा हुई तो वह घर से निकल पड़ा। जगन्नाथ धाम पहुंचने से पहले वह एक घर के सामने चबूतरे पर रात्रि में लेट गया। तभी एक महिला आई और सदन कसाई को अपना पति बनाने की जिद पर अड़ गई। सदम यहीं कहता रहा कि वह ये अधर्म नहीं कर सकता है। भावुक सदन को जगन्नाथ भगवान ने पूर्व जन्म का स्मरण कराते कहा कि तुम उनके बड़े भक्त थे। लेकिन एक दिन वध स्थल से गाय भागकर तुम्हारे आश्रम में आकर झाड़ियों में छिप गई थी। तब कसाई के पूछने पर तुमने झाडियों की तरफ हाथ से इशारा कर दिया था इसीलिए इस जन्म में ये भोग मिला है। कसाई इस जन्म में महिला का पति बना था। यह महिला पूर्व जन्म में गाय थी जिसने इस जन्म में तलवार से कसाई की हत्या की थी। स्वामी ने कहा कि पूर्व जन्म का भोग इस जन्म में तो भोगना ही पड़ता है लेकिन उसमें भी ईश्वर की कृपा छिपा रहती है।

# ईद-उल-अजहा पर अराजकता बर्दाश्त नहीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** एसपी ने ईद-उल-अजहा( बकरीद ) को लेकर चाक चौबंद व्यवस्था की है। चौराहों व सम्मलित आबादी के मोहल्लों में पुलिस व पीएसी का पहरा होगा। वहीं, कस्बों में पुलिस लगातार भ्रमण पर रहेगी। किसी न अराजकता फैलाई तो जेल भेजा जायेगा। एसपी व धर्म गुरुओं ने सोशल मीडिया पर बकरीद मनाने का संदेश दिया है।

सोमवार को ईद-उल-अजहा के त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिले के मुस्लिम धर्मगुरुओं ने अपील की कि मस्जिद, ईदगाह के अंदर ही नमाज पढ़े। किसी अन्य जगह सड़क पर नमाज न पढ़ें। कुर्बानी परंपरागत स्थान पर करे, किसी भी सार्वजनिक या खुले स्थान पर न करें। पहले से चिन्हित जगह पर ही कुर्बानी करें। सड़क या खुले स्थान पर कुर्बानी न की जाये। कुर्बानी का अवशेष किसी भी सार्वजनिक जगह पर ना फेंके। जमीन में दफन करे या नगर पालिका द्वारा सफाई की व्यवस्था के अंतर्गत निस्तारित करें। कुर्बानी की कोई भी वीडियो न बनाए न ही बनने दें। जिससे किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचे। सोशल मीडिया पर अफवाह या असत्य खबर न प्रसारित करें। धर्म गुरुओं के संदेश देने के अलावा एसपी अमित कुमार आनन्द ने भी लोगों को सीधे शब्दों में चेतावनी दी है।

### भाईचारा से मनाएं बकरीद

**कन्नौज।** ईद अल–अजहा बकरीद का त्यौहार सोमवार को मनाया जाएगा। सोमवार को सुबह करीब 7 :30 पर ईदगाह पर नमाज अदा की जाएगी। समाजसेवी इमरोज अहमद ने धर्म के लोगों से कहा कि हमेशा की तरह उन्हीं जानवरों की कुर्बानी की जाए, जिन पर कोई कानूनी पाबंदी नहीं है। कुर्बानी की जगह पर सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। खुली जगह सड़क के किनारे गली पब्लिक स्थान पर कुर्बानी न की जाए। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा सोशल मीडिया पर कोई भी कुर्बानी करते हुए समय का कोई वीडियो नहीं डाला जाए। आपत्तिजनक पोस्ट से बचा जाए। बकरीद पर्व में शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने के लिए सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने में सभी की सहभागिता काफी महत्वपूर्ण है। कहीं से किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए सभी के सहयोग की जरूरत है।

सोऽस्य दोषो न मन्तव्यः क्षमा हि परमं बलम्।
क्षमा गुणों ह्यशक्तानां शक्तानां भूषणं क्षमा॥

क्षमा तो वीरों का आभूषण होता है। क्षमाशीलता कमजोर व्यक्ति को भी बलवान बना देती है और वीरों का तो यह भूषण ही है।

## संपादकीय

# कूटनीतिक सफलता

हाल ही में इटली में संपन्न हुआ जी-7 सम्मेलन में भारत बतौर अतिथि शामिल हुआ था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इटली का प्रवास ऐसे समय पर हुआ जब भारत में एक सप्ताह पहले तक चुनावी प्रक्रिया का अंतिम चरण चल रहा था और सरकार बनाने की प्रक्रिया चल रही थी। देश में सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री ने इस समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने जी-7 के सदस्य देशों (अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, जर्मनी, कनाडा व जापान) के राष्ट्राध्यक्षों से मुलाकात कर भारत के हित के संबंध में चर्चा कर समर्थन की मांग की। इसे भारत का कूटनीतिक कदम भी कहा जा सकता है। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है कि इस मौके पर भारत ने कनाडा और चीन के तनावपूर्ण संबंधों पर अपनी बात रखी और पूर्व में उनके द्वारा की गई भारत विरोधी गतिविधियों पर जी-7 सदस्यों का ध्यानाकर्षण भी किया। गौरतलब है कि कुछ महीने पहले कनाडा ने भारत पर कनाडा की धरती पर एक खलिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लगाया था, जबकि अमेरिका ने दूसरे खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। भारत ने आम तौर पर दोनों आरोपों को सिरे से खारिज किया। हालांकि अमेरिका के आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी भी बनाई है, लेकिन शिखर सम्मेलन में मोदी का निमंत्रण जी-7 और उसके प्रतिद्वंद्वियों, विशेष रूप से चीन के बीच उभरती आर्थिक दौड़ में भारत की भूमिका का संकेत है।

सम्मेलन में भारत ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति के लिए चीन को चेताने का काम किया तो साथ ही भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे यानि आईएमईसी पर भी जिन नेताओं से मिले उन सभी से विचार विमर्श किया। भारत ने इस गलियारे में ज्यादा से ज्यादा देशों को शामिल करने का प्रयास किया। सच तो यह है कि भारत और अमेरिका ने चीन के न्यू सिल्क रोड यानी बेल्ट एंड रोड के जवाब में ही आईएमईसी बनाने का प्रारूप तैयार किया है। गौरतलब है कि गत वर्ष भारत में सितंबर में जी-20 सम्मेलन आयोजित हुआ था। इस अवसर पर भारत ने अमेरिका, सऊदी अरब एवं यूरोपीय देशों के नेताओं से मिलकर पर एशिया-पर्सियन गल्फ और यूरोप के देशों को जोड़ने के एक अति महत्वाकांक्षी आर्थिक गलियारे की योजना की घोषणा कर दी। बहरहाल जी-7 में भारत ने अपने हितों को अन्य देशों के साथ अवसर तलाशने का प्रयास तो किया ही, साथ ही तीसरी बार सरकार बनाने वाले नेता ने भारतीय लोकतंत्र की गरिमा का एहसास भी कराया। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जी-7 की बैठक में शामिल होने को उनकी कूटनीतिक सफलता माना जा सकता है।

# वनाग्नि से खतरे में 'हरा सोना'



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

इस साल उत्तराखंड के जंगलों में वनाग्नि की एक हजार से अधिक घटनाएं घट चुकी हैं, जिसमें डेढ़ हजार हेक्टेयर से ज्यादा वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। वनाग्नि में नौ लोगों की जानें चली जाने की खबरें हैं।

दो दिन पहले कुमाऊं के बिनसर अभयारण्य के जंगल में लगी आग को बुझाने जा रहे आठ वन कर्मियों में से चार की आग में झुलस कर दुःखद मृत्यु और चार वन कर्मियों के गंभीर रूप से ज़ख्मी हो जाने के बाद उत्तराखंड सरकार और वन महकमे की यकायक नींद खुल गई है। उत्तराखंड सरकार ने वन विभाग के एक वन संरक्षक और एक डीएफओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कुमाऊं के मुख्य वन संरक्षक को प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) के कार्यालय में संबद्ध करने के आदेश दे दिए हैं।

बिनसर अभयारण्य के जंगल की आग पर काबू पाने के लिए वायु सेना की मदद ली जा रही है। 14 जून को वायु सेना के एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने भीमताल की झील से पानी लेकर बिनसर के जंगल में छिड़काव किया। आग पर काबू पाने का काम अब भी अनवरत जारी है। इधर प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के कई जंगल अभी भी दावानल की चपेट में हैं। इस साल उत्तराखंड के जंगलों में वनाग्नि की एक हजार से अधिक घटनाएं घट चुकी हैं जिसमें डेढ़ हजार हेक्टेयर से ज्यादा वन क्षेत्र प्रभावित हुए हैं। वनाग्नि में नौ लोगों की जानें चली जाने की खबरें हैं। आग बुझाने में दर्जनों लोग जख्मी हुए हैं। उत्तराखंड के वन अतीत में भी धधकते रहे हैं। यहां के जंगलों में हर साल आग लगने की घटनाएं होती हैं। किसी वर्ष वनाग्नि की घटनाएं कम होती हैं। किसी साल अधिक। जंगलों का जलना मानो नियति-सी बन गई है। पहाड़ के जंगलों में आग लगना एक स्थायी समस्या मान लिया गया है।

इस वर्ष लंबे वक्त से बारिश नहीं होने से मौसम बेहद शुष्क है। तेज हवाएं चल रही हैं। इससे आग की मारक क्षमता बढ़ गई है। नतीजतन जंगल बारूद के ढेर की तरह आग में धधक रहे हैं। आमतौर पर हर तीसरे और चौथे साल बाद वनाग्नि का प्रकोप अधिक होता है, लेकिन इस साल दावानल ने जबरदस्त तांडव किया है। पहाड़ के जंगलों में हर साल लगने वाली आग की तपिश वन विभाग की कुंभकर्णीय निंद्रा को नहीं तोड़ पाई। जंगलों में लगने वाली आग की घटनाओं को वन विभाग ने कभी भी गंभीरता से नहीं लिया। जंगलों में हर साल आग लगती है। आग की तपिश खत्म हो जाने के बाद वन महकमा आग लगने के कारणों की सतही जांच के बाद नुकसान का मामूली आकलन कर दावानल के मामलों को दाखिल दफ्तर कर देता है। बदकिस्मती यह है कि जंगलों में आग लगने का मुद्दा पहाड़ में राजनीतिक चिंता का विषय नहीं बन पाया।



अलग राज्य के वजूद में आने के बाद उत्तराखंड में उच्च स्तरीय वन अधिकारियों की संख्या तो क्रमशः बढ़ती चली गई, लेकिन जमीनी स्तर के कर्मचारियों की संख्या में कोई इजाफा नहीं हुआ है। वन महकमे के पास वनाग्नि से निपटने के लिए दक्ष जमीनी कर्मचारियों की कमी है। आधुनिक उपकरणों का अभाव है। आज भी परंपरागत तरीके से टहनियों से ही आग बुझाई जाती है, जो सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक काम है।

दरअसल उत्तराखंड के जंगलों के साथ अंग्रेजी हुकूमत के दिनों से ही अच्छा सलूक नहीं हुआ। तब उत्तराखंड की वन संपदा को 'हरा सोना' मानकर यहां के जंगलों का जमकर शोषण हुआ। आजादी के बाद भी यहां के वन और वन संपदा का व्यावसायिक दोहन थमा नहीं। वनों की सुरक्षा और विकास के पुख्ता इंतजाम करने के बजाय अव्यावहारिक वन कानूनों के जरिए जनता और जंगलों की दूरी पहले के मुकाबले कई गुना अधिक बढ़ा डाली गई। अलग उत्तराखंड राज्य बनने के बाद सियासी नजरिए से यहां के वनों का खूब प्रचार हुआ। यहां के कुछ नेतागण वनों के एवज में 'ग्रीन बोनस' की भी मांग करते रहे हैं। पहाड़ की सियासत में 'जल, जंगल, जमीन' सर्वदलीय और सार्वभौमिक नारा है। यहां की सियासत इन्हीं मुद्दों के इर्द-गिर्द घूमती रहती है। पर इनकी असल हकीकत से सभी नावाकिफ हैं। इनकी असलियत जानने-समझने की इच्छा शक्ति भी दिखलाई नहीं देती है। अलग राज्य के वजूद में आने के बाद जल, जंगल और जमीन को संरक्षित रखने की दिशा में ईमानदार पहल नहीं हुई। परिणामस्वरूप ये मुद्दे सियासी नारे से आगे नहीं बढ़ पाए।

अलग राज्य के वजूद में आने के बाद उत्तराखंड में उच्च स्तरीय वन अधिकारियों की संख्या तो क्रमशः बढ़ती चली गई, लेकिन जमीनी स्तर के कर्मचारियों की संख्या में कोई इजाफा नहीं हुआ है। वन महकमे के पास वनाग्नि से निपटने के लिए दक्ष जमीनी कर्मचारियों की कमी है। आधुनिक उपकरणों का अभाव है। आज भी परंपरागत तरीके से टहनियों से ही आग बुझाई जाती है, जो सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक काम है। वन विभाग में फील्ड स्टॉफ की कमी के चलते वन संपदा की खूब चोरी होती है। उत्तराखंड का वन महकमा वनीकरण के नाम पर हर साल करोड़ों रुपए खर्चता है। दावानल के बाद कथित वृक्षारोपण के सबूत भी जल कर नष्ट हो जाते हैं। वनीकरण के कथित दावों की पुष्टि नहीं की जा सकती है।

बेशक अंग्रेजी राज में पहाड़ के जंगलों का व्यावसायिक रूप से खूब दोहन हुआ, लेकिन तब जंगलों की सुरक्षा का भी समुचित ध्यान रखा जाता था। ब्रिटिश शासनकाल में गांव के मुखिया को 'पधान' कहा जाता था। पधान की राजस्व, फौजदारी सहित अनेक जिम्मेदारियां तय थीं। आजादी के बाद 'पधान' का पदनाम बदल गया। 'पधान' अब ग्राम प्रधान हो गए हैं। ब्रिटिश शासनकाल में पधानों की अपनी ग्राम सभाओं के प्रति कुछ निश्चित जिम्मेदारियां थीं। कानूनी रूप से उनके कुछ दायित्व तय थे जिनका उन्हें हर हाल में निर्वहन करना होता था। आज कल के ग्राम प्रधान अंग्रेजी राज में उन्हें सौंपे गए दायित्वों से मुक्त होकर विशुद्ध ठेकेदार की भूमिका में आ गए हैं।

अंग्रेजी हुकूमत के दौरान 24 अगस्त, 1910 को जारी शासनादेश संख्या-1765/1-148 द्वारा पधानों और मालगुजारों की जिम्मेदारियां तय की गईं थीं। इस शासनादेश के बिंदु संख्या-21 में कहा गया था- "यदि कोई व्यक्ति बंद जिला जंगलों या शाही जंगलों में आग लगाए या कायदों के खिलाफ पेड़ों को काटे, पेड़ों की टहनियां छिले अथवा बिना कानूनी इजाजत जंगलात की पैदावार को बेचे या बेचने को ले जाए तो पधान इसकी रिपोर्ट पटवारी या जंगलात के मुलाजिम को देगा।''इसी शासनादेश के बिंदु संख्या-22 में कहा गया था कि- ''उसके (पधान) गांव के नजदीक के किसी संरक्षित बंद सिविल जंगल या शाही जंगल में अगर आग लग जाए तो वह (पधान) फौरन गांव वालों को इकट्ठा कर आग बुझाने जाएगा। जब किसी जंगलात के मुलाजिम द्वारा उसे आग बुझाने को बुलाया जाता है तो वह (पधान) आग बुझाने में में वन कर्मियों की मदद करेगा।"

आज जबकि वन विभाग ही अपने दायित्वों के प्रति लापरवाह बना हुआ है तो ऐसी सूरत में ग्राम प्रधानों से कोई उम्मीद करना बेमानी है। कुछ दिन बाद बरसात आ जाएगी। वर्षा होते ही वनाग्नि शांत हो जाएगी। अगले साल की गर्मियों तक जंगल की आग का मुद्दा भी हमेशा की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा। बरसात में जंगलात विभाग फिर वनीकरण करेगा। अगली गर्मियों में पुनः वनीकरण वनाग्नि की भेंट चढ़ जाएगा। यह कहानी वर्षों से दोहराई जाती रही है। आगे भी जारी रहेगी।

## प्रसंगवश

# नीतीश और नायडू

240 सांसदों की अल्पमत वाली भारतीय जनता पार्टी ने केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का गठन कर लिया है। यह सरकार दो विशिष्ट बैसाखियों पर टिकी है, जो हैं 12 सांसदों वाली नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) और 16 सांसदों वाली चन्द्रबाबू नायडू की तेलगू देशम पार्टियां। कुछ और लघु सहायक भी हैं। ऐसा लगता था कि इस समर्थन के बदले ये दोनों कोई बड़ी सौदेबाजी करेंगे, किंतु अब तक जो तस्वीर सामने आई है, उसके अनुसार तो इनके हाथ झुनझुना ही लगा है। दोनों को मामूली विभाग वाला एक-एक कैबिनेट और एक-एक राज्यमंत्री ही हाथ लग पाया है। आगे की तस्वीर अभी धुंधली है। दोनों के नेता बेजोड़ पलटीमार फिर ऐसा दब्बूपन क्यों? नीतीश की तो मजबूरियां स्पष्ट हैं। उनका बिहार का मुख्यमंत्री पद ही भाजपा के भरोसे है। अब राजद की ओर पलट कर जाने का विकल्प बंद सा है, क्योंकि पिछले दिनों नीतीश भाजपा की शरण में आए ही इसलिए थे कि तेजस्वी खुद मुख्यमंत्री बनने की जोड़ तोड़ कर रहे थे। आगे 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव भी हैं और स्थिति कमोवेश ऐसी ही रहनी है। नीतीश का अपना पूर्ण बहुमत न कभी रहा है और न आएगा, किंतु मुख्यमंत्री वे बनना चाहेंगे। ऐसे में मोदी की कृपा ही उनका बेड़ा पार लगाएगी, जिसे वे सार्वजनिक रूप से पैर छूकर अर्जित कर रहे हैं। केंद्र में जो पद मिल गए, वे 'भागे भूत की लंगोटी' के समान और काफी हैं। अतः वे झुके बने रह सकते हैं। हालांकि चन्द्रबाबू नायडू के साथ ऐसी मजबूरी नहीं है। उनकी आंध्र में अपने बलबूते की सरकार है। तब वे इतनी कम उपलब्धि पर मान जाएं, यह बहुत कठिन है। राजग में थे तो वे पहले भी, किंतु घात लगते ही उसे छोड़ दिया था। अभी स्पीकर चुनाव पर उहापोह है। समझा जाता है कि नायडू इस कुंजी-पद पर अपनी पार्टी का आदमी बिठाना चाहते हैं। अब यदि इस मुद्दे पर बात न बनी, तो दरार जरूर पड़ेगी। एक बीच का रास्ता भी ढूंढा जा रहा है। वह यह कि भाजपा सांसद डी.पुरंदेश्वरी को इस आसन पर बिठा दिया जाए। वे चन्द्रबाबू की साली हैं। उनके नाम पर तो वे सहमति जता ही देंगे। बहरहाल आगे का घटनाचक्र देखने लायक होगा।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# प्रबंधन को अपनाकर वर्षा जल का करें संरक्षण



डा. खलील खान
कृषि विज्ञान केंद्र, कानपुर

हमारे पास उपलब्ध जल का 70 प्रतिशत उपयोग कृषि कार्य में होता है। अतः हमारी जिम्मेदारी भी अधिक है कि वर्षा जल के संरक्षण के साथ-साथ जल के प्रबंधन एवं सिंचाई दक्षता को अपनाना होगा।

हमारा देश कृषि आधारित है। आज भी 70 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर आधारित है और कृषि आधारित जल पर जिसमें 70 प्रतिशत सिंचाई भूजल के भरोसे है। इसके लिए हमें सबसे पहले वर्षा जल को संरक्षित करने भूगर्भ जल बढ़ाने हेतु रिचार्ज बढ़ाने जल स्रोतों का पुनरुद्धार करना होगा, क्योंकि यह सत्य है कि बिन पानी सब सून।

उत्तर प्रदेश में आगरा, बुलंदशहर, फिरोजाबाद, हाथरस, मैनपुरी, मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, संभल, अमरोहा, जौनपुर, प्रतापगढ़, कानपुर नगर एवं कानपुर देहात आदि जनपदों में भूजल संकट निरंतर बढ़ता जा रहा है। जल एवं वायु से ही जलवायु का अस्तित्व है। जलवायु परिवर्तन में जल की समस्या को बढ़ाया है। वनों की कमी पृथ्वी की जल संग्रह संरक्षण क्षमता पर प्रतिकूल असर डालता है, परंतु यदि हम खेती की ऐसी तकनीकी अपनाए, जो जलवायु के लिए मददगार हो वह जल की मात्रात्मक एवं गुणात्मक दोनों का सुधार होगा। अभी देश में ज्यादातर सिंचाई डूब प्रणाली के तहत की जाती है। विशेषता नहरी क्षेत्रों में खेतों को लबालब भर दिया जाता है।

पौधों को पानी देने हेतु ड्रिप एवं स्प्रिंकलर प्रणाली को अपनाकर हम "पर ड्रॉप मोर क्रॉप" को सिद्ध कर सकते हैं। कम पानी चाहने वाली फसलों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। ऐसी फसल प्रणाली अपनाना होगा कि खेत की नमी का पूरा उपयोग हो और फसलों की सिंचाई की क्रांतिक अवस्थाएं जानकर सिंचाई करनी होगी। हमें जल उपयोग प्रबंधन के साथ जल संरक्षण के ऐसे प्रबंधन अपनाने होंगे जिससे गांव के पानी को गांव क्षेत्र में तथा खेत का पानी खेत में रोका जा सके। गांव व खेत के तालाबों को इस लायक बनाना होगा कि उसमें एकत्र होने वाला पानी संरक्षित बना रहे। जुलाई-अगस्त-सितंबर में वर्षा जल के संरक्षण प्रबंधन की जन जागरूकता हेतु विश्वविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा समय-समय पर कृषक भाइयों तक तकनीकी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

भूजल से सिंचाई करने के बजाय वर्षा के पानी का उपयोग क्षमता व प्रबंधन बढ़ाना होगा। शुष्क तथा अर्ध शुष्क क्षेत्रों में आज भी आजीविका मुख्य साधन वहां की जल जमीन एवं जंगल तथा जानवर पर निर्भर है प्रकृति का स्वरूप विकृत हुआ है, क्योंकि आबादी बढ़ने के साथ आवश्यकताएं भी बढ़ी हैं। इन सब संसाधनों एवं उपायों को कारगर बनाने हेतु हमें 3 माह जुलाई, अगस्त और सितंबर में जल संरक्षण एवं रिचार्ज के प्रबंधन को अपनाना होगा, जो वर्षा हो उसकी हर बूंद को अपने खेत क्षेत्र (जलागम क्षेत्र) में संरक्षित करने का प्रबंधन अपनाना होगा। हमारा विश्वविद्यालय जल एवं भूमि संरक्षण के कारगर उपाय हेतु दृढ़ संकल्पित है। हमारे पास उपलब्ध जल का 70 प्रतिशत उपयोग कृषि कार्य में होता है। अतः हमारी जिम्मेदारी भी अधिक है कि वर्षा जल के संरक्षण के साथ-साथ जल के प्रबंधन एवं सिंचाई दक्षता अपनाना होगा। जल संरक्षण हेतु तकनीकी प्रबंधन में रबी फसलों की कटाई के बाद खेत की गहरी जुताई करना, कटी मेड़ों को बांधना, हरी खाद की बुवाई आदि कार्य के साथ जल संरक्षण हेतु "मोटी मेड़ छोटे खेत" का प्रबंधन अपनाना होगा।

विश्व में खेती में इस्तेमाल होने वाली जमीन 52 प्रतिशत से अधिक जल अपवाह के प्रबंधन सही न होने पर छरित होती है। वर्तमान में पर्यावरण से जुड़ी सभी समस्याओं में से भारत के लिए सबसे चिंताजनक एवं चुनौतीपूर्ण है। खेती में जल प्रबंधन में क्षेत्र आधारित जल की उपलब्धता विशेष जलवायु को विशेष फसल पद्धति सूक्ष्म सिंचाई, टपक सिंचाई व बौछारई को अपनाना होगा जिसमें हर बूंद पानी का प्रयोग होता है। देश में जल की कमी से अधिक जल के प्रबंधन की आवश्यकता है जिसको हमारे कृषि विज्ञान केंद्र व विश्वविद्यालय गांव-गांव, खेत-खेत तक तकनीकी पहुंचाने में कार्य कर रहे है। माह जुलाई-अगस्त-सितंबर के 90 दिन का प्रबंधन भू जल स्तर को ऊपर उठा सकता है। तालाब, पोखर भरे रहेंगे, खेतों में नमी संरक्षित रहेगी, परंतु तीन माह जल संरक्षण पर सतर्क रहना है। यदि हम वर्षा जल को संरक्षित कर ले तो पूरे देश-प्रदेश में जलस्तर बढ़ने के साथ-साथ जल उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी।

## सोशल फोरम

# भाषा की सामाजिक संरचना



अजय तिवारी
वरिष्ठ लेखक, नई दिल्ली

आजकल दिमाग अजीबोगरीब बातों से उलझा करता है। अब यही देखिए, जो बात करने चला था उसके पहले इस 'अजीबोगरीब' पर उलझ गया। 'अजीब' और 'गरीब' दोनों फरसी मूल से हैं। इनका ठीक-ठीक पर्याय मूल हिंदी या त्तासम का कोई शब्द नहीं मिला। 'विचित्र' को पर्याय नहीं कह सकते। बहरहाल या दूसरी बात है। 'अजीबोगरीब' को लेकर मन में सवाल उठा कि 'अजीब' होने का 'गरीब' होने से क्या संबंध है?

क्या अजीब होने के लिए गरीब होना अनिवार्य है? या गरीब को अजीब मान लेने का रिवाज है? यह 'गरीब' बेचारा वाले अर्थ में प्रयुक्र गरीब नहीं है, जो अंग्रेजी के 'पूअर फेलो' के बदले आता है, लेकिन इसमें 'अजीब' को हिंदी के 'विचित्र के समानार्थक के रूप में देखा जा सकता है फिर भी इसमें 'गरीब' वाली ध्वनि छूट जाती है। इस पर ध्यान इसलिए गया कि अक्सर हम लोग मुस्लिम समाज को भेदभावरहित समझ लेते हैं। हालांकि जहां भी मनुष्य समाज में संगठित है और कम या ज्यादा विकास कर रहा है, वह स्तरों की संरचना से बाख नहीं सकता। बादशाह और उसका बावर्ची, दरबारी और उनके दर्जी-धोबी, सैनिक और साईस एक नहीं हैं, न समान हैं। रानियां भी एक सामान नहीं होतीं। बेशक, उनमें भारत या जापान की तरह छुआछूत का भेद नहीं है, लेकिन स्वामी और सेवक का भेद है।

इसलिए 'अजीब' और गरीब' को जोड़कर बनाया गया शब्द अभिजन का दृष्टिकोण व्यक्त करता है। भाषा की संरचना सामाजिक संरचना को ही व्यक्त करती है। मन में बात उठी कि 'समतल' का विलोम क्या होगा? किसी ने कहा 'खुरदुरा', लेकिन वह तो 'चिकना का विलोम ज्यादा सटीक लगता। बहुत सोचने के बाद लगा, अगर सम-विषम का विलोम हटा है तो समतल का विलोम विषमतल क्यों नहीं हो सकता?

यह सिर्फ कौतुक नहीं है। अपनी भाषा के विभिन्न पहलुओं पर सोचने-विचारने की साझा कोशिश है। इसलिए आपसे बात की मान लीजिए कि बोलचाल की सरल भाषा में कहें तो जमीं बराबर हाउ या नहीं है। क्या इस बराबर नहीं को 'गैरबराबर' कहा जा सकता है?

-फेसबुक वॉल से

# पतंगबाजी, यमुना और गंगा दशहरा



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

पतंगबाजी पुरानी संस्कृति के सबसे बेहतरीन रूपों में से एक है। पतंग उड़ानी है तो पेंच भी लड़ाने होंगे। उसमें जो आनंद होता था, पतंग काटने या कटने, पतंग लूटने का जो मजा था, वह आनंद मोबाइल कल्चर, वह ट्यूब कल्चर में नहीं है। पतंगबाजी की प्रतिस्पर्धा के अपने मजे थे। उसमें शानदार एडवेंचर था। खास तरह की प्रतिस्पर्धा थी। उसके बारे में आजकल के युवाओं के पास कोई अनुभव नहीं है। पतंग कल्चर का युवाओं के जीवन से गायब होने का अर्थ है संस्कृति के स्वतः स्फूर्त अनुभव का अंत।

कल गंगा दशहरा था और गूगल वाला पितृ दिवस भी। विलक्षण संयोग था पतंगबाजी का महोत्सव था। मैं मथुरा में हूं। पिता से वायदा किया था कि उनकी अनुपस्थिति में जितना संभव हो, मैं अपने मथुरा घर पर रहूं। उनके देवी-देवताओं की सेवा-अर्चना करूं। उनके साथ किए वायदे को मैं यथाशक्ति निभाता हूं।

इस दिन का मथुरा का पुराना अनुभव और यथार्थ कहां और कैसे गायब हो गया यह अपने आप में चिंता की बात है। इस दिन शहर की सारी छतें पतंग उड़ाते युवाओं से सारे दिन भरी रहती थीं। छतों की रौनक देखने लायक होती थी। पतंगबाजी के सामान की दुकानें कई सप्ताह पहले से भरी रहती थीं। दशहरे के आगमन के पहले से पतंगें आकाश को घेरे रहती थीं। पतंग बेचने वालों के लिए यह अवसर बहुत बड़ा दिन होता था। पिछले कई दिनों से मैं बाजार जा रहा हूं, पर पतंग बेचने वाले दुकानदारों की दुकानों पर रौनक नहीं दिखी।

आकाश पतंगों से रहित था। छतों से पुरानी रौनक गायब है। पतंग उड़ाते और पतंग का सामान खरीदते बच्चे गायब थे। यह सब क्यों और कैसे हुआ, इस पर सोचने का किसी के पास समय नहीं है। हम सब इतने व्यस्त और प्रगतिशील हो गए हैं कि अपने लोक जीवन के आनंद के क्षय को न तो समझते हैं और न समझाने की कोशिश करते हैं। पतंग अब इतनी कम क्यों उड़ती है? पहले क्यों अधिक उड़ती थी? इस सवाल का उत्तर खोजने जाएंगे तो पाएंगे कि हमारे जीवन से, खासकर युवाओं के जीवन से मनोरंजन और आनंद के पुराने रूप एक सिरे से गायब हो गए हैं। इसके कारण युवाओं में सांस्कृतिक अभाव पैदा हुआ है। पतंग की संस्कृति सांस्कृतिक सद्भाव की संस्कृति थी। पतंग मुसलमान कारीगर बनाते थे वे ही माजा बनाते थे। उन कारीगरों की सालभर की जिंदगी के संचालन में इस कारोबार की बड़ी भूमिका थी।

पता नहीं किस अदृश्य हाथ ने पतंगबाजी को बर्बाद कर दिया। पतंगबाजी ने युवा वर्ग में सामुदायिकता और स्थानीयता का संगम पैदा किया था। हिन्दू-मुस्लिम सद्भाव पैदा किया था। गंगा-जमुनी संस्कृति की पहचान थी पतंगबाजी। पतंगबाजी के क्षय का अर्थ है गंगा-जमुनी संस्कृति और युवाओं की धर्मनिरपेक्ष सामुदायिक चेतना का क्षय। इस क्षय को संभव बनाने में कई चीजों की भूमिका है। नव्य आर्थिक संस्कृति ने जिस तरह की युवा संस्कृति पैदा की है, उसने युवा संस्कृति के पुराने रूपों को एक सिरे से ध्वस्त किया है। इसने युवाओं को पुराने सांस्कृतिक रूपों, पुरानी युवा सामुदायिकता से एकदम विच्छिन्न किया है। अब युवा वास्तविक जीवन में पतंगबाजी करके आनंद नहीं लेता, बल्कि अब उसका मन तकनीक और इंटरनेट केन्द्रित संस्कृति और उपभोक्ता संस्कृति के रूपों में अधिक रमता है। ये सभी रूप युवाओं को संस्कृतिहीन बनाते हैं। संस्कृतिहीन युवा सामाजिक शिरकत और धर्मनिरपेक्ष चेतना से वंचित है और अपनी संस्कृति से प्रेम करना नहीं जानता। इस युवा का समाज से संबंध टूट चुका है।

पतंगबाजी पुरानी संस्कृति के सबसे बेहतरीन रूपों में से एक है। पतंग उड़ानी है तो पेंच भी लड़ाने होंगे। उसमें जो आनंद होता था, पतंग काटने या कटने, पतंग लूटने का जो मजा था, वह आनंद मोबाइल कल्चर, वह ट्यूब कल्चर में नहीं है। पतंगबाजी की प्रतिस्पर्धा के अपने मजे थे। उसमें शानदार एडवेंचर था। खास तरह की प्रतिस्पर्धा थी। उसके बारे में आजकल के युवाओं के पास कोई अनुभव नहीं है। पतंग कल्चर का युवाओं के जीवन से गायब होने का अर्थ है संस्कृति के स्वतः स्फूर्त अनुभव का अंत। उस स्टिंक्ट फीलिंग का अंत जो सदियों के श्रम से समाज ने विकसित की थी।

यही दशा यमुना की है। मेरा घर यमुना किनारे है। गंगा दशहरा के दिन जबरदस्त भीड़ होती थी। लाखों लोग यमुना में डुबकी लगाने के लिए मथुरा आते थे। शहर के रहने वाले यमुना में नहाने आते थे, लेकिन अब शहर के लोग नहाने नहीं आते। यमुना गंदे पानी से भरी पड़ी है। गंदगी, यमुना और धर्म का इस तरह का संगम सिर्फ भारत में ही संभव है। यमुना की पवित्रता के प्रति इस तरह की अवहेलना का भाव इस बात का संकेत है कि धर्म, धार्मिक प्रतीकों और नदियों की स्वच्छता पवित्रता के क्षय को लेकर समाज, राजनीति, उद्योग जगत, सत्ता तंत्र में कोई सचेतनता नहीं है। यह धर्म के क्षय का आदर्श रूप है, जो हमारे सामने है।

सवाल यह है कि नदियों में गंदगी देखकर जनता में क्रोध पैदा क्यों नहीं होता, जबकि जनता धार्मिक है! पवित्र नदियों का प्रदूषित रूप इस बात का प्रतीक है कि धर्म प्रदूषित हो रहा है। धर्मचेतना का क्षय हो रहा है। क्या यह हमारी लोकतांत्रिक चेतना के क्षय की सूचना तो नहीं है?

# बुजुर्गों में बढ़ती सामाजिक असुरक्षा



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इलाहाबाद हाईकोर्ट की एक केस की सुनवाई के दौरान टिप्पणी आई है कि "हमारे देश में बच्चों से बुजुर्ग पेरेंट्स की देखभाल की अपेक्षा की जाती है, लेकिन नैतिक मूल्यों में इस कदर गिरावट आई है कि जिन बच्चों के लिए पेरेंट्स इतना त्याग करते हैं वही बच्चे बुढ़ापे में उन्हें खाने और मोहब्बत के लिए तरसा रहे हैं। कई मामलों में बच्चे पेरेंट्स से संपत्ति ले लेने के बाद उन्हें छोड़ देते हैं। यह बहुत ही दुखद है कि और नैतिक मूल्यों में गिरावट का प्रतीक है"। भारत में बुजुर्गों की सामाजिक सुरक्षा का अनुसंधान कर रहे एनजीओ हेल्पेज की हाल में जारी रिपोर्ट के अनुसार बुजुर्गों में सामाजिक और आर्थिक असुरक्षा तेजी से बढ़ रही है। देश में मात्र 29 प्रतिशत बुजुर्गों को ही सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जैसे बुढ़ापा पेंशन, भविष्य निधि योजना का लाभ मिल रहा है।

नेशनल हेल्थ सर्वे की ताजा रिपोर्ट बताती है कि पिछले 5 वर्षों में जहां 15 वर्ष से कम आयु वाले बच्चे उत्पत्ति में 2 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। वहीं 60 से अधिक आयु के बुजुर्गों की संख्या 10 प्रतिशत से बढ़कर 12 प्रतिशत हो गई है। आंकड़ों के अनुसार इनमें से 70 प्रतिशत, कोई काम नहीं कर रहे हैं और यह अपने परिवारों पर या मिलने वाली पेंशन पर ही आश्रित हैं। हमारी नवगठित सरकार की जिम्मेदारी है कि कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को ध्यान में रखकर कल्याण की योजनाओं में वृद्धि करें, क्योंकि सामाजिक सुरक्षा एक पारंपरिक अवधारणा है। इसमें गरीबी, बुढ़ापे, बीमारी आदि के खिलाफ जोखिम और असुरक्षा के दौरान सुरक्षा देने के उद्देश्य शामिल हैं। पुरानी पेंशन बहाली, पेंशन में इजाफा, भविष्य निधि योजना में ब्याज में बढ़ोतरी, हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम दरों में कमी, रेलवे में कोविड से पहले मिलने वाली किराए की छूट, कुछ ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत होगी ताकि बुजुर्ग अपने को असुरक्षित महसूस न करें।

# फांसी की रस्सी टूटी तो मुख्य आरक्षी ने चाकू से काट लिया गला, मौत

## पुलिस अधीक्षक बोले, प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला, जांच हो रही है

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जालौन के कैलिया थाने में तैनात मुख्य आरक्षी का शव संदिग्ध हालात में थाने के अंदर बने सरकारी आवास में मिलने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो कमरे में खून से लथपथ शव मिला। पुलिस प्रथम दृष्टया आत्महत्या मान रही है। मुख्य आरक्षी कन्नौज जिले का रहने वाला था, उसके परिजनों को सूचना भेजी गई है।


वीरेंद्र सिंह।



कैलिया थाना।

पुलिस के अनुसार कैलिया थाने के सरकारी आवास पर मुख्य आरक्षी वीरेन्द्र सिंह के आत्महत्या करने की खबर पुलिस को मिली। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो वहां पंखे से फांसी का फंदा लटकता मिला। जबकि खून से लथपथ शव बगल में पड़ा था। मामले की सूचना पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को दी। मौके पर पहुंचे अधिकारी प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या मान रहे हैं। लेकिन सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। पुलिस के अधिकारियों ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को भेज दी है। पुलिस का कहना है कि आरक्षी वीरेन्द्र सिंह ने कमरे में पंखे से रस्सी बांधकर गले में फांसी लगाई थी मगर रस्सी बीच से टूट जाने के बाद आरक्षी वीरेन्द्र सिंह ने चाकू से अपनी गर्दन पर प्रहार कर आत्महत्या की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आत्म हत्या के कारण का पता लगाने के लिए टीम का गठन किया गया है।

- कैलिया थाने में तैनात था आरक्षी वीरेन्द्र सिंह

### कन्नौज के पदारसपुर का रहने वाला था मुख्य आरक्षी

थानाध्यक्ष राजीव कुमार बेस ने बताया कि मुख्य आरक्षी वीरेंद्र सिंह कन्नौज जनपद के पदारसपुर गांव के निवासी थे। 1995 में आरक्षी के पद पर पुलिस में भर्ती हुए थे, उनके दो लड़के व एक लड़की है। जो गांव में रहते हैं। पिछले एक साल से उसकी जालौन में तैनाती थी।

#### जांच कर रहे हैं



रविवार सुबह सूचना मिली कि कैलीया थाने के एक आरक्षी का शव उनके कमरे में मिला है, सभी अधिकारी मौके पर पहुंचे। देखने से पता चला कि एक रस्सी कमरे में लगे पंखे से लटक रही थी और उसी रस्सी का कुछ हिस्सा आरक्षी के गले में लगा हुआ था, बीच से रस्सी टूटी हुई मिली है, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि उसने पहले पंखे से लटक कर आत्म हत्या करने का प्रयास किया और रस्सी के टूट जाने के बाद सब्जी काटने वाली चाकू से गले में वार किया, जिससे खून के रिसाव से मृत्यु हो गई। उन्होंने कहा की प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, फिर भी फोरेंसिक टीम घटना स्थल की जांच कर रही है।

– डॉ. ईरज रजा, एसपी, जालौन


फादर्स-डे पर पिता का मुंह मीठा कराती बेटी।

# फादर्स-डे पर बच्चों ने बताया पिता का महत्व

**जालौन।** फादर्स-डे पर बच्चों ने अपने-अपने पिता की आरती कर तिलक लगाकर उनसे आशीर्वाद लिया, सभी ने अपने जीवन में पिता के योगदान का महत्व बताया। चुरखी बाल निवासी सौम्या द्विवेदी कहती हैं कि पिता बच्चों के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर देते हैं, उन्हें अपने बच्चों के सुख में ही अपना सुख दिखाई देता है। वहीं शिल्पी उदैनिया कहती हैं कि पिता का जीवन में विशेष महत्व होता है वह अपने बच्चों की ख्वाहिश पूरी करने में पूरा जीवन गुजार देते हैं। खुद साधारण रहकर अपने बच्चों के हर शौक पूरे करते हैं। कैथ की दीक्षा श्रीवस्ताव कहतीं हैं कि बच्चों की जिंदगी में पिता का बहुत अहम रोल होता है, पिता के आशीर्वाद से ही बच्चे आगे बढ़ते हैं।

# कागज, कालीन उद्योग का विकास करना रहेगी पहली प्राथमिकता : नारायणदास

संवाददाता, कालपी(जालौन)

**अमृत विचार।** सांसद बनने के बाद पहलीबार कालपी आगमन पर सांसद नारायणदास अहिरवार भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान सांसद ने कहा कि ऐतिहासिक नगरी कालपी के चतुर्मुखी विकास तथा समस्याओं के समाधान व जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सड़क से लेकर संसद तक पूरी शिद्दत से कार्य करूंगा। किलाघाट स्थित मंडलीय प्रशिक्षण केंद्र कालपी में आयोजित समारोह में नवनिर्वाचित सांसद का नागरिकों ने जोरदार स्वागत किया। सांसद ने कहा कि जनपद जालौन के लोग जब गैर प्रदेश में रोजगार या श्रम के लिए जाते हैं, तो अच्छा महसूस नहीं होता है, उन्होंने कहा कि जनपद में ही रोजगार के अवसर बनाये जाएंगे। कालपी में कागज, कालीन उद्योग का विकास कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। कहा कि जनपद में बेहतर शिक्षा तथा उचित इलाज के संसाधन को विकसित करने के लिए पूरी ताकत लगा दूंगा। उप्र. हाथ कागज निर्माता संघ के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी ने यमुना नदी स्वरूप निखारने तथा प्राचीन किले का विकास कराने पर जोर दिया। जबकि सपा नगर अध्यक्ष अजीत यादव ने कालपी रेलवे स्टेशन में लम्बी दूरी की रेलगाड़ियों के ठहराव कराने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के महेंद्र कुमार गौतम ने किया। बीमा कम्पनी के अधिकारी चंचल कुमार, नरेंद्र यादव, नफीसुर्रहमान, यूनुस रहमानी, पवनदीप निषाद, जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष सलीम अंसारी, परमलाल अहिरवार, अयूब सिद्दीकी ने सांसद का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सांस्कृतिक संस्था इप्टा के रंगकर्मियों ने कार्यक्रम में गीत गजल सुनाकर नवनिर्वाचित सांसद नारायणदास अहिरवार का स्वागत किया। समाजसेवी संस्था रामो-बामो क्लब कालपी के अध्यक्ष महेंद्र गौतम तीन दशक की सेवाओं के बाद बीमा कंपनी के अधिकारी के पद से रिटायर हुए हैं। इस मौके पर क्षेत्रीय सांसद, समाजसेवियों ने महेंद्र गौतम को माला पहनाकर विदाई दी।


स्वागत समारोह में विचार व्यक्त करते सांसद नारायणदास अहिरवार। अमृत विचार

- निर्वाचन के बाद पहलीबार कालपी आगमन पर सांसद का हुआ भव्य स्वागत

# लाठी लगने से अधेड़ की मौत

संवाददाता, माधौगढ़, जालौन

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम झरैला में भतीजे को बचाने आए चाचा को लाठी लग गई, जिससे वह घायल हो गया। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है।

रामपुरा थाना क्षेत्र के गांव झरैला में बने प्राथमिक विद्यालय में गुरुवा की रात को ताला तोड़कर लैपटॉप चोरी हो गए थे। उस विद्यालय में विमला देवी रसोइया हैं। उसने अध्यापकों को इस बात की सूचना दी। इस पर अध्यापकों ने स्कूल में पढ़ने वाले कुछ छात्र-छात्राओं के पिता को बुलाकर लैपटॉप लाने के लिए कहा। इन लोगों को लगा कि रसोइया विमला देवी ने उनके नाम बताए है। विमला देवी व पुत्र गोलू दरवाजे पर बैठे थे तभी चार आरोपी लाठी लेकर आ गए और विमला देवी व गोलू के साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे तभी चाचा प्रताप सिंह उर्फ लल्लू कोरी 55 वर्ष, बीच वचाव करने के लिए पहुंचे और लाठी लगने से जमीन पर गिर गए। उसे माधौगढ़ सीएचसी में भर्ती कराया। थाना प्रभारी योगेन्द्र पटेल का कहना है कि मृतक के शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं हैं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामला दर्ज किया जाएगा।


रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

# अपहरण का आरोपी हुआ गिरफ्तार

**कालपी (जालौन)।** किशोरी को बहला फुसलाकर भाग ले जाने की में शामिल आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली किशोरी को एक युवक बहला फुसलाकर ले गया था। घटना को लेकर पीड़ित पक्ष की ओर से नामजद आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र पाठक के निर्देशन पर ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने कई संभावित ठिकानों पर दबिश दी। मुखबिर की सूचना पर दुर्गा मंदिर चौराहे से आरोपी युवक फारूक पुत्र मुस्ताक निवासी ग्राम रिरुआ को गिरफ्तार कर जेल भेज

# इनोवा की टक्कर से लोडर के नीचे काम कर रहे चालक की गई जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कल्याणपुर थानाक्षेत्र में हुई घटना, जालौन से बिठूर जा रहा था लोडर

**अमृत विचार।** गंगा दशहरा पर जालौन से स्नान करने के लिए बिठूर आ रहे ग्रामीणों का लोडर कल्याणपुर थानाक्षेत्र में खराब हो गया। चालक नीचे लेटकर नट टाइट कर रहा था इसी बीच तेज रफ्तार से आ रही इनोवा ने लोडर में टक्कर मार दी। जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

जालौन गुढ़ा डकोर निवासी वनमाली का 25 वर्षीय पुत्र देवीदीन लोडर चलाता था। चाचा रामविलास के अनुसार रविवार को गंगा दशहरा के चलते वह शनिवार रात ग्रामीणों को लोडर में बिठाकर गंगा स्नान के लिए बिठूर को निकला था। कल्याणपुर में लोडर की शॉफ्ट ढ़ीली हो गई है। जिस पर चालक ने सवारियां उतार दीं और गाड़ी के नीचे लेटकर नट टाइट करने लगा। लोगों ने बताया कि तेज रफ्तार इनोवा कार आई और लोडर में टक्कर मार दी। लोडर के नीचे लेटा देवीदीन कार की चपेट में आ गया। मौके पर ही उसकी दबकर मौत हो गई। चालक मौके से फरार हो गया।

## सार-संक्षेप

### डंडा मारने से गाय की मौत, तनाव की सूचना पर पहुंची पुलिस

**उरई (जालौन)।** गोहन थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रमानीपुर में खेत में चरने के लिए घुसी गाय को गांव के ही एक व्यक्ति ने डंडे से पीट दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस पर गांव में तनाव की स्थिति पैदा हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस और अधिकारी मौके पर पहुंचे। आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया जिसके बाद ग्रामीण शांत हुए।

### डीएम ने कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने शनिवार देर शाम को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित पेयजल व विद्युत विभाग के कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर शिकायतों और उनके निस्तारण के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों को उपभोक्ताओं की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन द्वारा पेयजल व विद्युत सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का समय पर निस्तारण करें।

### भूमि हड़पने की शिकायत

**जालौन।** फर्जी दस्तावेज बनाकर भूमि हड़पने की शिकायत तहसील दिवस पर दी गई है। मोहल्ला भवानी राम निवासी राजीव कुमार पुत्र ताराचंद ने तहसील दिवस पर जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी मां संतोषी देवी अपने पति ताराचंद के साथ बरेली में रहती थी। उसके बाबा बालकिशन भी बरेली में रहते थे। बाबा बालकिशन के एक भाई रामकिशन ने कूट रचित करके मेरे बाबा की जमीन लगभग 1.151 हेक्टेयर को फर्जी तरह से अपने नाम कर लिया। जिसकी जानकारी जब मुझे और मेरी मां को हुई तो उसकी शिकायत की गई।

### सहाव रजबहा की क्षतिग्रस्त पुलिया निर्माण की मांग

**उरई (जालौन)।** सहाव रजबहा पर बनी पुलिया क्षतिग्रस्त होने से किसानों को अपने खेतों पर जाने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिया के निर्माण कराए जाने की मांग को लेकर किसानों ने जिलाधिकारी को एक मांग पत्र सौंपा। सहाव निवासी संजय चतुर्वेदी सहित करीब आधा दर्जन किसानों ने तहसील दिवस पर जिलाधिकारी राजेश पांडेय को एक मांग पत्र देते हुए बताया कि सहाव रजबहा पर बनी पुलिया क्षतिग्रस्त होकर समाप्त हो गई है, जिससे रजबहा को पार करने में किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता है किसानों के हित में उक्त क्षतिग्रस्त पुलिया का पुन: निर्माण कराए जाने का आदेश जारी करें।


लू और गर्मी के चलते सुबह 10 बजे ही मुख्य सड़क पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

### लू के चलते जिले में अलर्ट घोषित

**उरई (जालौन)।** प्रदेश के मौसम विभाग ने कई जनपदों के लिए रविवार को लू का अलर्ट घोषित किया है। इसमें जालौन जनपद भी है। सुबह 10 बजे से ही सूरज की तपन के साथ ही गर्म हवाएं लोगों को खूब चुभने लगीं। जैसे-जैसे गर्मी व तपन का पारा चढ़ने लगा लोग घर पहुंच कर कूलर, एसी व पंखे के सामने बैठने को मजबूर हो गये। आलम यह रहा कि दिन में 12 बजे के बाद सड़कों पर कुछ जरूरत मंद ही लोग नजर आये। रविवार को भीषण गर्मी के साथ धूप भी चरम सीमा पर कहर बरपाती रही। दिन के समय तो हालत यह हो गयी कि चलने वाली गर्म हवाएं लोगों को खूब चुभीं। इससे लोगों की दिनचर्या पर बहुत बुरा असर पड़ रहा है। लोगों के रोजमर्रा के कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। वहीं भीषण गर्मी की मार व्यापारी वर्ग को झेलनी पड़ रही है। पटरी दुकानदारों के साथ-साथ दिहाड़ी मजदूर भी परेशान है। भीषण गर्मी पड़ने के कारण निर्माण कम हो रहे है इसमें उन्हें काम के लाले पड़ रहे हैं। रविवार को मौसम का रुख सुबह से ही सख्त रहा। दोपहर डेढ़ बजे तापमान 42 डिग्री के आसपास रहा। जो साढ़े तीन बजे 44 डिग्री पहुंच गया। आसमान से आग बरसने के साथ-साथ लू चलती रही।

# विद्यार्थी टैबलेट का उपयोग अपनी पढ़ाई में कर आगे बढ़ें

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जालौन कस्बे के सेठ वीरेंद्र कुमार महाविद्यालय गुड़ा में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत एमए और एमएससी के सत्र 2022-2023 और सत्र 2023-2024 के छात्र-छात्राओं को टैबलेट का वितरण किया गया। टैबलेट का वितरण नगर पालिका अध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल द्वारा किया गया। महाविद्यालय में 298 टैबलेट स्वीकृत हुए थे, जिनका वितरण किया गया। कार्यक्रम में नेहा पुनीत मित्तल ने बताया कि इस टैबलेट की मदद से छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में मदद मिलेगी तथा आप सभी टैबलेट का उपयोग अपनी पढ़ाई में करें। उन्होंने बताया कि सरकार निरंतर छात्राओं के हित में कार्य करती रही है और इस तरह की अन्य योजना के द्वारा आगे भी करती रहेगी। कार्यक्रम में अवधेश दीक्षित, डॉक्टर अवनीश दीक्षित, डॉक्टर सचिन अवस्थी, चंद्रभान मिश्रा, नरेंद्र नायक, गोपाल जी खेमरिया, विनीत मिश्रा, राजकुमार यागिक ,विनय दीक्षित, मनीष यज्ञिक ,चंद्रभान सिंह सेंगर, गिरजा शंकर आदि मौजूद रहे।


टैबलेट के साथ विद्यार्थी। अमृत विचार


बकरीद की पूर्व संध्या पर मस्जिद में तैयारियां देखते मुस्लिम समाज के लोग।


बकरीद त्योहार को लेकर डीएम व एसपी रूट मार्च करते हुए। अमृत विचार

# बकरीद आज, मस्जिदों में तय हुआ नमाज का समय

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** बकरीद को लेकर शहर की ईदगाह व अन्य मस्जिदों में नमाज को लेकर तैयारियां कर ली गयी हैं। सभी मस्जिदों में साफ-सफाई के साथ पानी की उचित व्यवस्था की गयी है। जानकारी देते हुए शहर काजी शकील बेग रहमानी ने बताया कि बकरीद पर करसान रोड स्थित सुन्नी ईदगाह पर शाही इमाम हाफिज फिरोज अली रहमानी 7.30 बजे, बड़ी मस्जिद में कारी हसन 8 बजे, क्लब की मस्जिद में सदर इमाम जमील अहमद कादरी 7.30 बजे। नबी मस्जिद में शहर इमाम हाफिज मंजूर बरकाती 7.30 बजे, कुरैसियान मस्जिद में हाफिज आमिर 7 बजे, बघौरा वाली मस्जिद में हाफिज अजीज कादरी 7 बजे, नीलबरी मस्जिद में हाफिज फजले मजीम 8 बजे, स्टेशन वाली मस्जिद में हाफिज अब्दुल जब्बार 8 बजे, लहारियापुरवा वाली मस्जिद में हाफिज गुलाम हसन 8 बजे, दादुपुरा जामा मस्जिद में हाफिज यूसुफ कादरी 7.45 बजे। वहीं देवबंद अकायद में रामनगर स्थित ईदगाह पर मोहम्मद मियां 8 बजे, बजरिया रोड स्थित जामा मस्जिद मौलाना लईक 7.30 बजे, तिलकनगर स्थित पीरों वाली मस्जिद में मौलाना बिलाल मुईन 7.15 बजे नमाज अदा कराएंगे।

### डीएम, एसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

**उरई (जालौन)।** बकरीद को लेकर जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने नगर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज रजा ने नगर के प्रमुख रास्तों का भ्रमण करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बकरीद को लेकर उन्होंने झंडा चौराहे से छत्रसाल रोड तकिया मैदान आदि का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने लोगों से अपील की है कि त्योहार को आपसी सौहार्द से मनाएं। इस दौरान कोतवाल वीरेंद्र कुमार पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल के अलावा स्थानीय पुलिस बल मौजूद रहा।

**कार्रवाई** राजस्व, पुलिस व नगर पालिका की संयुक्त टीम ने कालपी नगर में की कार्रवाई

# सड़क पर डंप की निर्माण सामग्री, किया जुर्माना

संवाददाता कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** राजस्व, पुलिस तथा नगर पालिका की संयुक्त टीम के द्वारा कालपी नगर में बाजार, सड़कों, फुटपाथ तथा सार्वजनिक स्थलों में बालू, गिट्टी के ढेर लगाकर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ अभियान चलाया गया। नायब तहसीलदार तथा अधिषासी अधिकारी की संयुक्त टीम के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में 5 दुकानदारों से 30 हजार रुपये जुर्माना वसूल करके जब्तीकरण की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कई दुकानदार अपना-अपना सामान समेटने में जुटे रहे। सड़कों के किनारे मौरंग तथा गिट्टी के ढेर लगे होने के कारण लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इसी को मद्देनजर रखते हुए उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल के निर्देश पर नायब तहसीलदार नीलमणि सिंह, अधिषासी अधिकारी अवनीश शुक्ला के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक रामभवन सिंह, निर्माण बाबू, सरफराज खान, सफाई प्रभारी शिशुपाल सिंह, पप्पी यादव, पुलिस बल व पालिका कर्मचारियों के द्वारा जेसीबी तथा ट्रैक्टर से मोहल्ला आलमपुर बाईपास, नवीन पालिका मार्केट व सार्वजनिक स्थलों पर गिट्टी, मौरंग तथा ईंट के ढेर लगे हुए थे।

**इन पर हुई कार्रवाई:** अभियान के दौरान सार्वजनिक भूमि व सड़क में निर्माण सामग्री बेचने वाले दुकानदार गोसाईं ट्रेडर्स पर 5 हजार रुपये जुर्माना, पूजा ट्रेडर्स से 15 हजार रुपये जुर्माना, पीताम्बरा ट्रेडर्स से 5 हजार रुपये जुर्माना तथा राजा ट्रेडर्स से 5 हजार रुपये जुर्माना वसूल किया गया व 4 दुकानदारों को नोटिस दिए गए। उक्त दुकानदारों के द्वारा सार्वजनिक स्थल तथा सड़क के किनारे निर्माण सामग्री डालकर अतिक्रमण करके कारोबार किया जा रहा था। राजस्व निरीक्षक राम भवन सिंह ने बताया कि उक्त दुकानदारों के पास बालू, गिट्टी, ईंट आदि बेचने के लिए नगर पालिका का लाइसेंस भी नहीं था। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में 5 दुकानदारों पर जुर्माना तथा जब्तीकरण की कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि अगर दुबारा अतिक्रमण करते कोई पाया जाता है तो सम्बंधित व्यक्ति के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।


कार्रवाई करती टीम। अमृत विचार

- 5 दुकानदारों पर की गई कार्रवाई, 30 हजार वसूले

# ‘मकसद’ पर खरे नहीं उतर रहे अमृत सरोवर

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायतों का सुंदरीकरण करने उद्देश्य से बनाए गए अमृत सरोवर अपने मकसद को पूरा नहीं कर पा रहे। ग्राम पंचायत के ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए लघु पार्क के रूप में इन्हे विकसित किया जाना है। बैठने के लिए सीमेंट की कुर्सियों को स्थापित कराए जाने की योजना है। जिन ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर के निर्माण के लिए सरकारी जमीन नहीं है वहां पर पुराने तालाबों को अमृत सरोवर में तब्दील करना है। इसके चलते जालौन जनपद में अमृत सरोवर निर्धारित लक्ष्य से आधे भी नहीं बन पाए है। जिन पंचायतों ने अमृत सरोवर बना भी दिए है, उनमें से अधिकांश में एक बूंद पानी नहीं है और न ही एक भी पौधा नजर आ रहा है। जबकि एक अमृत सरोवर निर्माण में लाखों का खर्च होता है। इसमें तालाब की खुदाई में 15 से 20 लाख रुपये, तार बंधवाने में 5 लाख रुपये, पौधरोपण में 2 लाख रुपये, तालाब के आस पास बराबर करवाने में 2 लाख रुपये तथा कुर्सियां, बिजली, सजावट इत्यादि में 5 लाख रुपये, गेट, तालाब के आसपास इंटर लॉकिंग आदि में 5 लाख रुपये खर्च होने हैं इससे एक सरोवर के निर्माण में 30 से 35 लाख रुपये का बजट है लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदार उदासीन बने हुए हैं।


सूखा पड़ा अमृत सरोवर।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

मैं **सत्येंद्र कुमार पुत्र श्री भरत यादव निवासी मकान नंबर 570/870 सी गोपालपुरी आलमबाग लखनऊ** मेरे पुत्र का नाम आधार पर अंकित कुमार दर्ज है जबकि वास्तविक नाम अनिकेत यादव है अंकित कुमार को भविष्य में अनिकेत यादव के नाम से जाना वहां पहचान जाए

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र रिंकू कुमार के गलत संगत के चलते उसका चालो चालान खराब हो गया है जिससे मैं अपनी चल अचल संपत्ति से उसे बेदखल करता हूं भविष्य में रिंकू कुमार द्वारा किए गए कार्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा जिसका मेरा और मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा । **– राकेश कुमार पुत्र स्व लक्ष्मण निवासी ग्राम व पोस्ट पींड थाना व परगना देवा बाराबंकी**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र मयंक कुमार सिंह का चाल-चलन ठीक नहीं हैं। वह मेरे परिवार से अलग निवास करता है। वह अपने कार्यो का स्वयं जिम्मेदार है। मैंने उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। **–पुष्पेन्द्र सिहं ग्राम– लालपुर शिवराजपुर थाना – शिवली, कानपुर देहात**

**सूचना**

मैं **नीतू निगम, पत्नी राजीव मोहन सक्सेना, निवासिनी – 148/62–ए, दुगांवा, राजेन्द्र नगर, थाना नाका, जिला लखनऊ,** मेरा अमीनाबाद पोस्ट आफिस, अमीनाबाद पार्क शाखा लखनऊ में नीतू के नाम से बचत खाता सं0– 10032365832 है । समस्त शैक्षिक प्रपत्रों में मेरा नाम नीतू निगम दर्ज है। मेरे उपरोक्त खाता संख्या पर मेरा नाम नीतू के स्थान पर नीतू निगम दर्ज किया जाय। यहकि नीतू एवम् नीतू निगम एक ही व्यक्ति के नाम है तथा नीतू को नीतू निगम से ही जाना व पहचाना जाता है ।

## एक नजर

### 60 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** एसपी उदय शंकर सिंह के निर्देश पर रविवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 60 वाहनों का चालान करते हुए एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है।

### बालिकाओं को किया जागरूक

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर रविवार को जनपद के सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया है।

### देवर और जेठ ने पीटा

**जाफरगंज।** थाना क्षेत्र के रामपुर की रहने वाली फूलकली पत्नी राजाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पड़ोस में रहने वाले देवर और जेठ की गिट्टी दीवार से सटी पड़ी है। पीड़ित महिला रविवार सुबह गिट्टी दीवार से हटा कर अपनी दीवार में ईंटें रख रही थी। उसी दौरान दयाराम जेठ सुरेश देवर व देवरानी शिवकुमारी आकर देते हुए तीनों ने लात घूसों से मारा पीटा है।

# पांच किशोर गंगा में डूबे, दो की मौत

## तीन किशोरों को गोताखोरों ने बचाया, मलवां और सुल्तानपुर घोष क्षेत्र में हुईं घटनाएं

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- गंगा में नहाते समय हुआ हादसा, गोताखोरों की मदद से बची बड़ी दुर्घटना

**अमृत विचार।** दो अलग-अलग जगहों पर गंगा नहाने गए पांच किशोर नदी में डूब गए। गोताखोरों की मदद से तीन किशोरों को डूबने से बचा लिया गया। जबकि दो किशोरों के शव नदी से बरामद कर लिये गये हैं। हादसे के बाद ग्रामीणों की भीड़ गंगा नदी घाट पर लगी रही। जबकि मौके पर पुलिस भी पहुंच गई और जांच पड़ताल करती रही।

पहला हादसा मलवां थाना क्षेत्र का है। क्षेत्र के कोराई गांव के रहने वाले संजय सिंह के दो पुत्र हर्षित पटेल (14) व अर्पित पटेल (12) गांव के रहने वाले योगेंद्र के पुत्र अमित (17) के साथ आदमपुर में गंगा नहाने गए थे। नहाते समय गहरे पानी में जाने से हर्षित नदी में डूबने लगा, जिसे बचाने के प्रयास में हर्षित का छोटा भाई और अमित भी डूबने लगे। चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद नाविकों ने किसी तरह अर्पित और अमित को बचा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से नदी में डूबे हर्षित पटेल का शव बरामद किया। सूचना पर मौके पर परिजन भी पहुंच गये। एसपी पीआरओ ने बताया कि गंगा नदी में डूबे तीन बच्चों में एक की मौत हुई है और दो को बचा लिया गया।



घटना के बाद किशोरों की तलाश के लिए पहुंची पुलिस। अमृत विचार

दूसरा हादसा जनपद के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के खजुरियापुर गांव के रहने वाले राम मौर्य का 17 वर्षीय पुत्र अमन गांव के रहने वाले अपने दोस्त शुभम पुत्र प्रताप 14 वर्ष के साथ सुबह नौबस्ता गंगा घाट नहाने गए थे। नहाते समय अमन गहरे पानी में डूब गया, जिसे बचाने में शुभम भी पानी में डूबने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह शुभम को बचा लिया।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से अमन का शव बरामद किया। सूचना पर मौके पर परिजन भी पहुंच गये। थाना प्रभारी राजेन्द्र त्रिपाठी ने बताया की गंगा नदी में नहाते समय दो लड़के डूब गए थे। जिसमें अमन की मौत हो गई और शुभम को बचा लिया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की।



गंगा घाट में स्नान ध्यान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# गंगा में डुबकी लगा मनाया गंगा दशहरा

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- कई स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन
- जगह-जगह भंडारों का हुआ आयोजन, किया शर्बत वितरण

**अमृत विचार।** रवि व सिद्धि योग के साथ धन योग में रविवार को गंगा दशहरा उत्साह के साथ मनाया गया। भोर पहर से श्रद्धालु गंगा एवं यमुना नदी में डुबकी लगाई और पूजा अर्चना करते हुए दान पुण्य भी किया। कई स्थानों में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शहर समेत ग्रामीणांचलों में भी भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को प्रसाद वितरित किया गया।

ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि गंगा दशहरा के नाम से जानी जाती है। इस दिन स्नान और दान का विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि इसी दिन मां गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। गंगा दशहरा पर मां गंगा की पूजा अर्चना का विशेष विधान है। दशमी तिथि रविवार सुबह 2:32 से शुरू हो गई थी जो सोमवार की सुबह 4:43 बजे तक रही। देर शाम तक जगह-जगह धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते रहे। कई सालों के बाद इस साल गंगा दशहरा पर काफी संख्या में श्रद्धालु गंगा-यमुना नदी में डुबकी लगाने के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान के बाद पूजा पाठ किया।

# यमुना घाट के पीपा पुल से गुजर रहे भारी वाहन

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जाफरगंज पुलिस की लापरवाही से बारा-गलौली यमुना घाट पर ओवरलोड वाहन गुजर रहे हैं, जिससे लोगों की जान जोखिम में रहती है। वाहन पलटने से बड़ा हादसा होते होते बचा है।

यमुना घाट के पुल के पटरे जर्जर होने के कारण आए दिन उसके टूटने से वाहन धंसने के बावजूद इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। कई हादसों के बावजूद जाफरगंज पुलिस द्वारा ओवरलोड वाहनों के संचालन पर रोक न लगने के कारण कभी भी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता।



यमुना घाट का पीपा पुल। अमृत विचार

> ओवरलोड वाहनों को चालक द्वारा जबरन निकाला जाता है। खराब पटरों को बदले जाने के लिए स्टीमेट भेजा गया है। साथ ही ओवरलोड संचालन रोके जाने के लिए एसडीएम पैलानी सहित थानाध्यक्ष जाफरगंज को पत्र लिखा गया है।
>
> –राकेश कुमार, जेई पीडब्ल्यूडी जनपद बांदा

पुल के जर्जर पटरे उनमें ओवरलोड वाहन संचालन के कारण पुल अधिक क्षतिग्रस्त हो चुका है। इसके बावजूद पुल से आए दिन सैकड़ों ओवरलोड ईंट लदे ट्रैक्टर बिना रोकटोक ही निकलते हैं। जिससे उनके धंसने के कारण अन्य वाहनों का संचालन प्रभावित होता है। संचालन प्रभावित होने से यहां से आवागमन करने वाले आम राहगीरों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है। करीब ढाई साल पहले यहां पर भूसा लदा ट्रक यमुना में गिरने से चालक व खलासी की मौत हो चुकी है। ओवर लोड वाहनों पर रोक लगाने की जिम्मेदारी इलाकाई पुलिस पर है। इसके बावजूद ओवरलोड संचालन न थमने के कारण इस प्रकार के बड़े हादसे की पुनरावृत्ति होने से इंकार नहीं किया जा सकता। क्षेत्र में आठ किमी के दायरे में करीब दो दर्जन ईट भट्ठों का संचालन होता है। अधिकांश इन भटठो की ईट बांदा जिले में भेजी जाती हैं। भट्ठों के संचालक इसीको निकालते हैं। जब पुल के पटरे टूट जाते हैं तो उसे बांदा पीडब्ल्यूडी द्वारा दुरुस्त किया तो जाता है जिसके बाद तत्काल ओवरलोड संचालन शुरू होने से परेशानियां अधिक हो रही है।

# गर्भवती के साथ छेड़खानी कर जमकर पीटा

**फतेहपुर।** मुकदमा दर्ज कराने की खुन्नस में छेड़खानी के बाद रिश्तेदार ने गर्भवती के पेट पर ईंट से हमला कर दिया। हमले से गर्भवती की हालत बिगड़ गई। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक ने एसपी से शिकायत में बताया कि गांव के खुशहाली यादव, रामबरन यादव ने एक माह पहले उसके साथ गाली गलौज और मारपीट की थी। उसने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दूसरा पक्ष मुकदमे में सुलह का दबाव बनाने लगे। सुलह न करने की खुन्नस में खुशहाली के रिश्तेदार रामबरन ने अपनी पत्नी सरोज व पुत्रों धर्मवीर, बलबीर संग 10 जून की शाम पत्नी को रास्ते में रोक लिया। धर्मवीर ,बलवीर, सरोज देवी व धर्मवीर ने पत्नी के पेट पर ईंट से प्रहार किया। आठ माह की गर्भवती पत्नी को रक्तस्त्राव होने लगा और हालत बिगड़ गई।

# फाल्ट में हो गया इजाफा कम पड़ गए मेंटीनेंस गैंग

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** बिजली विभाग सीमित संसाधनों में बेहतर आपूर्ति के दावे तो कर रहा है। लेकिन संसाधनों सहित कर्मचारियों की कमी विभाग के दावों के आड़े आ रही है, जिससे उपभोक्ताओं की परेशानियां कम नहीं हो पा रहीं। एक ओर कर्मचारियों पर समय से फाल्ट को दुरुस्त करने का दबाव तो दूसरी ओर देखरेख के अभाव में दम तोड़ रहे उपकरण आपूर्ति सुचारू रखने में बाधक बन रहे हैं।

ट्रांसफार्मरों सहित मशीनों व बिजली की लाइनों, जंफरों आदि की देखरेख के साथ ही उनमें आने वाली कमियों को समय-समय पर जांच कर दुरुस्त किए जाने के लिए विभाग के पास मेंटीनेंस गैंग नहीं है। जिससे उपकरणों में आने वाली कमियों के कारण न तो विभाग की परेशानियां कम हो पा रही हैं न ही उपभोक्ताओं की, जिससे आपूर्ति बाधित होने पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपकेंद्र

> सीमित संसाधनों में ही बेहतर आपूर्ति दिए जाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं समय-समय पर उपकरणों की जांच करवाकर उन्हें सुधरवाया जा रहा है।
>
> –राजमंगल सिंह, एक्सईएन प्रथम

में तैनात संविदा कर्मियों के कंधो पर ही उपकरणों की जांच कर दुरुस्त किए जाने का बोझ रहता है। जिससे उपकरणों का मेंटीनेंस नहीं हो पाता, मेंटीनेंस न हो पाने के कारण फाल्ट में इजाफा होने के साथ ही आपूर्ति बाधित होती रहती है। साथ ही उपकरण भी खराब होते रहते हैं। शासन की मंशानुरूप बिजली विभाग नए आवेदकों को धड़ाधड़ कनेक्शन बांट रहा है। जबकि सालों पुराने जर्जर हो चुके संसाधनों को अब तक नहीं बदला गया। पूर्व के लोड के सापेक्ष लगाए गए संसाधनों में अत्यधिक लोड पड़ने के चलते बिजली आपूर्ति के दौरान आने वाले फाल्ट में भी इजाफा होता जा रहा है। इसके बावजूद इस ओर जिम्मेदारों द्वारा ध्यान नही दिया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### प्रतिबंधित पशुओं की नहीं होगी कुर्बानी

**फतेहपुर।** बकरीद को लेकर जिलाधिकारी ने विकास भवन सभागार में बैठक एक दिन पूर्व की थी। इस दौरान निर्देश दिए थे कि प्रतिबंधित कोई भी पशु की कुर्बानी नहीं होगी। त्योहारों पर शांति रखने के लिए कंट्रोल रूम एक्टिव कर दिया। इसके साथ ही सौहार्द बिगाड़ने वालों पर ड्रोन से नजर भी रखी जाएगी। बकरीद के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शांन्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के उद्देश्य से जनपद के मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजनों, मौलवियों, मुतवल्लियों एवं धर्मगुरुओं से अपील करते हुए शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार को मनाने की अपील की गई है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायतों सहित नगर निगम को नगरीय क्षेत्रों तथा जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों के (धर्मस्थल) मस्जिदों के आस पास साफ-सफाई एवं जलापूर्ति की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख चौराहों तथा निर्धारित स्थलों पर कूड़ा ट्राली तथा बड़े डस्टबिन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुर्बानी दिये जाने वाले पशुओ के अवशेष को डिस्पोजल करने के लिए गड्ढे खुदवा लें। उन्होने कहा कि सार्वजनिक स्थल एवं खुले स्थानो को अवश्य चिह्नित कर लें ताकि वहां कुर्बानी न दी जा सके। ऐसे स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशासी अभियंता बिजली सप्लाई की व्यवस्था सुचारू रूप से आपूर्ति करने के भी निर्देश दिए। त्योहारों के मध्य पेयजल की व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। पेयजल आपूर्ति के लिए अतिरिक्त टैंकरों की भी व्यवस्था की गई। कहा कि नमाज केवल मस्जिदों में ही पढ़ी जाये। सार्वजनिक स्थलों सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाये।

### पशु चिकित्साधिकारी को घर में घुसकर पीटा

**फतेहपुर।** घर के सामने अराजकता के विरोध पर पशु चिकित्साधिकारी को घर से घसीटकर पड़ोसी परिवार ने सरेराह मारापीटा। डॉक्टर व उनके परिवार के साथ मारपीट से लोगों में आक्रोश है। पुलिस ने 11 आरोपियों के खिलाफ बलवा समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के रानी कालोनी निवासी डॉ. प्रदीप गुप्ता असोथर ब्लाक में पशु चिकित्साधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि घर के सामने रहने वाले बच्चा यादव व उसके परिवार के लोग रोड पर गाली गलौज और अभद्रता करते हैं। कई बार मना करने पर खुन्नस मान ली। शुक्रवार को बच्चा यादव अपने भाई कल्लू, भतीजे राहुल, सचिन, तीन महिलाओं व चार अन्य लोग के साथ लाठी डंडे लेकर घर में घुस आए। उसे घर से बाहर घसीटकर लात-घूसों से पीटा। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए तो असलहा लहराया और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। बताया कि उनके पास हमले का वीडियो भी है। कोतवाल राजेंद्र सिंह ने बताया कि बलवा समेत अन्य धाराओं में आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आरोप लगाया था कि 22 नवम्बर को गांव के ही रहने वाले रामदत्त निषाद, वीरु निषाद, देशराज निषाद व रज्जन निषाद ने उसकी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ की थी। छेड़छाड़ का विरोध करने पर सभी ने बेटी के साथ मारपीट भी की थी। शिकायत के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की थी। जिसके बाद पीड़ित ने स्थानीय पुलिस को देकर छेड़छाड़ व मारपीट की तहरीर दी थी। समाधान दिवस में शिकायत के बाद मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### नलकूप की मुफ्त बिजली योजना का पंजीकरण 30 से

**औंग फतेहपुर।** लोकसभा चुनाव में तगड़ा झटका मिलने के बाद एक साल पहले किए गए वादे को सरकार ने संज्ञान में लेते हुए बिजली घरों में प्राइवेट नलकूप मुफ्त बिजली योजना के तहत पंजीकरण का कार्य शुरू कर दिया है। योजना के अनुसार प्राइवेट नलकूप स्वामी को पावर हाउस जाकर एक फार्म भरना होगा। जिसके तहत नलकूप उपभोक्ता का पंजीकरण किया जाएगा। पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। इस योजना का लाभ लेने के लिए नलकूप उपभोक्ता को 23 मार्च 2023 तक का बिजली बिल जमा करना पड़ेगा। नलकूप बिल संयोजन के लिए ओटीएस योजना भी 30 जून तक लागू की गई है।

# हर स्कूल में गठित होगा स्काउट दल

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- कक्षा एक से आठ तक स्कूल में निःशुल्क होगा पंजीकरण
- बालक और बालिका का एक-एक गाइड दल गठित किया जायेगा

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग ने कक्षा एक से आठ तक प्रत्येक स्कूल में बालक और बालिकाओं की एक-एक स्काउट गाइड दल गठन के निर्देश दिए हैं। जिनका निःशुल्क पंजीकरण नवीनीकरण भारत स्काउट और गाइड द्वारा कराया जाएगा।

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी पंकज यादव ने बताया कि स्काउट-गाइड दलों के दल प्रभारी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का प्रशिक्षण भी भारत स्काउट गाइड द्वारा निःशुल्क दिया जाएगा। डीबीटी योजना से प्रदान की जाने वाली दो सेट यूनिफॉर्म में से एक सेट यूनिफॉर्म स्काउट गाइड की अभिभावकों द्वारा बच्चों को दिलवाई जाएगी। एक-एक स्काउट बैण्ड भी प्रत्येक जनपद, ब्लॉक स्तर पर भी टीमें तैयार करेंगी। इससे बच्चों की शारीरिक, मानसिक, नैतिक, देशप्रेम व नेतृत्व क्षमता के साथ चारित्रिक निर्माण में स्काउट गाइड का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। जल्दी जनपद में संचालित स्काउट दलों के यूनिट लीडर को प्रशिक्षित कर विद्यालय में बच्चों को स्काउट शिक्षा प्रदान की जाएगी। इससे बच्चों में देश प्रेम की भावना भी जागृत होगी।

# बहन को बचाने में बहनोई ने साले का सिर फोड़ा

**औंग फतेहपुर।** औंग थाना क्षेत्र के रावतपुर गांव की रहने वाली महिला राधा सिंह ने अपने पति राजकुमार सिंह के खिलाफ तहरीर देकर मारपीट समेत कई अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़िता ने तहरीर में आरोप लगाया गया है कि उसका पति शराब के नशे में रोज की तरह शनिवार को उसकी पिटाई कर रहा था और कह रहा था कि जिस तरह पहली पत्नी रेखा को मार दिया था। उसी तरह से उसे भी जान से मार देगा। मौके पर मौजूद पीड़िता का भाई राजेन्द्र सिंह ने अपनी बहन को बचाने का प्रयास किया तो पति ने राजेन्द्र का सिर फोड़ दिया। जिससे लहुलुहान होकर वहीं पर गिर पड़ा। पुलिस ने उसे मेडिकल कराने के लिए अस्पताल भेजकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# नाली निर्माण न होने से रास्ते में फैली गंदगी

संवाददाता किशनपुर फतेहपुर

**अमृत विचार।** विजयीपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गुरुवल में वार्ड नंबर सात में नाली निर्माण न होने से रास्ता दलदल में तब्दील हो गया है। जिससे लोगों को आवागमन में समस्या पैदा हो रही है। वहीं दूषित पानी जमा होने से आस पड़ोस के लोग गंदगी से उठ रही दुर्गंध से परेशान हैं।

गुरुवल गांव के वार्ड नंबर सात में काफी दिनों पूर्व खड़ंजा का निर्माण कराया गया था। उस दौरान उसमें जल निकासी के लिए नाली का निर्माण नहीं कराया गया। जिससे अब लोगों के घरों का दूषित पानी रामचरन पासवान के घर के पास रास्ते में भर जाता है। पूरा रास्ता दलदल में तब्दील हो गया है, जिससे लोगों का निकलना दूभर हो गया है। यहां तक की भरे हुए दूषित पानी से उठ रही गंदगी की बदबू से आस पड़ोस के लोगों का जीना मुहाल हो गया है।



नाली न होने से गांव के मुख्य मार्ग पर फैला कीचड़। अमृत विचार

- गांव में गंदगी से उठ रही दुर्गंध से परेशान हैं ग्रामीण

गांव में तैनात सफाई कर्मी एक भी दिन गांव में आकर सफाई नहीं करता हैं। जिससे गांव में जगह जगह गंदगी का अम्बार लगा है। बारिश से पहले अगर गांव की गलियों की सफाई नहीं की गई तो बारिश के बाद रास्ते पूरी तरीके से ठप हो जाएंगे। वहीं मामले को लेकर जब सम्बंधित अधिकारियों से फोन पर संपर्क करना चाहा तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

गर्मी का असर | मशीनें गर्म होने पर 15 मिनट के लिए ऑटोमैटिक हाल्ट पर जा रही हैं


# जांच बढ़ने से हांफने लगीं मशीनें

कार्याल संवाददाता फतेहपुर

- पहले दिन जांच के लिए ले रहे नमूना तो दूसरे दिन मरीजों को मिल रही है रिपोर्ट
- जांच के लिए पहुंच रहे मरीजों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है

**अमृत विचार।** मौसमी बीमारियों के चलते अस्पताल आने वाले मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। ऐसे में सामान्य दिनों की अपेक्षा जांच भी दो गुनी हो चली है। ऐसे में अब रक्त जांच की मशीनें भी जवाब देने लगी है। सैंपल अधिक होने से मशीन अक्सर गर्म हो रही है। इससे वह 15 मिनट के ऑटोमैटिक हॉल्ट पर चली जा रही हैं।

जिला अस्पताल आने वाले कई मरीजों को डॉक्टर खून की जांच कराने की सलाह देते हैं। इसके लिए डॉयग्नोस्टिक ब्लॉक में दो बायोकेमेस्ट्री एनलाइजर मशीन और एक सेलेक्ट्रा मशीन लगाई गई है। ब्लड शुगर, सीबीसी, एलएफटी, केएफटी, आरएफ फैक्टर, सीआरपी, लिपिड प्रोफाइल जैसी जांचें इन मशीनों के जरिए



ही होती हैं। वहीं इन दिनों प्रचंड गर्मी के चलते लोग ज्यादा बीमार हो रहे हैं। अस्पताल में ओपीडी से लेकर भर्ती मरीजों को डॉक्टर जांच कराने की सलाह दे रहे हैं। ऐसे में रोजाना करीब दो सौ मरीज जांच के लिए लैब पहुंच रहे हैं। इन मरीजों के खून का सैंपल लेकर जांच के लिए मशीनों में लोड किया जाता है। जिसमें सैंपल रन कराने के बाद रिपोर्ट आती है।

इन दिनों सैंपल बढ़ने से मशीनों पर लोड बढ़ गया है। इसका असर मशीनों के कलपुर्जों पर भी पड़ रहा है। एक दिन पूर्व शनिवार को सेलेक्ट्रा मशीन में अचानक तकनीकी खराबी आ गई थी। इससे जांच ठप पड़ गई थी। जिसे रविवार को सुधारा जा सका और सोमवार से फिर से जांच शुरू करने का दावा किया गया। इस दौरान जांच के लिए पहुंचे मरीज निराश होकर लौटने को मजबूर रहे।

**एक बार में होते हैं 50 सैंपल**

- जिला अस्पताल में मौजूद एनलाइजर मशीन के जरिए रोजाना करीब दो सौ सैंपल की जांच की जा रही है। जानकारों की माने तो इस मशीन में एक बार में 50 सैंपल लोड करने की व्यवस्था है। मशीन को खराब होने से बचाने के लिए इसका सॉफ्टवेयर एक बार जांच पूरी हो जाने पर 15 मिनट का हाल्ट कर देता है। तय समय पूरा होने के बाद भी मशीन दोबार संचालित हो सकती है।

> अस्पताल में इन दिनों जांच के लिए पहुंचने वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है। ऐसे में मशीन को अधिक समय लग रहा है। जल्द ही जांच के लिए दूसरी मशीन डायग्नोस्टिक विभाग में लगवाई जाएगी। इससे मरीजों को राहत मिलेगी।
>
> –डॉ. पीके सिंह, सीएमएस

# कार्यालयों में बैठकर निस्तारित की जा रहीं हैं समस्याएं

संवाददाता औंग फतेहपुर

- देवमई ब्लाक के गावों में अभी तक कोई जमीनी जांच नहीं
- किसी पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल आईजीआरएस एप व हेल्पलाइन नम्बर टोल फ्री 1076 के तहत की जा रही भ्रष्टाचार व अनियमितताओं की शिकायतों में ग्राम पंचायत अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) सहित ब्लाक के लगभग सभी विभागों के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा फर्जी निस्तारण किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि धरातल पर नियमानुसार कोई जांच या कार्रवाई नहीं की जा रही है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नम्बर पर शिकायतों का समाधान सिर्फ ऑनलाइन देखने को मिल रहा है, धरातल पर समस्याएं ज्यों की त्यों बनी हुई हैं।

ऑनलाइन के जरिए जांच और निस्तारण करने के माध्यम से उच्चाधिकारियों द्वारा सरकार की आंखों में बेधड़क धूल झोंकी जा रही है, जिससे देवमई क्षेत्र की जनता में अधिकारियों के प्रति भारी रोष दिखाई पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों के इस रवैए से लोगों का प्रशासनिक व्यवस्था पर से जहां एक विश्वास उठ रहा है।

वहीं दूसरी ओर इन हरकतों से सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है। लोगों की मांग है कि शिकायतों की जांच और समाधान ऑनलाइन न होकर मौके पर किया जाए तथा जांच और समाधान की प्रतिलीप तुरन्त शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराई जाए और यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो समाधान की समीक्षा कराकर दोषियों को दंडित किया जाये।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### महिला के लापता होने पर गुमशुदगी दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के हीरानगर गैजूमऊ निवासी एक 30 वर्षीय महिला लापता हो गई। पीड़ित पवन कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीते शनिवार की सुबह आठ बजे उसकी पत्नी सुगंधा उर्फ मोहिनी अपने निजी काम से बाहर गई थी। देर रात तक वापस नहीं हुई तो काफी खोजबीन की। इसके बावजूद भी उसका कहीं पता नहीं चल सका। थाना प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश की जा रही है।

### डीसीएम की टक्कर से बिजली का खंभा टूटा

**रूरा।** थाना क्षेत्र के बनीपारा गांव में मिंडाकुआ की तरफ से आ रही ओवरलोड डीसीएम अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। जिससे खंभा टूट गर गिरा गया। साथ ही खंभे के पास बनीपारा निवासी श्याम जी की खड़ी मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त हो गई है। खंभा टूटने से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। थानाध्यक्ष एसएन सिंह ने बताया कि तहरीर पर जांच के लिए पुलिस कर्मियों को भेजा गया है।

### हाईवे किनारे मिला अज्ञात अधेड़ का शव

**रनियां।** थाने के समीप हाईवे किनारे एक अज्ञात अधेड का शव पड़ा मिला। मृतक के पास पहचान की कोई वस्तु न मिलने से शिनाख्त नहीं हो सकी है। मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष है और वह लाल टी-शर्ट, अंगौछा व अंडरवियर पहने हुए था। सूचना पर डायल 112 व रनियां पुलिस मौके पर पहुंची।

### अकबरपुर के बालाजी धाम में श्रीमदभागवत शुरू

**कानपुर देहात।** अकबरपुर के नेहरू नगर स्थित बालाजी धाम में 14 जून से श्रीमदभागवत महापुराण कथा का आयोजन शुरू हुआ हैं। यह जानकारी श्रीबालाजी मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारियों ने देते हुए बताया कि 20 जून को कथा का समापन होगा। इसके बाद 21 जून को हवन व भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### बर्रा से किशोरी लापता, रिपोर्ट

**कानपुर।** हरदेव नगर निवासी युवक ने अपनी छोटी बहन के अपहरण की रिपोर्ट बर्रा थाने में दर्ज कराई है। युवक का आरोप है कि उसकी 17 वर्षीय बहन 15 जून की शाम से लापता है। बहन के लापता होने से पहले पुष्पेन्द्र नाम के एक लड़के का फोन आया था, जिसने खुद को बहन का दोस्त बताया था। युवक ने बहन के गायब होने के पीछे पुष्पेंद्र की भूमिका की आशंका जताई थी।

# पशु आहार फैक्ट्री में बने आवास में मृत मिला सिक्योरिटी गार्ड, हंगामा

## देर शाम तक प्रबंधन ने नहीं खोला फैक्ट्री गेट, मौके पर भी नहीं आए जिम्मेदार

संवाददाता रनियां



अशोक कुमार पांडेय



फैक्ट्री गेट पर शव रखकर बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

- मूल रूप से जनपद रायबरेली के थाना ऊंचाहार क्षेत्र का रहने वाला था मृतक

**अमृत विचार।** औद्योगिक क्षेत्र में रविवार की सुबह एक पशु आहार फैक्ट्री के सिक्योरिटी गार्ड का शव फैक्ट्री के अंदर बने आवास में संदिग्ध हालत में पड़ा मिला। फैक्ट्री कर्मियों ने खिड़की से झांक कर देखा तो घटना की जानकारी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है। वहीं शाम को पीएम के लिए परिजन शव लेकर फैक्ट्री गेट पर पहुंचे और मुआवजे की मांग कर हंगामा करने लगे। समाचार लिखे जाने तक फैक्ट्री प्रबंधन को कोई जिम्मेदार मौके पर नहीं आया।

मूल रूप से जनपद रायबरेली के थाना ऊंचाहार क्षेत्र के हरयानी गांव निवासी अशोक कुमार पांडेय (60) रनियां औद्योगिक क्षेत्र स्थित कपिला पशु आहार बनाने वाली फैक्ट्री में कई वर्षों से सिक्योरिटी गार्ड के पद पर कार्यरत थे। वह काफी समय से बीमार चल रहे था। शनिवार की रात को वह फैक्ट्री के अंदर बने आवास पर सोने चला गया। रविवार सुबह जब साथियों ने आवास पर पहुंच कई बार आवाज़ दी, लेकिन अंदर से कोई हरकत नहीं हुई। जिसपर फैक्ट्री कर्मचारियों ने उनके आवास की खिड़की से झांक कर देखा तो वह निढ़ाल पड़े थे। इसकी जानकारी होते ही फैक्ट्री कर्मियों में हड़कंप मच गया। इधर, फैक्ट्री प्रबंधन ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। थाने के उपनिरीक्षक सूरजपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी फैक्ट्री के सुपरवाइजर अरुण कुमार से ली। वहीं घटना की सूचना पर मृतक की पत्नी माधुरी पांडेय, बेटा आशीष पांडेय, बेटी आकांक्षा, बेटू आदि का रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं शाम को पीएम के बाद परिजन शव लेकर फैक्ट्री गेट पर पहुंचे और मुआवजे की मांग कर हंगामा करने लगे। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि अशोक कुमार पांडेय द्वारा पशु आहार फैक्ट्री में पंद्रह साल सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने के बावजूद पोस्टमार्टम हाउस में कोई मौके पर नहीं पहुंचे। घटना की जानकारी भी फैक्ट्री प्रबंधन ने नहीं दी। वहीं हंगामे के डेढ़ घंटे बाद भी प्रबंधन ने तो फैक्ट्री का गेट खोला और न ही कोई जिम्मेदार मौके पर पहुंचा। समाचार लिखने तक परिजन शव लेकर फैक्ट्री गेट पर ही मौजूद थे। थाना प्रभारी प्रभारी देवेंद्र पाल ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट में शराब फैक्ट्री गार्ड समेत नौ पर केस दर्ज

**रनियां।** राजेंद्रा चौराहे से चिरौरा जाने वाली रोड पर संचालित शराब फैक्ट्री के गार्डों व एक युवक के बीच गेट के सामने से गाड़ी हटाने को लेकर विवाद हो गया। युवक की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

रनियां थाना क्षेत्र के चिरौरा गांव निवासी आशीष कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते शनिवार को वह शराब फैक्ट्री गेट के सामने खड़ा था। तभी फैक्ट्री का गार्ड मुकेश अपने अन्य साथियों के साथ सड़क पर आकर गालीगलौज करने लगा। जब उसने गाली देने से मना किया गया तो गार्डों ने उसकी लाठी-डंडों से पिटाई कर दी।

इस बीच उसने अपने पिता को फोन से घटना की जानकारी दी तो गार्ड जान से मारने की धमकी देते हुए फैक्ट्री के अंदर दाखिल हो गए। आशीष ने बताया कि मारपीट के दौरान उसकी जेब में पड़े बीस हजार रुपये भी कहीं गिर गए। एसओ रनियां महेंद्र पटेल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर नामजद मुकेश व आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

# झाड़ियों से घिरा ग्राम सचिवालय

संवाददाता डेरापुर




झाड़ियों व खरपतवार से घिरा नोनारी बुजुर्ग का ग्राम सचिवालय। अमृत विचार

- योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को ब्लाक व तहसील के चक्कर काटना पड़ता है

**अमृत विचार।** एक तरफ सरकार गांव को साफ-सुथरा बनाने के साथ लोगों को वहीं पर एक ही छत के नीचे विभिन्न लाभकारी योजनाएं उपलब्ध कराने की कवायद में जुटी है। वहीं दूसरी तरफ पंचायत सचिवालयों का उपयोग न होने से वह झाड़ियां के बीच घिर गए हैं। इसी तरह का हाल नोनारी बुजुर्ग के पंचायत सचिवालय का है।

डेरापुर विकासखंड के कई गांवों में पंचायत सचिवालय बेमसद साबित हो रहे हैं। जबकि सचिव कागजों पर संचालन का दावा कर रहे हैं। ऐसे में ग्रामीण अंचल के लोगों को छोटे-छोटे कामों के लिए ब्लॉक व तहसील मुख्यालय के चक्कर काटने पर मजबूर होना पड़ रहा है। नुनारी बुजुर्ग में गंदगी वह खरपतवार के बीच खड़ा सचिवालय अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यहां तैनात ग्राम सचिव व पंचायत सहायक के सचिवालय में न बैठने से भवन जर्जर हालत में पहुंच गया है। गांव के पंचायत भवन का संचालन न होने से नोनारी बुजुर्ग के लोग जन्म-मृत्यु पंजीकरण की नकल, खतौनी, समेत अन्य विभिन्न लाभकारी योजनाओं के आवेदनों के लिए ब्लॉक व तहसील मुख्यालयों के चक्कर काटते हैं। इस बावत एडीओ पंचायत अखिलेश कुशवाहा ने बताया कि सभी ग्राम सचिवों को नियमित अपने सचिवालय में जाकर उन्हें संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी सचिव के द्वारा लापरवाही की जा रही है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। पंचायत सचिवालय हर स्थिति में संचालित किया जाएगा।

# निलंबित प्रधानाध्यापक की दूसरी जगह हो तैनाती

संवाददाता राजपुर

- पीतमपुर ग्राम प्रधान ने बीएसए को दिया प्रार्थना पत्र

**अमृत विचार।** पीतमपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक के विरुद्ध एमडीएम में घपलेबाजी, शिक्षण कार्य न करने व कंपोजिट ग्रांट मद से प्राप्त धनराशि का दुरुपयोग करने जैसे कई गंभीर आरोप सही पाने पर निलंबित करते हुए वहीं पर संबद्ध किया गया है। मामले में ग्राम प्रधान ने बीएसए को प्रार्थना पत्र देकर निष्पक्ष जांच प्रभावित होने की आशंका जताते हुए प्रधानाध्यापक को दूसरे विद्यालय में तैनात करने की मांग की है।

भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मो. इस्लाम कुरैशी व उनकी पत्नी पीतमपुर प्रधान शहनाज आरफा समेत कई लोगों ने गांव में बने प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापक कीर्ति के विरुद्ध एमडीएम में घपलेबाजी, बच्चों को फल व दूध वितरण न करना, सरकारी धन का दुरुपयोग, व्यवहार खराब होना, विद्यालय स्टाफ से विवाद व शिक्षण कार्य न करने जैसे नौ बिंदुओं पर आरोप लगाकर बीएसए से कार्रवाई की मांग की थी। खंड शिक्षा अधिकारी राजपुर ने जब जांच की तो लगाए गए सभी आरोप सही पाए। इसके बाद बीएसए ने प्रधानाध्यापक को निलंबित करते हुए उसी विद्यालय में शिक्षण कार्य के लिए आदेशित किसा था। बीएसए द्वारा प्रकरण की जांच के लिए खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय श्रीकृष्ण प्रेमी को 15 दिवस में आख्या साक्ष्य समेत प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# टूण्डला जा रही पैसेंजर ट्रेन में यात्री की मौत

संवाददाता मंगलपुर

- ट्रेन के झींझक स्टेशन पहुंचने पर जीआरपी ने उतारा शव
- मृतक की शिनाख्त कराने की कोशिश में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** कानपुर से टूण्डला की तरफ जा रही पैसेंजर ट्रेन मे संदिग्ध हालात में एक यात्री की मौत हो गई। कंट्रोल रूम की सूचना पर जीआरपी ने मौके पर जाकर छानबीन की। देर शाम तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

रविवार को कानपुर से टूण्डला की तरफ जा रही पैसेंजर ट्रेन में एक करीब 55 वर्षीय अज्ञात यात्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ट्रेन में बैठे अन्य यात्रियों ने इसकी सूचना ट्रेन के गार्ड को दी। गार्ड ने इसकी सूचना कंट्रोल रूम को दी। कंट्रोल रूम की सूचना के बाद जीआरपी झीझक ने शाम करीब चार बजे ट्रेन के झींझक रेलवे स्टेशन पहुंचने पर शव को नीचे उतारा। जीआरपी चौकी इंचार्ज झींझक अर्पित तिवारी ने बताया कि मृतक यात्री नीली टी शर्ट व सफेद आसमानी रंग की लोअर पहने हुए था। शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। शव को मोर्च्युरी में रखवा दिया गया है।

# लगातार तीसरे दिन 45 डिग्री के पार रहा पारा

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात



धूप में मुंह ढक कर जाती युवतियां।



गन्ने का रस पीकर प्यास बुझाते लोग।

- आगामी पांच दिन गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं

**अमृत विचार।** जिले में प्रचंड गर्मी से हर कोई बेहाल है। पिछले कई दिनों से अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा है। फिलहाल मौसम विभाग के अनुसार अगले चार-दिन दिन गर्मी से राहत मिलने की कोई संभावना नहीं है।

एक तरफ सूर्यदेव की तपिश के कारण प्रचंड गर्मी से लोगों का जीना मुहाल है। दूसरी तरफ लगातार ट्रिपिंग की समस्या से बिजली कटौती से लोग दोहरी मार झेल रहे हैं। प्रचंड गर्मी के बीच अस्पतालों में मरीजों की खासी भीड़ बढ़ी है। वहीं गर्मी लोगों का सवब बनती जा रही है। तेज धूप सुबह नौ बजे के बाद असहनीय हो जाती है। सुबह से ही तप रही धरती दोपहर होते-होते आग उगलने लग रही है। लू की लपटें सीधे शरीर में चुभ रही है। सफर के दौरान आसमान से आग बरस रही ह। गमछे से ढके होने के बाद भी लोगों का चेहरा झुलसता जा रहा है। दोपहर में जिले की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। गर्मी हवाओं के कारण लोग परेशान नजर आए। इसी बीच बिजली की आंख मिचौली ने लोगों को खूब रुलाया। रविवार को अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर-पश्चिमीं हवाएं करीब सात किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलती रहीं। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग के अनुसार आगामी पांच दिन हल्के बादल छाए रहेंगे। बारिश के कोई आसार नहीं हैं।

**नया आदेश** | बदले मानकों से राज्य अध्यापक पुरस्कार आवेदन करना हुआ कठिन

# ..तो नहीं मिलेगा अध्यापक पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

### शिक्षकों को रास नहीं आ रहा आदेश

छात्र संख्या के आधार पर राज्य अध्यापक पुरस्कार आवेदन करने के आदेश से नवाचारी शिक्षकों में रोष फैल गया। इन शिक्षकों का कहना है कि नगर क्षेत्र के विद्यालय में छात्रों का टोंटा है। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में यह मानक पूरे करने वाले ब्लॉक के विद्यालय उंगलियों पर गिने जा सकते हैं। उन्होंने इस नियम को संशोधित करने की मांग की है।

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षकों को मिलने वाले राज्य पुरस्कार को पाने की चाहत सभी शिक्षकों की होती है। अब इसे पाना आसान नहीं है। बेसिक शिक्षा परिषद के जिस विद्यालय में छात्रों की संख्या कम है। वहां के शिक्षक राज्य सरकार से मिलने वाले पुरस्कार से वंचित रहेंगे। उन्हें आवेदन का अधिकार नहीं होगा।

राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए जारी नियमावली में कई संशोधन किए जाने से नवाचारी शिक्षकों में मायूसी छा गई है। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने राज्य अध्यापक पुरस्कार वर्ष 2023 के आवेदन की समय सारिणी जारी कर दी है। इसमें विद्यालय में छात्रों के नामांकन को मानक पर पहले नंबर पर रखा गया है। पुरस्कार की दौड़ में शामिल शिक्षकों को प्रेरणा वेब पोर्टल पर 15 जून से 10 जुलाई के बीच ऑनलाइन आवेदन करने को कहा गया है। 15 से 25 जुलाई के बीच जनपद चयन समिति शिक्षकों के आवेदन पत्रों का अभिलेखीय आधार पर परीक्षण, सत्यापन एवं मूल्यांकन के बाद दो श्रेष्ठ शिक्षकों का चयन कर प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से राज्य चयन समिति को भेजेगी। राज्य चयन समिति 26 जुलाई से 10 अगस्त के बीच प्रत्येक जनपद के श्रेष्ठ शिक्षकों का साक्षात्कार करने के बाद चयन की संस्तुति करेगी। चयनित शिक्षक को 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर पुरस्कृत किया जाएगा। इसमें शर्त रखी गयी है कि आवेदक शिक्षक की 15 वर्ष की श्रेष्ठ सेवा होनी चाहिए तथा सेवानिवृत्त के लिए पांच वर्ष की सेवा बाकी हो। यहां तक तो ठीक है, लेकिन एक ऐसी शर्त है जिसने योग्य शिक्षकों को परेशान कर दिया है। इस शर्त के मुताबिक वही शिक्षक पुरस्कार के पात्र होंगे। जिनके प्राथमिक विद्यालय में 150 से कम, उच्च प्राथमिक विद्यालय में 105 से कम एवं कंपोजिट विद्यालय में 255 छात्र-छात्राओं से कम नामांकन न हो। मानक तय करने के लिए शिक्षक की तैनाती विद्यालय में 15 वर्ष के दौरान छात्र नामांकन में वृद्धि के लिए अंक निर्धारित किए गए हैं।

## पति व सास पर आत्महत्या दुष्प्रेरण की रिपोर्ट दर्ज


**रूरा।** गजनेर थाना क्षेत्र के सरवनखेड़ा निवासी चुन्नी देवी ने बताया कि उसने अपनी पुत्री का विवाह 2015 में रूरा थाना क्षेत्र के बलेथा गांव में किया था। शादी के बाद से ससुरालीजन उसे प्रताड़ित करने लगे। बीती 20 मई को पति राम मनोज सिंह, सास किशोरी देवी ने फोन कर जानकारी दी कि उसकी बेटी गंभीर रूप से बीमार है और अकबरपुर के निजी अस्पताल में भर्ती है।

सूचना पर पहुंचे परिजनों ने अस्पताल में देखा तो उसकी पुत्री गंभीर रूप से जली हुई थी। गंभीर हालत देखते हुए वहां के डॉक्टर ने उसे उर्सला कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर सास व पति के विरूद्ध आत्महत्या दुष्प्रेरण की रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई की जा रही है।

# हत्या में नाबालिग समेत दो गिरफ्तार

संवाददाता राजपुर

- नौबादपुर में डंडे से पीटकर युवक की हत्या का मामला



हत्यारोपी रोनू।

**अमृत विचार।** नौबादपुर गांव में बीते शुक्रवार को आपसी विवाद में चार युवकों ने एक युवक की डंडे से पीटकर हत्या कर दी थी। जिसमे गांव के ही तीन लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने मामले में नाबालिग समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

सटटी थाना क्षेत्र के नौबादपुर गांव निवासी गुलाब सिंह का बेटा सुमित (25) बीती शुक्रवार शाम गांव के प्राइमरी स्कूल के पास कुछ दोस्तों के साथ बैठा था। तभी सुमित का नशेबाजी को लेकर दोस्तों से झगड़ा हो गया। एक युवक ने अपने नाबालिग साथी के साथ सुमित पर डंडे से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल सुमित को इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई थी। सूचना पर एएसपी राजेश पांडेय व सीओ देवेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की थी। शनिवार को मृतक के पिता गुलाब सिंह ने गांव के ही रोनू, राजेश के अलावा एक नाबालिग व एक अन्य युवक पर बेटे को शराब पिलाकर बुरी तरह पिटाई से मौत का आरोप लगाकर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की थी। शनिवार देर रात पुलिस ने मुख्य आरोपी रोनू को रुरगांव मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। दूसरे नाबालिग आरोपी को रविवार सुबह शेखपुर-महकापुर गांव जाने वाले मोड़ से पकड़ लिया।

## सार-संक्षेप



आग से बचाव की जानकारी देती एनडीआरएफ की टीम। अमृत विचार

### एनडीआरएफ टीम ने बजरंग पेट्रो केमिकल का किया दौरा

**कानपुर देहात।** रविवार को एनडीआरएफ टीम ने रनियां क्षेत्र के उमरन में बजरंग पेट्रो केमिकल का भ्रमण कर आपातकालीन संबंधित उपायों की जानकारी ली। ग्यारह एनडीआरएफ के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा व डीएम जिलाधिकारी के निर्देशन में क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र वाराणसी से आई टीम ने केमिकल डिपो का दौरा कर इकाई के पदाधिकारियों के साथ बैठक की और यूनिट की पूरी जानकारी प्राप्त की। इस दौरे का प्रमुख उद्देश्य किसी घटना से उत्पन्न आपातकालीन स्थिति में सभी सुरक्षा एवं बचाव एजेंसियों का तत्काल रेस्पॉंस करना तथा सभी स्टेक होल्डरस के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है। इस दौरान टीम कमांडर निरीक्षक जितेंद्र सिंह यादव के साथ पंद्रह सदस्यीय टीम, आपदा प्रमुख अश्वनी कुमार वर्मा एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।



खस्ताहाल चिलौली-सिठमरा मार्ग।

### गड्ढों में तब्दील चिलौली-सिठमरा मार्ग

**रूरा।** प्रदेश सरकार भले ही सड़कों के गड्ढे मुक्त करने का दावा करती हो, लेकिन सड़कों में गड्ढे जस के तस दिखाई दे रहे हैं। जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ रही है। डेरापुर तहसील क्षेत्र के चिलौली-सिठमरा मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हादसे को दावत दे रहे हैं। इस मार्ग से स्कूली बच्चों का आवागमन होता है और आए दिन गिरकर घायल होते हैं। इसके बावजूद अधिकारी समस्या निराकरण पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता हटने के बावजूद सड़कों के हालत जस के तस बने हुए हैं। चुनाव के दौरान जनप्रतिनिधि व अधिकारी कई आवागमन भी करते रहे, लेकिन गड्ढों में तब्दील सड़क पर किसी की नजर नहीं पड़ी। जबकि इस रास्ते से प्रतिदिन हजारों की तादाद में यात्रियों का आवागमन होता है। जबसे रूरा में ओवरब्रिज के निर्माण के चलते रेलवे क्रॉसिंग बंद हुई है। तब से लगातार इस रास्ते से झींझक, रसूलाबाद, बिल्हौर आदि जगहों से जिला मुख्यालय व माती कोर्ट जाने वाले चौपहिया व दोपहिया वाहन सवार प्रतिदिन निकलते हैं। कई बार दोपहिया वाहन सवार गड्ढों में गिर कर घायल भी हो चुके हैं। इसके बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं कराई जा रही है।



अकबरपुर अंडरपास के नीचे चौपहिया वाहन से हूटर उतरवाते पुलिस कर्मी।

### चौपहिया वाहनों से उतरवाए हूटर, बत्ती व काली फिल्म

**कानपुर देहात।** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के मार्गदर्शन में जनपद में रविवार को पुलिस ने हूटर, प्रेशर हॉर्न, बत्ती व काली फिल्म लगाकर चलने वाले चौपहिया वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सरकारी व प्राइवेट वाहन जिन पर हूटर, प्रेशर हॉर्न, बत्ती व काली फिल्म लगी हुई थी और निर्धारित मानक का पालन नहीं करते। उन सभी वाहनों के हूटर, प्रेशर हॉर्न, लाल या नीली बत्ती तथा काली फिल्म उतरवाई गयी। हूटर का प्रयोग पुलिस, प्रशासन के अधिकारियों की गाड़ियों, फायर ब्रिगेड एवं एंबुलेंस में ही किया जा सकता है।

### जीने से उतरते समय गर्भवती की गिरकर मौत

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के हराहरा गांव निवासी एक गर्भवती महिला जीने से उतरने के दौरान फिसलकर घायल हो गई। परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया गया। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार व पुलिस ने जांच पड़ताल की है। बरौर थाना क्षेत्र के गजा का पुरवा गांव निवासी कोमल सिंह ने बताया कि उसने अपनी पुत्री सीता उर्फ उषा देवी (25) की शादी भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के हराहरा गांव निवासी अनुपम सिंह के साथ चार वर्ष पहले की थी। अनुपम सिंह सोनभद्र में एनटीपीसी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। रविवार को उनकी गर्भवती पुत्री घर के जीने से नीचे उतर रही थी। तभी उसका पैर फिसल गया और वह गिरकर घायल हो गई। परिजन उसे उपचार के लिए सीएचसी पुखरायां ले गए। जहां चिकित्सक डॉ. राजवीर ने उषा को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार सूर्य प्रकाश व उपनिरीक्षक आनंद कुमार ने शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों से जानकारी ली। मृतका के ससुरालियों व मायके के पक्ष के लोगों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। जिसके बाद नायब तहसीलदार व उपनिरीक्षक ने कागजी कार्रवाई करते हुए शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। हादसे पर मृतका की मां रन्नो देवी, भाई रामजी, सास जया देवी सहित अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

### नाबालिग से दुष्कर्म व गर्भपात का आरोप

**रूरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस को बताया कि बीती 24 दिसंबर को जब वह व उसका पति मजदूरी करने गया था। तभी पड़ोसी युवक घर में घुस आया और उसकी 17 वर्षीय कक्षा आठ में पढ़ने वाली पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। शरीर में बदलाव देखकर उन्हें 13 जून को इसकी जानकारी हुई। जब वह आरोपी के घर शिकायत लेकर गए तो उसके परिजन जांच के बहाने अकबरपुर के निजी अस्पताल में ले गए और जबरन गर्भपात करा दिया। पुलिस ने मामले में जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

### हाईवे के किनारे मिला जम्मू-कश्मीर निवासी अधेड़ का शव

**सिकंदरा।** क्षेत्र के मदनपुर गांव के समीप नेशनल हाईवे के किनारे रविवार की दोपहर को एक अधेड़ का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच-पड़ताल की। एसएसआई मनजीत दयाल सिंह ने बताया कि मृतक के कपड़ों में मिले आधार कार्ड और विद्युत विभाग के जॉब कार्ड के आधार पर उसकी शिनाख्त जम्मू-कश्मीर निवासी गुलाम हसन (54) के रूप में हुई। शव को कब्जे मे लेकर मार्चुरी में रखवा दिया गया है। परिजनो को जानकारी दे दी गई है। परिजन जम्मू कश्मीर से आ रहे हैं। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम होने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में घर में लगी आग, लाखों का नुकसान

**रूरा।** क्षेत्र के लालपुरवा बनीपारा गांव के एक घर में संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक आग लग गई। आग लगने के समय परिवार घर में ताला डाल कर कहीं गया था। ललपुरवा निवासिनी रेशमा सिंह ने बताया की घर में अचानक आग लगने से मोटर साइकिल, दो साईकिले, आठ कुंतल गेंहू, और अन्य गृहस्थी का सामान जल कर खाक हो गया है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग को बुझाया। हल्का प्रभारी अतेंद्र कुमार ने पीड़ित परिवार को नगद दो हजार रुपए सहायता राशि मुहैया कराई गई है। लेखापाल ज्ञानेद्र सिंह ने बताया आग से हुए नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तहसीलदार को भेज कर कार्यवाही की जा रही है।

## एक नजर

### तृणमूल के पूर्व सांसद के खिलाफ दूसरा मामला दर्ज

**अमृत विचार,लखनऊ :** पूर्व राज्यसभा सांसद केडी सिंह सहित आठ आरोपियों के खिलाफ सीबीआई ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। निवेशकों का धन हड़पने के आरोप में तृणमूल के पूर्व सांसद के खिलाफ सीबीआई पहले भी मुकदमा दर्ज कर चुकी है। एंटी करप्शन ब्रांच ने जांच भी शुरू कर दी है। बतादें कि प्रदेश सरकार की सिफारिश पर सीबीआई ने प्रकरण को अपने हाथ में लिया है। मालूम हो कि सीबीआई ने तृणमूल के पूर्व सांसद केडी सिंह से जुड़ी कंपनी अलकेमिस्ट इंफ्रा रियल्टी लिमिटेड और अलकेमिस्ट टाउनशिप लिमिटेड द्वारा निवेशकों को लुभावनी स्कीम पर भूखंड और मकान देने का झांसा देकर धन हड़पने के मामले की जांच शुरू की है।

### स्थानीय खराबी से बिजली संकट जारी

**अमृत विचार,लखनऊ :** भीषण गर्मी में रविवार को भी प्रदेश के ज्यादातर इलाके बिजली संकट से जूझते रहे। स्थानीय खराबी के कारण बिजली आपूर्ति बाधित होने व घंटो आपूर्ति चालू न होने का सिलसिला जारी रहा। हालांकि सरकारी कार्यालयों के बंद होने से बिजली मांग में कुछ कमी दर्ज हुई। अधिकतम बिजली मांग 30 हजार मेगावाट से नीचे आ गई।उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार अधिकतम बिजली मांग 29,946 मेगावाट व न्यूनतम मांग 24,630 मेगावाट दर्ज हुई। सूत्रों के बताया कि शाम के वक्त 28,500 हजार मेगावाट बिजली की मांग हो रही थी। इस दौरान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के बिजलीघरों से 5100 मेगावाट बिजली मिल रही थी।

### 50 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**अमृत विचार,लखनऊ :** गाजियाबाद में वांछित चल रहे 50 हजार के इनामी अपराधी को एसटीएफ ने शनिवार को मध्य प्रदेश के गुना से गिरफ्तार किया है। नागेश्वर उर्फ नामे नामक इस अपराधी के खिलाफ गाजियाबाद के अलावा मध्य प्रदेश में भी मुकदमें दर्ज हैं। एसटीएफ के अधिकारियों ने बताया कि नामे ने गाजियाबाद के बेहटा स्थित संटू-सोनू ज्वैलर्स की सटर काटकर करोड़ों रुपए के आभूषण की चोरी को अंजाम दिया था।

# हर जरूरतमंद को इलाज में मिलेगी पूरी मदद : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ, गोरखपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर जरूरतमंद को इलाज में भरपूर मदद दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने रविवार को गोरखपुर मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में 350 लोगों की समस्याएं सुनीं और अफसरों को समुचित इलाज सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद रविवार सुबह जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। लोकसभा चुनाव के दौरान जनता दर्शन के स्थगित रहने के कारण रविवार को काफी संख्या लोग पहुंचे, जिसमें गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की मांग करने वाले ज्यादा लोग शामिल थे। मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि हर जरूरतमंद को इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद दी जाएगी।


गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में महिला के प्रार्थना पत्र को पढ़ते मुख्यमंत्री।

### मृतकों के परिजन व घायलों को दी आर्थिक सहायता

मुख्यमंत्री ने कुवैत में अग्नि हादसे में मारे गये गोरखपुर के दो कामगारों के परिजन को पांच-पांच लाख व जम्मू के शिवखेड़ी में आतंकी हमले के घायलों को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी। पिछले दिनों कुवैत में एक बहुमंजिला भवन में आग लगने से करीब चार दर्जन लोगों की मौत हो गई थी। इनमें गोरखपुर के निवासी अंगद गुप्ता व जयराम गुप्ता भी शामिल थे। मुख्यमंत्री ने रविवार को अंगद की पत्नी रीता देवी व जयराम की पत्नी सुनीता को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक दिया, जबकि जम्मू के शिवखोड़ी में पिछले दिनों आतंकी हमले में घायल राजेश, रिकसोना, गायत्री व सोनी को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक दिया। रिकसोना की आर्थिक सहायता का चेक उनके पति राजेश ने प्राप्त किया।

# विकास कार्यों की सतत निगरानी करें जनप्रतिनिधि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनप्रतिनिधि विकास कार्यों की सतत निगरानी करें। सभी जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र में पात्रों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने को तत्पर रहें, विकास कार्यों के नए प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराएं। मुख्यमंत्री रविवार को गोरखपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

▶▶ **गोरखपुर मंडल के जन प्रतिनिधियों के साथ मुख्यमंत्री ने किया संवाद**

एनेक्सी भवन में गोरखपुर मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित सांसदों को बधाई दी और लोकसभा चुनाव में पूरे मनोयोग से परिश्रम करने वाले विधायकों की सराहना की।

# राज्यपाल ने अस्वीकार की 90 फीसदी कैदियों की दया याचिका

**01** जनवरी से अब तक दया के लिए 70 से अधिक आवेदन पहुंचे

**20** से 25 वर्ष की सजा काट चुके हैं आवेदन करने वाले आजीवन कारावस के कैदी

विनय सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** हत्या, दुष्कर्म जैसे मामले में आजीवन कारावास की सजा पाए कैदियों की दया याचिकाएं लगातार खारिज हो रही है। कैदी द्वारा दया याचिका के आवेदन के बाद हो रहे परीक्षण में जिलास्तरीय दया याचिका समिति द्वारा विरोध किया जा रहा है। कई मामले ऐसे आए जिसमें जेल प्रशासन द्वारा कैदी के अच्छे आचरण का भी उल्लेख किया गया है, लेकिन दया याचिका समिति इस आधार पर विरोध कर रही है कि अमुक कैदी के छूटने से समाज में गलत संदेश जा सकता है। हालांकि कई ऐसे कैदी भी हैं जिनका मूल्यांकन करने के बाद राज्यपाल ने कारावास से मुक्त करने का भी आदेश दिया है।

बताते चलें कि हाईकोर्ट के एक आदेश के बाद लंबे समय तक सजा काट चुके कैदियों का मूल्यांकन के बाद समय पूर्व रिहाई का प्रावधान है। इसके अंतर्गत प्रत्येक जिले में दया याचिका समिति गठित है। जिसमें जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक और जिला प्रोवेशन अधिकारी सदस्य होते हैं। दया याचिका का आवेदन होने के बाद समिति कैदी का मूल्यांकन कर राज्यपाल को रिपोर्ट भेजती है। जेल में निरुद्ध कैदी का अच्छा आचरण होना समय पूर्व रिहाई का मुख्य आधार होता है। पहली जनवरी से 15 जून तक 70 से अधिक दया याचिकाएं राज्यपाल के पास पहुंची थी, जिसमें से 90 फीसदी याचिकाएं इस आधार पर अस्वीकार कर दी गई, क्योंकि आरोपी खतरनाक किस्म का था, छूटने पर समाज में गलत संदेश जाएगा। जिन कैदियों की दया याचिकाएं प्राप्त हो रही थी, उनमें से सभी आजीवन कारावास की सजा पाए हुए हैं और 20 से 25 वर्ष की सजा पार कर चुके हैं।

**जून महीने में तीन रिहा, चार की याचिका खारिज**

इनकी याचिका हुई अस्वीकार

| कैदी | जनपद | आरोप |
|---|---|---|
| रामप्रसाद | अयोध्या | हत्या |
| रामदेव तिवारी | लखनऊ | हत्या |
| फतेह सिंह | मैनपुरी | दुष्कर्म के बाद हत्या |
| हुकुम सिंह | एटा | गोली मारकर दो की हत्या |

इनकी हुई समय पूर्व रिहाई

| कैदी | जनपद | आरोप |
|---|---|---|
| केदार यादव | महराजगंज | हत्या का प्रयास |
| तसब्बर | गाजियाबाद | हत्या |
| हरिओम | अमेठी | हत्या |

## अब ग्राम पंचायत देंगी एसबीएम का हिसाब

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वच्छ भारत मिशन - ग्रामीण (एसबीएम) के कार्यों में खर्च धनराशि का हिसाब ग्राम पंचायतें देंगी। जिन्हें संबंधित वर्ष का 100 फीसद ऑडिट कराना होगा। जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशू शेखर ठाकुर ने ग्राम पंचायतों से उपभोग प्रमाण पत्र मांगे हैं।

गांवों में शौचालय, साफ-सफाई, आरआरसी सेंटर, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंध समेत अन्य स्वच्छ भारत मिशन - ग्रामीण के तहत कराये गए कार्यों का हिसाब यानी उपभोग प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत देंगी। इस वर्ष से यह व्यवस्था शुरू हुई है। जबकि अब तक ब्लॉक स्तर से एक साथ सभी ग्राम पंचायतों के उपभोग प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जाते थे। जिस वर्ष का उपभोग प्रमाण पत्र दिया जाएगा उस वर्ष का 100 फीसद ऑडिट होना अनिवार्य है। जो पंचायतें उपभोग प्रमाण पत्र नहीं दे पाएंगी आगे के बजट से वंचित रह जाएंगी। जिला पंचायत राज अधिकारी ने सचिवों से सभी 494 ग्राम पंचायत के वर्ष 2023-24 के उपभोग प्रमाण ऑडिट रिपोर्ट के साथ मांगे हैं। जो एक सप्ताह में देना है।

## बिजली चोरी करने वाले व करवाने वालो पर होगी सख्त कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि बिजली चोरी करने वाले व करवाने वाले कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भीषण गर्मी व लू के कारण और बिजली के घरेलू उपयोग बढ़ने से बिजली की अप्रत्याशित मांग बढ़ी है। इस बढ़ी हुई मांग को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि पूरे प्रदेश में 24 घंटे में निर्बाध बिजली आपूर्ति की जा रही है। ऊर्जा मत्री रविवार को सरकारी आवास पर मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 30,618 मेगावाट बिजली की अधिकतम मांग को सकुशल पूरा किया गया। पूरे देश में सबसे ज्यादा 655.66 मिलियन यूनिट बिजली आपूर्ति प्रदेश में एक दिन में की गई।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1970 से अब तक लगभग 50 वर्षों से प्रदेश की बदहाल बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने व पटरी पर लाने के लिए दो वर्षों से बिजली व्यवस्था को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा। आरडीएसएस योजना अंतर्गत 17 हजार करोड़ रुपये, बिजनेस प्लान के तहत पांच हजार करोड़ रुपये व नगरीय निकायों में बिजली तंत्र के विकास के लिए एक हजार करोड़ रुपये के अनुरक्षण कार्य कराये गये हैं। पूरे प्रदेश में जर्जर व झूलते हुए तारों को हटाया गया है। एक लाख किमी तक एबी केबल में बदला गया। जर्जर व झुके हुए पोल को हटाकर 19 लाख नये खम्भे लगाये गये गये हैं। छह लाख ट्रांसफार्मर पर कार्य हुआ, इसमें नये ट्रांसफार्मर लगाने व क्षमता वृद्धि और मरम्मत का कार्य हुआ है।


आपूर्ति का पोस्टर दिखाते ऊर्जामंत्री।

▶▶ **सबसे ज्यादा 655.66 मिलियन यूनिट बिजली आपूर्ति प्रदेश में एक दिन में की गई: शर्मा**

## जुलाई में चलेगा संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान

**अमृत विचार, लखनऊः** वेक्टर जनित रोगों, संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण और त्वरित उपचार के लिए इस वर्ष भी संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान चलेगा। अभियान का दूसरा एक जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा, इसी दौरान 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा। इसके लिए तय कार्ययोजना को अमल में लाने के लिए नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने रविवार को निर्देश दिए हैं।

शासन के निर्देश के बाद, नगर विकास विभाग द्वारा , विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए निकाय व वार्ड स्तर पर प्रस्तावित गतिविधियों के माइक्रोप्लान, हर जिले में मुख्य चिकित्साधिकारी को 28 जून तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही कहा गया कि नगरीय क्षेत्र में मोहल्ला निगरानी समितियों के माध्यम से दिमागी बुखार एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों, जलजनित रोगों के विषय में निरंतर जागरूकता स्थापित की जाए।

## बी-टू-बी में करोबारियों ने साझा की आयात-निर्यात की नीतियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड इंटरनेशनल बिजनेस कान्क्लेव में भारत के साथ अलग-अलग देशों में व्यापार की संभावनाएं तलाशने आए प्रतिनिधियों की रविवार को टेबिल टॉक करायी गयी। व्यापार को लेकर कारोबारी जिम्मेदारों के बीच बी-टू-बी (बिजनेस टू बिजनेस) द्विपक्षीय वार्ता हुई। इसमें विदेशी प्रतिनिधियों ने अपने देश के आयात-निर्यात की नीतियां एक-दूसरे से साझा कीं।

एसोसिएट चैंबर के अध्यक्ष ई. डीपी सिंह ने बताया कि उद्योगों और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए यह एक बड़ा आयोजन रहा। इस कान्क्लेव में विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी बात रखी। निश्चित तौर पर यह बिजनेस मीट प्रदेश की इकॉनोमी के लिए बेहतर परिणाम देगी।

भारतीय कारोबारियों का जोर देश के विभिन्न उत्पादों को विदेशों तक पहुंचाने पर रहा। उन्होंने भारतीय चीजों की बिक्री और विदेशों से रॉ-मैटीरियल लेने पर सहमति जताई। वहीं विभिन्न देशों के राजदूतों ने कहा कि भारतीय बाजार हमें क्या निर्यात कर सकता है और हम उनकी क्या जरूरत पूरी कर सकते हैं। इस पर विचार आगे बढ़ना चाहिए तभी प्रदेश के साथ आयात-निर्यात गति पकडे़गा और व्यापार आगे बढ़ेगा।

उदाहरण रखते हुए विदेशी प्रतिनिधियों ने कहा कि अगर हमें अनाज चाहिए तो चिकन कारीगरी और इससे जुडे. वस्त्र चाहिए तो भारत किन चीजों पर विचार करेगा। आयोजक मंडल के सचिव रमेश मलहोत्रा ने कहा कि एसोसिएटेड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल बिजनेस कान्क्लेव-2024 से कारोबारी दिग्गज और हितधारकों में वार्ता कराई गई जो भविष्य में अच्छे कारोबारी परिणाम लाएगी। इन्हीं संभावनाओं के साथ इस कान्क्लेव का समापन हुआ। इस कान्क्लेव में 25 देशों के राजदूतों और अन्य प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

▶▶ **कॉन्क्लेव में विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने व्यापार और उद्योग पर विस्तार से की चर्चा**

## बरेली में फिर तोड़ा जाने लगा इमामबाड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बरेली के मोहल्ला किला स्थित इमामबाड़ा एक बार फिर तोड़ा जा रहा है। खास बात यह कि इसका विरोध जताने पर पुलिस ने कुछ नहीं किया। और तो और इस बाबत डीएम की चिट्ठी पांच दिन में भी सीओ तक नहीं पहुंच पाई।

नौ महीने पहले भी इसे तोड़ने की कोशिश की गई थी लेकिन तत्कालीन नगर आयुक्त ने इस बाबत भ्रमित कर ली गई अनुमति को निरस्त कर रोक लगाई थी। तब शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड की ओर से भूमाफिया नदीम जैदी, ताहिर जैदी और हुमा जैदी के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई थी। इन लोगों ने नगर निगम को भ्रमित कर इमामबाड़े को जर्जर इमारत बताते हुए इसे गिराने की अनुमति प्राप्त कर ली थी। शिया वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी की शिकायत पर नगर आयुक्त बरेली ने 25 अगस्त 2023 को अनुमति निरस्त कर तोड़फोड़ रुकवाई थी।

नौ महीने बाद एक बार फिर से इमामबाड़े में तोड़फोड़ के विरोध में मुतवल्ली बॉबी ने थाना किला के इंस्पेक्टर से शिकायत की तो उन्होंने कार्रवाई करने के बजाय जिला प्रशासन के पास जाने के लिए कहा। 11 जून को बरेली के डीएम ने सीओ किला को चिट्ठी लिखी जो अब तक सीओ तक नहीं पहुंची है । फिलवक्त इमामबाड़ा तोड़ने का काम तेजी से चल रहा है। उन्होंने बताया कि आज रविवार है। कल बकरीद है, अब सीओ से मुलाकात मंगलवार को होगी।


तोड़ा गया इमामबाड़ा।

▶▶ **पांच दिन में सीओ तक नहीं पहुंची डीएम की चिट्ठी**

### 1938 में बना था इमामबाड़ा

वक्फ बोर्ड में 1115 नंबर पर बरेली के मोहल्ला किला में इमामबाड़ा दर्ज है। इमामबाड़े के मुतवल्ली बॉबी के मुताबिक नवाब मोहम्मद हुसैन ने 1938 में इस इमामबाड़े और लक्ष्मनियापुर बाग को वक्फ कराया था। इस इमामबाड़े में मजलिस और इसकी देखरेख के लिए 17 दुकानें छोड़ी थीं। नवाब मोहम्मद हुसैन के वंशजों ने इन दुकानों को वक्फ रिकार्ड से बाहर करवा लिया था।इसके बाद पूर्व मुतवल्ली ने लक्ष्मनियापुर बाग़ को वर्ष 2011 में बेच लिया।

### मतदाताओं से बदला लेने पर उतारू है भाजपा : अखिलेश

अमृत विचार,लखनऊ : सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में अपनी हार से बौखलाई भाजपा सरकार मतदाताओं को परेशान करके बदला लेने पर उतारू हो गई है। दावे के बावजूद, तपते माहौल में 24 घंटे बिजली आपूर्ति नहीं हो रही है। उन्होंने रविवार को अपने बयान में कहा कि बिजली और पानी का संकट बढ़ता जा रहा है। बावजूद भाजपा सरकार बिजली दरें दोगुनी कर रही है। गांव-शहर की बिजली दरें भी अलग-अलग होंगी। सपा प्रमुख ने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली को महंगी करने की साजिश है, ग्रामीण फीडर को शहरी फीडर में बदलने से उपभोक्ताओं को दो रुपये प्रति यूनिट बिजली महंगी मिलेगी। करीब दो करोड़ 85 लाख उपभोक्ता प्रभावित होंगे। उन्होंने बताया कि ग्रामीण उपभोक्ताओं को 3 .35 रूपये यूनिट की दर से बिजली की कीमत चुकानी होती है जबकि शहर में यह कीमत 5 .50 रूपए प्रतियूनिट है। जनता के साथ यह धोखा है।

## वर्ग पहेली-103

**बाएं से दाएं**

2. 1. ऊंचा बना हुआ स्थान, चबूतरा 2. भाषण स्थल 3. रंगमंच 4. खाट, खटिया, मचिया।

3. 1. मूल से संबंध रखने वाला, असली 2. अत्यावश्यक 3. आधारभूत, बुनियादी।

6. 1. शिक्षा, तालीम 2. उपदेश, हित की बात 3. अनुभव से प्राप्त होने वाला ज्ञान 4. परामर्श, सलाह, मंत्रणा। (मु.)-देना : नसीहत देना।

8. 1. तरतीब, क्रम 2. ढंग, तर्ज़, तरीका, कायदा 3. सलीका, शऊर 4. मेल, समानता।

9. 1. औ की लंबी ध्वनि करते हुए पेट की वायु का बाहर निकलना, उक्त कार्यव्यापार में होने वाली ध्वनि, पेट की वह वायु जो आवाज़ के साथ मुंह से निकलती है 2. बाघ की गरजन, दहाड़। (मु.)-जाना : हथिया लेना। -तक न लेना : चुपचाप हज़म कर जाना।

10. 1. पूंजीवाद तथा यथास्थितिवाद का विरोधी व्यक्ति, (लेफ़्टिस्ट) 2. साम्यवादी विचारधारा वाला व्यक्ति, (कम्यूनिस्ट)।

**ऊपर से नीचे**


1. केवल फूलों के पौधों से सुसज्जित बगीचा, फूलों वाला उपवन, पुष्पोपवन।

4. 1. लिखा हुआ, लिखित, लिपिबद्ध 2. दस्तावेज़ी।

5. दे. आंखमिचौनी।

7. किसी भी कार्य में नेतृत्व करने वाला व्यक्ति, नेता, नायक, अगुआ।

8. 1. धातु या मिट्टी का बना हुआ लोटे के आकार का एक पात्र, टोंटीदार लोटा 2. जहाज़ में लगाने की लोहे की कोनिया 3. एक प्रकार की मछली।



### वर्ग पहेली -102 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 थू | क | ना | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 2 क | ट | 3 ले | ट |
| 4 ध | 5 ब | ध | ब | ■ | खा | ■ |
| ■ | ढ़ा | ■ | र् | ■ | जो | ■ |
| 6 अ | व | 7 गं | ड | ■ | खा | ■ |
| रि | ■ | गां | ■ | ■ | ■ | 8 जू |
| हा | ■ | 9 बु | ढ़ौ | ती | ■ | ड़ा |

## सुडोकू -16

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 7 | | | | 9 | 2 |
| | 6 | 2 | | | | 5 | | |
| 8 | | | 6 | 5 | | 3 | | 1 |
| 3 | | 1 | | | 6 | | | |
| 2 | | | | | | | | 7 |
| | | | 4 | | | 8 | | 3 |
| 6 | | 5 | | 1 | 4 | | | 9 |
| | | 7 | | | | 4 | 3 | |
| 4 | 2 | | | | 9 | | | 6 |

### सुडोकू - 15 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 1 | 3 | 9 | 5 | 6 | 2 |
| 6 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 | 9 | 8 | 4 |
| 3 | 8 | 4 | 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 9 |
| 2 | 7 | 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 5 | 6 |
| 5 | 1 | 6 | 7 | 9 | 2 | 8 | 4 | 3 |
| 4 | 6 | 8 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 |
| 1 | 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 9 | 7 |
| 7 | 9 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 | 1 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 जून सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी पूर्ण रात्रि तक।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 13 .50 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष:** आज लोगों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। धन को लेकर परेशानियां दूर होंगी जिसके कारण आपका मनोबल बढ़ा रहेगा। विवाह योग्य लड़कियों का विवाह तय हो सकता है। आपकी कार्यशैली में काफी सुधार हो सकता है।

**वृष:** आज विवादित मामलों से आपको बचना चाहिए। दिनचर्या काफी व्यवस्थित रहेगी। आप आय के वैकल्पित स्रोतों पर भी काफी ध्यान देंगे। आप पहले से अच्छे मूड में रहेंगे। नौकरीपेशा लोग अपने काम को लेकर काफी निष्ठावान रहने वाले हैं।

**मिथुन:** आज राजनीति से जुड़े लोगों के ऊपर काफी दबाव रहेगा। प्रेम संबंधों को लेकर अति भावुक न हों। बहुत लंबी योजना बनाने के बजाय वर्तमान पर ही ध्यान देना लाभकारी होगा। करियर को लेकर आप कन्फ्यूज हो सकते हैं।

**कर्क:** आज किसी भी काम को बहुत जल्दबाजी में करना उचित नहीं होगा। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों के लिए दिन शुभ नहीं है। अपनी पढ़ाई को लेकर गंभीर रहें। जॉब में सहकर्मियों के साथ आपको विवादों का सामना करना पड़ सकता है।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए काफी शुभ रहेगा। आईटी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। आप कुछ नया सीखने की कोशिश करेंगे, किंतु आपको ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान काफी सावधानी रखनी चाहिए।

**कन्या:** आज बोलचाल के दौरान अच्छे शब्दों का प्रयोग करें। बंद पड़े कार्यों को शुरू करने में आप ध्यान दे सकते हैं। जीवनसाथी को आपसे कुछ शिकायत हो सकती है। परिजनों के साथ संवादहीनता न होने दें। आप अपने काम को लेकर काफी आक्रामक रहेंगे।

**तुला:** आज किसी बड़ी समस्या का आप समाधान निकाल सकते हैं। समाज में अपना प्रभाव मजबूत कर पाएंगे। तकनीक का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। आप बौद्धिक कार्यों में लगे रहेंगे। कूटनीतिक योग्यता के माध्यम से आप अपनी बातों से लोगों को प्रभावित कर पाएंगे।

**वृश्चिक:** आज धन का अपव्यय हो सकता है। खरीदारी और लेनदेन के दौरान सावधानी का परिचय दें। संतान को लेकर चिंता हो सकती है। आपको अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। अनावश्यक विचार आपको भ्रमित कर सकते हैं।

**धनु:** आज आप अपनी कार्यशैली को उन्नत करेंगे। आपके व्यवहार से लोग प्रसन्न रहने वाले हैं। व्यवसाय में विस्तार के लिए योजना बना सकते हैं। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़ा लाभ हो सकता है।

**मकर:** आज सहकर्मी मित्र आपकी काफी प्रशंसा करेंगे। बेरोजगार लोगों के लिए दिन अच्छी संभावनाओं से भरा हुआ रहेगा। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिए भी दिन अच्छा है। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ:** आज यात्रा के दौरान आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक कार्यों की तरफ आप ज्यादा आकर्षित हो सकते हैं। अपना समय बर्बाद न होने दें।। आपको कुसंगति से बचना चाहिए। लोग आपके साथ धोखा कर सकते हैं।

**मीन:** आज अपनी नौकरी को लेकर असंतुष्ट हो सकते हैं। जिन लोगों को अल्सर और पाचन की समस्या है, वे अपना विशेष ध्यान रखें। प्रेम विवाह को लेकर जल्दबाजी करना फिलहाल उचित नहीं है। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
मेला — सुबह : 10 .15
भीष्म — रात : 07 .00

**Sony Pix**
द मास्क — सुबह : 11 .15
सैन एंड्रियास — रात : 09 .00

**Zee Action**
गैम्बलर — सुबह : 10 .49
कार्तिकेय 2 — रात : 07 .30

**Zee Cinema**
नागभूमि — सुबह : 11.23
किसी का भाई किसी की जान — रात : 08 .00

**Colors Cineplex**
इंस्पेक्टर विजय — दोपहर : 12 .30
स्पाई — रात : 07 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म


जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेक दिया›
थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया,तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि कचरा किसने फेंका।
एक औरत ने गुस्से से कहा – फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने !
पप्पू हंसा और बोला– कचरा मैंने फेंका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

पप्पू साइकिल से जा रहा था।
अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की – घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू – अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी अब क्या घंटी अलग से मारूं...

## एक नजर

### रायसेन में शराब की भट्टी से 58 बाल मजदूर कराए गए मुक्त

**रायसेन।** मध्य प्रदेश के रायसेन जिले से शराब की भट्टी में काम कर रहे कुल 58 बाल मजदूरों को मुक्त कराया गया। इस संबंध में रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) के साथ मिलकर शनिवार को सोम डिस्टिलरी पर कार्रवाई की। बीबीए ने बताया कि एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो के नेतृत्व में एक टीम ने सोम डिस्टिलरी से 58 बच्चों को बचाया, जिनमें 19 लड़कियां और 39 लड़के शामिल हैं। इसने कहा-बच्चों के हाथों में हानिकारक रसायन और अल्कोहल से जलने के निशान थे। नियोक्ता इन बच्चों को रोजाना स्कूल बस में भेजता था और उनसे प्रतिदिन 12-14 घंटे काम कराया जाता था।

### लाखों की चरस समेत एक व्यक्ति गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक मैकेनिक के घर से 17.2 लाख रुपये मूल्य की चरस बरामद होने के बाद पुलिस ने व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया गया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस के वसूली निरोधक प्रकोष्ठ की एक टीम ने शुक्रवार को भिवंडी इलाके में आरोपी के आवास पर छापा मारा और वहां से एक किलो 72 ग्राम चरस बरामद की। विज्ञप्ति में कहा गया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन :प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### ट्रेन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के निम्बाहेड़ा में रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से दो महिलाओं सहित तीन की मौत हो गई। निम्बाहेड़ा कोतवाली थाना के प्रभारी रामसुमेर मीणा ने बताया कि घटना शनिवार रात की है जब रेलवे स्टेशन के निकट हनुमानजी मंदिर के पास रेलवे पटरी पार करते समय एक दंपति, उनकी एक रिश्तेदार ट्रेन की चपेट में आ गये। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान निम्बाहेड़ा निवासी मोहनलाल धोबी (45) उनकी पत्नी ललिता (40) और उनकी एक रिश्तेदार देवश्री (35) के रूप में हुई है।

# अगर परीक्षा तंत्र ही भ्रष्ट हो तो मोदी के लिए चुप्पी साधना ठीक नहीं: सिब्बल

## राज्यसभा सदस्य ने की सुप्रीम कोर्ट की ओर से नियुक्त अधिकारियों से जांच कराने की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**नीट मामला**



मेडिकल कॉलेज में दाखिले के लिए आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को लेकर जारी विवाद के बीच पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री कपिल सिब्बल ने रविवार को अनियमितताओं के आरोपों की जांच उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त अधिकारियों से कराने की मांग की और सरकार से आग्रह किया कि वह परीक्षा आयोजित करने के तौर तरीकों को लेकर सभी राज्यों के साथ गहन विचार-विमर्श करे। एक साक्षात्कार में राज्यसभा सदस्य सिब्बल ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी निशाना साधा और कहा कि अगर किसी परीक्षा में परीक्षा तंत्र ही भ्रष्ट हो जाए तो प्रधानमंत्री मोदी के लिए चुप्पी साधना ठीक नहीं है।

सिब्बल ने सभी राजनीतिक दलों से आगामी संसद सत्र में इस मामले को जोर-शोर से उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस पर चर्चा होने की उम्मीद कम है क्योंकि सरकार इस मामले के न्यायालय में विचाराधीन होने का हवाला देकर इसकी अनुमति नहीं देगी। सिब्बल 29 मई 2009 से 29 अक्टूबर 2012 तक मानव संसाधन विकास (अब शिक्षा विभाग) मंत्री थे।

### एनटीए की सत्यनिष्ठा और नीट आयोजित करने के तरीके पर खड़े हो रहे सवाल: रमेश



कांग्रेस ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की सत्यनिष्ठा और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को आयोजित करने के तौर तरीके गंभीर सवालों के घेरे में हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा-मैं 2014 और 2019 के बीच संसद की स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संबंधी स्थायी समिति का सदस्य था। मैं उस समय नीट के लिए मिलने वाले व्यापक समर्थन को याद करता हूं। लेकिन ऐसे सांसद भी थे, विशेष रूप से तमिलनाडु से जिन्होंने चिंता जताई थी कि नीट से सीबीएसई के छात्रों को लाभ मिलेगा और दूसरे बोर्ड एवं स्कूलों से आने वाले विद्यार्थियों को नुकसान पहुंचेगा।

## पुलिस ने रेणुकास्वामी के अपहरण में इस्तेमाल कार की जब्त

**चित्रदुर्ग (कर्नाटक)।** कर्नाटक में रेणुकास्वामी हत्याकांड की जांच कर रही पुलिस टीम ने अपहरण में कथित तौर पर इस्तेमाल की गई कार रविवार को जब्त कर ली। इस हत्याकांड में कन्नड़ फिल्म जगत के प्रमुख अभिनेता दर्शन थूगुदीप और उनकी मित्र पवित्रा गौड़ा मुख्य आरोपी हैं।

आरोपियों में से एक रवि ने कथित तौर पर चित्रदुर्ग जिले के अय्यानहल्ली गांव के एक घर में संबंधित कार खड़ी की थी। जिस वक्त कार जब्त की गयी, उस समय फॉरेंसिक विशेषज्ञ भी वहां मौजूद थे। पुलिस ने रवि के परिवार से भी पूछताछ की और कार से कई चीजें बरामद की गईं। रेणुकास्वामी हत्याकांड के सिलसिले में दर्शन और पवित्रा समेत अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। साथ मामले की जांच जारी है।

## नए आपराधिक कानून लागू करने को लेकर किया गया पर्याप्त विचार-विमर्श

**कोलकाता, एजेंसी**

- केंद्रीय कानून मंत्री मेघवाल बोले एक जुलाई से किए जाएंगे लागू



केंद्रीय कानून और न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को विपक्षी दलों के उन आरोपों को खारिज कर दिया कि नए आपराधिक कानून लागू करने का फैसला लेने से पहले पर्याप्त विचार-विमर्श नहीं किया गया। उन्होंने कहा इसे लागू करने को लेकर पर्याप्त विचार-विमर्श किया गया है। नए आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू किए जाएंगे।

मेघवाल ने कहा कि भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कानून लागू किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नए कानूनों के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण कार्यक्रम और बुनियादी ढांचे का विकास पहले से ही जारी है। मेघवाल ने रविवार को आपराधिक न्याय प्रणाली प्रदान करने में भारत का प्रगतिशील मार्ग कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के दौरान कहा-समय पर, त्वरित और त्रुटिरहित न्याय प्रदान करने के लिए तीन नए कानून एक जुलाई से लागू होंगे। अर्जुन राम मेघवाल ने कहा-कुछ लोग दावा करते हैं कि उनसे परामर्श नहीं किया गया, यह गलत है। औपनिवेशिक कानूनों में बदलाव की मांग लंबे समय से चली आ रही है।

## दिवंगत नेता को कांग्रेस पार्टी की जननी कहा, मीडिया ने की गलत व्याख्या : गोपी

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

- केंद्रीय मंत्री ने इंदिरा गांधी के बारे में की गई टिप्पणी को लेकर दिया स्पष्टीकरण



केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बारे में अपनी टिप्पणी पर विवाद होने के बाद रविवार को स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि उन्होंने दिवंगत नेता को देश में कांग्रेस पार्टी की जननी कहा था और मीडिया ने उनकी टिप्पणी की गलत व्याख्या की। अभिनेता से राजनेता बने गोपी ने कहा कि वह अपने दिल की भावनाओं के मुताबिक बात करने वाले व्यक्ति हैं और उनका दृढ़ विश्वास है कि इंदिरा गांधी के बारे में उन्होंने जो कुछ कहा, उसमें कुछ भी गलत नहीं है।

भाजपा नेता ने यहां मीडिया को संबोधित करते हुए संवाददाताओं से पूछा कि क्या वे भाषा के प्रासंगिक अर्थ को नहीं समझते हैं। सुरेश गोपी ने अपनी टिप्पणी को लेकर स्पष्टीकरण देते हुए कहा-मैंने क्या कहा, जहां तक कांग्रेस का सवाल है...चाहे किसी को पसंद हो या नहीं...के. करुणाकरण केरल में कांग्रेस पार्टी के पिता हैं। भारत में कांग्रेस पार्टी की मां इंदिरा गांधी हैं। मैंने यह बात दिल से कही है। हालांकि, केंद्रीय पेट्रोलियम और पर्यटन राज्य मंत्री ने रविवार को भी इंदिरा गांधी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा-इंदिरा गांधी देश की स्वतंत्रता के बाद और अपनी मृत्यु तक भारत की वास्तविक निर्माता हैं। मैं वैसे भी ये श्रेय उन्हें दूंगा ही। मैं उस व्यक्ति को सिर्फ इसलिए नहीं भूल सकता क्योंकि वह राजनीतिक रूप से प्रतिद्वंद्वी पार्टी से थीं, जिन्होंने देश के लिए ईमानदारी से काम किया।

सुरेश गोपी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को मदर ऑफ इंडिया करार दिया वहीं कांग्रेस के दिवंगत नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरण को साहसी प्रशासक बताया। गोपी ने शनिवार को त्रिशूर में पुनकुन्नम स्थित करुणाकरण के स्मारक मुरली मंदिर जाने के बाद संवाददाताओं से बातचीत के दौरान यह टिप्पणी की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ने करुणाकरण और मार्क्सवादी नेता ई.के. नयनार को अपना राजनीतिक गुरु भी बताया।

## पुलवामा में ऑनलाइन घोटाले के मामले में 1,44,500 रुपये किए जब्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में साइबर यूनिट ने रविवार को वित्तीय धोखाधड़ी के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान, ऑनलाइन घोटाले के दो अलग-अलग मामलों में 1,44,500 रुपये जब्त किये। साइबर सेल ने उन दोनों घटनाओं की तेजी से जांच की जहां पीड़ितों को व्हाट्सएप लिंक के माध्यम से घर से काम करने के आकर्षक अवसरों का वादा करके लुभाया गया था। इन घोटालों में पीड़ितों को उच्च रिटर्न के वादे के साथ पैसा निवेश करने के लिए राजी करना शामिल था। पीड़ितों का विश्वास हासिल करने के लिए छोटे-छोटे काम सौंपे गए, इसके बाद बड़े निवेश के लिए अनुरोध किया गया था।

## दस्तावेजों से छेड़छाड़ के आरोप में दो कर्मचारी गिरफ्तार

**राजकोट, एजेंसी**

**राजकोट गेमिंग जोन आग मामला**

राजकोट नगर निगम के दो कर्मचारियों को एक गेमिंग जोन में पिछले माह लगी आग की घटना के बाद उससे संबंधित दस्तावेजों में छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आग की इस घटना में 27 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि इसके साथ ही राजकोट शहर में टीआरपी गेमिंग जोन में 25 मई को हुई घटना के सिलसिले में अब तक छह सरकारी कर्मचारियों सहित 12 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस उपायुक्त (अपराध) पार्थराजसिंह गोहिल ने बताया कि शहर की अपराध शाखा ने शनिवार को राजकोट नगर निगम के सहायक नगर योजना अधिकारी राजेश मकवाना और सहायक अभियंता जयदीप चौधरी को आग की घटना के बाद आधिकारिक रजिस्टर में छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया।

## नागपुर धमाके में मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हुई

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में एक विस्फोटक निर्माण इकाई में हुए धमाके में घायल आखिरी व्यक्ति की भी मौत हो गई और इसके साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। डांडे अस्पताल के निदेशक डॉ. पिनाक डांडे ने बताया कि धमाके में बुरी तरह से झुलस चुके प्रमोद चावरे की शनिवार रात को एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। यह धमाका बृहस्पतिवार को दोपहर करीब एक बजे शहर से लगभग 25 किलोमीटर दूर हिंगना पुलिस थाना क्षेत्र के धमना गांव स्थित 'चामुंडी एक्सप्लोसिव्स प्राइवेट लिमिटेड' में हुआ। इस घटना में घायल नौ लोगों को शहर के दो निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

## आतिशी ने पानी की पाइपलाइन की सुरक्षा करने का किया अनुरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दिल्ली की जल मंत्री ने पुलिस पुलिस आयुक्त को लिखा पत्र



राष्ट्रीय राजधानी में गहराए जल संकट के मद्देनजर दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने रविवार को पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को पत्र लिखकर कई प्रमुख पाइपलाइन की सुरक्षा और गश्त करने के लिए अगले 15 दिन तक पुलिसकर्मियों को तैनात करने का अनुरोध किया है।

मंत्री ने पत्र में कहा कि दिल्ली भीषण गर्मी और जल संकट से जूझ रही है। आतिशी ने कहा, यमुना नदी में कम पानी छोड़े जाने के कारण पानी की मात्रा में 70 एमजीडी की गिरावट आई है, जिससे दिल्ली के कई इलाके जल संकट से जूझ रहे हैं। ऐसे में पानी की एक-एक बूंद कीमती है। उन्होंने पुलिस आयुक्त को लिखे पत्र में कहा कि दिल्ली जल बोर्ड ने मुख्य जल वितरण नेटवर्क के लिए गश्ती दल तैनात किए हैं। जल वितरण नेटवर्क नदी में छोड़े गए पानी को जल शोधन संयंत्रों तक पहुंचाता है और फिर वहां से शहर के विभिन्न हिस्सों के भूमिगत जलाशयों तक आपूर्ति की जाती है। आतिशी ने कहा-हमने इस काम में मदद लेने के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट की देखरेख में कई टीम भी तैनात की हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के गश्ती दल ने शनिवार को दक्षिण दिल्ली पाइपलान में रिसाव की जानकारी दी थी जो सोनिया विहार जल शोधन संयंत्र से दक्षिणी दिल्ली के इलाकों तक पानी पहुंचाने वाली मुख्य पाइपलाइन है।

आतिशी ने कहा-गढ़ी मेडू में डी.टी.एल. सबस्टेशन के पास पाइपलाइन में रिसाव हुआ था। हमारे गश्ती दल को पता चला कि पाइपलाइन में 375 एम.एम. के कई बड़े बोल्ट और 12 इंच का एक बोल्ट कटा हुआ था जिससे रिसाव हो रहा था। उन्होंने कहा-इससे पता चलता है कि पाइपलाइन में कुछ गड़बड़ी की गई है या उसमें जानबूझकर तोड़फोड़ की गई है।

### भाजपा ने किया आप सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को लेकर भाजपा ने रविवार को आप सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। आप पर तीखा हमला करते हुए भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि जब अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने थे तो दिल्ली जल बोर्ड करोड़ों रुपये के मुनाफे में था। उन्होंने कहा-केजरीवाल के पास एक वर्ष से ज्यादा समय तक दिल्ली जल बोर्ड के अध्यक्ष पद का प्रभार रहा। यह अजीब और आश्चर्यजनक है कि एक वर्ष से अधिक समय की ऑडिट रिपोर्ट गायब है और जल बोर्ड भारी कर्ज में डूबा है। सचदेवा ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी के सभी मंत्री पानी चोरी कर रहे हैं और दिल्ली में टैंकर माफिया चला रहे हैं।



## एक नजर

### कोयला आयात अप्रैल में 13 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश का कोयला आयात अप्रैल, 2024 में 13.2 प्रतिशत बढ़कर 2.61 करोड़ टन पर पहुंच गया है। गर्मियों की शुरुआत के साथ खरीदारों द्वारा नए सौदे करने से कोयला आयात बढ़ा है। बी2बी ई-कॉमर्स कंपनी एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड द्वारा जुटाए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। एक साल पहले समान महीने में कोयला आयात 2.30 करोड़ टन रहा था। आयात में यह बढ़ोतरी ऐसे समय हुई है जबकि कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा है कि भारत को जीवाश्म ईंधन का घरेलू उत्पादन बढ़ाना चाहिए और आयात में कमी लानी चाहिए। आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल में प्रमुख और गैर-प्रमुख बंदरगाहों के माध्यम से भारत का कोयला और कोक आयात एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 13.2 प्रतिशत बढ़ा है।

### 8 शहरों में सस्ते घरों की बिक्री 4% घटी

**नई दिल्ली।** देश के 8 प्रमुख शहरों में जनवरी-मार्च तिमाही में 60 लाख रुपये तक की कीमत वाले सस्ते यानी किफायती घरों की बिक्री चार प्रतिशत घटकर 61,121 इकाई रह गई है। रियल एस्टेट आंकड़ों का विश्लेषध करने वाली कंपनी प्रॉपइक्विटी के अनुसार, इसकी वजह कम आपूर्ति और लक्जरी अपार्टमेंट की अधिक मांग है। ये आठ प्रमुख शहर- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली, मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता, पुणे और अहमदाबाद हैं। प्रॉपइक्विटी के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले कैलेंडर वर्ष की जनवरी-मार्च अवधि में 60 लाख रुपये तक की लागत वाले घरों की बिक्री 63,787 इकाई रही थी।

# आगामी बजट में निचले स्लैब के लोगों के लिए आयकर राहत के उपाय जरूरी : पुरी

## भारतीय उद्योग परिसंघ के अध्यक्ष ने एक संस्थागत मंच बनाने का दिया सुझाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के नए अध्यक्ष संजीव पुरी का मानना है कि 2024-25 के आगामी पूर्ण बजट में मुद्रास्फीति के उच्चस्तर को देखते हुए सबसे निचले स्लैब के लोगों के लिए आयकर राहत पर विचार करने की आवश्यकता है। पुरी ने साक्षात्कार में भूमि, श्रम, बिजली और कृषि से संबंधित सभी सुधारों को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच आम सहमति बनाने को एक संस्थागत मंच बनाने का भी सुझाव दिया।

उद्योग मंडल ने कहा कि उसे नहीं लगता कि गठबंधन राजनीति की मजबूरियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में सुधारों में बाधक बनेंगी। इसके बजाय उसका मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन और पिछले दो कार्यकाल में नीतियों की सफलता इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए आधार तैयार करेगी।

वित्त वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट से उम्मीदों के बारे में पूछे जाने पर पुरी ने कहा-मोटे तौर पर, मैं इस समय कहूंगा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय, राजकोषीय प्रगति पथ का पालन, सामाजिक बुनियादी ढांचे में निवेश के लिए रूपरेखा, हरित कोष और ग्रामीण क्षेत्र में अधिक निवेश...ये व्यापक सिद्धान्त हैं। खाद्य पदार्थों, सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण मई में थोक मुद्रास्फीति लगातार तीसरे महीने बढ़कर 2.61% हो गई है। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति इससे पिछले महीने 1.26% पर थी। मई, 2023 में शून्य से नीचे 3.61 प्रतिशत थी।

### इस साल मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत के आसपास रहेगी

सीआईआई के नए अध्यक्ष संजीव पुरी ने कहा कि सीआईआई का अनुमान है कि मानसून अच्छा रहने की वजह से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति इस साल 4.5 प्रतिशत के आसपास रहेगी। कर के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि हमारा सुझाव है कि इस मोर्चे पर सरलीकरण की प्रक्रिया जारी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूंजीगत लाभ को लेकर कुछ सुझाव हैं। यह विभिन्न माध्यमों पर अलग-अलग है। क्या इसे सुसंगत किया जा सकता है।


## एस्सार समूह गुजरात में हरित हाइड्रोजन संयंत्र में करेगा निवेश

**नई दिल्ली।** एस्सार समूह गुजरात के जामनगर में हरित हाइड्रोजन संयंत्र स्थापित करने के लिए अगले चार साल में 30,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रहा है। धातु से लेकर बुनियादी ढांचे तक, विविध क्षेत्रों में काम करने वाला यह समूह अपनी वृद्धि के लिए स्वच्छ ऊर्जा को एक प्रमुख स्तंभ के रूप में देख रहा है। समूह के निवेश पोर्टफोलियो का प्रबंधन करने वाली एस्सार कैपिटल के निदेशक प्रशांत रुइया ने कहा कि समूह ब्रिटेन में अपनी तेल रिफाइनरी में कार्बन उत्सर्जन कम करने, सऊदी अरब में एलएनजी और इलेक्ट्रिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर विचार कर रहा है। समूह इबैटरी, सौर पैनल और विंड-टर्बाइन मैग्नेट में उपयोग किए जाने वाले महत्वपूर्ण खनिजों के खनन कारोबार में प्रवेश करने पर भी विचार कर रहा है।

## अब विदेशियों को अचार वाले आम भी चाहिए

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद**

- 900 किलो रामकेला प्रजाति का कच्चा आम लंदन भेजा गया



**अमृत विचार :** मलिहाबादी दशहरी के बाद अब विदेशी भारतीय अचार का स्वाद लेने को आतुर हैं। इसके लिए पहली बार लंदन से अचार के लिए रामकेला प्रजाति के करीब 900 किलो आम की डिमांड आई है। इसके लिए ट्रीटमेंट और पैकिंग के बाद आम निर्यात भी किया गया है। यह पहला मौका है जब अचार के लिए आम मांगा गया है। मलिहाबाद की एक फर्म ने इसकी आपूर्ति की है। जल्द ही अन्य जगहों से भी निर्यात के आर्डर मिलने के आसार हैं।

**17 के बाद लंगड़ा आम भी जाएगा विदेश:** जिन देशों के लोगों को ज्यादा मीठा आम पसंद नहीं है वहां के लोग लंगड़ा आम खूब पसंद करते हैं। सऊदी अरब, दुबई, इंग्लैंड, ओमान के अतिरिक्त जर्मनी व रशिया के इसके ऑर्डर मिले हैं। 17 जून के बाद लंगड़ा आम की खेप रवाना की जाएगी। पहले चरण में करीब 30 टन आम भेजा जाएगा। इस बारे में मैंगो पैक हाउस के संचालक अकरम बेग ने बताया-दशहरी आम की 1.5 टन की बड़ी खेप जर्मनी भेजे जाने के बाद 900 किलो अचार वाला आम रामकेला भी लंदन भेज दिया गया है। मैंगों पैक हाउस के ट्रीटमेंट के बाद अचार वाला आम भी भेजा गया है।

## एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में 11,730 करोड़ डाले

**नई दिल्ली।** घरेलू और वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 14 जून को समाप्त सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों में 11,730 करोड़ रुपये (1.4 अरब अमेरिकी डॉलर) का शुद्ध निवेश किया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इससे पिछले यानी तीन से सात जून के सप्ताह के दौरान एफपीआई ने शेयरों से शुद्ध रूप से 14,794 करोड़ रुपये (1.77 अरब डॉलर) निकाले थे। ताजा निवेश के बाद इस महीने अबतक एफपीआई की शेयरों से शुद्ध निकासी 3,064 करोड़ रुपये रही है।

## एसबीआई अपनी अनुषंगी कंपनियों का करेगा मौद्रीकरण : खारा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- एसबीआई के चेयरमैन दिनेश ने साक्षात्कार में दी जानकारी

भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा है कि बैंक एसबीआई जनरल इंश्योरेंस और एसबीआई पेमेंट जैसी अनुषंगी कंपनियों का मौद्रीकरण करने से पहले उनके कारोबार को और बढ़ाएगा। इन अनुषंगी कंपनियों का परिचालन बढ़ने से मूल्यांकन बढ़ेगा और एसबीआई को बेहतर प्रतिफल मिल सकेगा। उन्होंने साक्षात्कार में बताया कि जहां तक अनुषंगी कंपनियों की बात है, तो उनका मौद्रीकरण पूंजी बाजार के जरिए होगा।

उन्होंने कहा कि इस रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए पात्र अनुषंगी कंपनियों में निश्चित रूप से एसबीआई जनरल है और कुछ हद तक एसबीआई पेमेंट सर्विसेज भी हो सकती हैं। लेकिन, फिलहाल हमारे पास ऐसी कोई योजना नहीं है। खारा ने कहा-शायद, हम उन्हें थोड़ा और बढ़ाना चाहेंगे।

## सीबीआईसी ने धोखाधड़ी करने वालों से लोगों को किया सतर्क

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने रविवार को जनता से भारतीय सीमा शुल्क विभाग के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों से सतर्क रहने को कहा। सीबीआईसी ने बयान में कहा कि समाचार पोर्टल/सोशल मीडिया मंचों के माध्यम से विभिन्न घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें फर्जी व्यक्तियों द्वारा भारतीय सीमा शुल्क अधिकारी बनकर देशभर में जनता से उनकी गाढ़ी कमाई ठगी गई है। ये धोखाधड़ी मुख्य रूप से फोन कॉल या एसएमएस जैसे डिजिटल माध्यमों का उपयोग करके की जाती है।

## अडाणी समूह सिर्फ डेवलपर, धारावी की जमीन महाराष्ट्र सरकार के विभागों को होगी हस्तांतरित

**मुंबई, एजेंसी**

- भूमि हड़पने के आरोप को लेकर सूत्रों ने किया खुलासा

करोड़ों रुपये की धारावी झुग्गी-बस्ती पुनर्विकास परियोजना में अडाणी समूह को भूमि का हस्तांतरण शामिल नहीं है। सूत्रों ने इस बारे में स्थिति साफ करते हुए कहा है कि परियोजना में भूमि का हस्तांतरण महाराष्ट्र सरकार के विभागों को किया जाना है और अहमदाबाद का समूह सिर्फ एक परियोजना डेवलपर के रूप में मकान बनाएगा जो उन्हीं विभागों को सौंपे जाएंगे। बाद में इन घरों का आवंटन एशिया की सबसे बड़ी झोपड़पट्टी के निवासियों को किया जाएगा। वहीं सांसद वर्षा गायकवाड़ ने इस मामले में भूमि हड़पने का आरोप लगाया है।

इन आरोपों पर परियोजना से जुड़े सूत्रों ने कहा कि जमीन के टुकड़े सिर्फ राज्य सरकार के आवास विभाग के धारावी पुनर्विकास परियोजना/स्लम पुनर्वास प्राधिकरण (डीआरपी/एसआरए) को हस्तांतरित किए जाने हैं। अडाणी समूह ने खुली अंतर्राष्ट्रीय बोली में धारावी स्लम पुनर्विकास परियोजना हासिल की थी। समूह अपनी संयुक्त उद्यम कंपनी धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट प्राइवेट लि. (डीआरपीपीएल) के माध्यम से आवास और वाणिज्यिक स्थान बनाएगा और उन्हें फिर से डीआरपी को सौंप देगा। परियोजना पर गलतफहमियों को लेकर सूत्रों ने कहा कि निविदा के अनुसार, भूमि सरकार द्वारा तय दरों पर डीआरपी/एसआरए को आवंटित की जाएगी। इस मामले में जहां डीआरपीपीएल को विकास अधिकार मिला हैं, राज्य समर्थन समझौता, निविदा दस्तावेज का हिस्सा है।

# अमेरिका में गोलीबारी में दो लोगों की मौत

टेक्सास, एजेंसी

- राउंड रॉक के ओल्ड सेटलर्स पार्क में जूनटीन्थ समारोह के दौरान हुई घटना, कई लोग हुए घायल

अमेरिका में टेक्सास के एक पार्क में शनिवार को हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शनिवार रात 11 बजे से कुछ पहले ऑस्टिन से लगभग 19 मील (30.5 किलोमीटर) उत्तर में राउंड रॉक के ओल्ड सेटलर्स पार्क में जूनटीन्थ समारोह के दौरान हुई।

राउंड रॉक पुलिस प्रमुख एलन बैंक्स ने घटनास्थल पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कार्यक्रम के दौरान दो समूहों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया और किसी ने गोलीबारी शुरू कर दी। एलन ने बताया कि जिन दो पीड़ितों को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया, वे इस झगड़े में शामिल नहीं थे। उन्होंने बताया कि गोलीबारी संगीत समारोह के लिए बनाए गए मंच से कुछ दूर वेंडर क्षेत्र के निकट हुई। उन्होंने कहा कि कई घायलों को स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अभी तक इस सिलसिले में किसी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि अभी तो यह भी नहीं पता चला है कि कितने हमलावर शामिल थे।

मां की ममता



चिकमंगलूर में अपने बच्चों को खाना खिलाती एश प्रिनिया पक्षी। ● एजेंसी

## चीन में भीषण गर्मी को लेकर अलर्ट

**बीजिंग।** चीन में भीषण गर्मी और भारी उमस को लेकर राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने रविवार सुबह को पीला अलर्ट जारी किया। केंद्र ने कहा कि उत्तरी चीन में पीली नदी और हुइहे नदी के बीच के क्षेत्रों में गर्मी की तीव्रता कम होने की उम्मीद है। केंद्र के अनुसार, रविवार को दिन के समय शिनजियांग, इनर मंगोलिया, गांसु, हेबेई, बीजिंग, शेडोंग, हेनान, अनहुई, हुबेई और हैनान के कुछ इलाकों में तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। केंद्र ने शिनजियांग, इनर मंगोलिया और हेनान के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 37 से 39 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान लगाया है। केंद्र ने कहा कि गर्मी के दौरान बाहरी गतिविधियों से बचना चाहिए और सुरक्षा के लिए एहतियाती कदम उठाए जाने चाहिए।

# जेल कर्मियों को बंधक बनाने वाले मारे गए

मॉस्को, एजेंसी

- सुरक्षाबलों ने दक्षिणी रूस में एक हिरासत केंद्र पर धावा बोला
- बंधक बनाने वाले छह लोगों के पास थे चाकू और अन्य हथियार

रूस के सुरक्षाबलों ने दक्षिणी रूस में स्थित एक हिरासत केंद्र पर रविवार को धावा बोला, जिसमें दो कर्मचारियों को बंधक बनाने वाले कैदी मारे गए। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी 'रिया नोवोस्ती' ने अपनी खबर में यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी ने रूस की संघीय दंड सेवा के हवाले से बताया कि 'रोस्तोव-ऑन-डॉन' में हिरासत केन्द्र में बंधकों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

एक अन्य स्थानीय समाचार संस्था ने कहा कि कुछ कैदी मारे गए हैं। इससे पहले सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' ने कानून प्रवर्तन से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि रोस्तोव क्षेत्र के हिरासत केंद्र नंबर 1 के केंद्रीय प्रांगण में बंधक बनाने वाले छह लोग थे और उनके पास चाकू और अन्य हथियार थे। कैदियों में इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े होने के आरोपी भी शामिल हैं। हाल के वर्षों में आईएस ने रूस में कई हमले किए हैं, जिनमें हालिया हमला मार्च में हुआ था। बंदूकधारियों ने मॉस्को के एक कॉन्सर्ट हॉल में भीड़ पर गोलीबारी की, जिसमें 145 लोग मारे गए थे।

## एक नजर

### अफगानिस्तान में 349 कैदियों को दी गयी माफी

**काबुल।** अफगानिस्तान की कार्यवाहक सरकार के सर्वोच्च नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने ईद उल-अजहा से पहले 349 कैदियों को माफ कर दिया है। शनिवार को देश के सर्वोच्च न्यायालय के एक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया है कि 279 अन्य कैदियों को भी उनकी शेष जेल सजा से छूट दी गई है। अफगानिस्तान में सबसे बड़ा वार्षिक धार्मिक त्योहार ईद उल-अजाह सोमवार से बुधवार तक मनाया जाएगा।

### सऊदी में जॉर्डन के 14 हजयात्रियों की मौत

**अम्मान।** जॉर्डन ने रविवार को पुष्टि की कि सऊदी अरब में हज की रस्म अदा करते समय उसके 14 नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य लापता हो गए। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सुफियान कुदाह ने एक बयान में कहा कि जॉर्डन पक्ष अपने परिवारों के अनुरोध पर मृतकों को दफनाने या घर लौटने पर संबंधित सऊदी अधिकारियों के साथ संपर्क कर रहा है। बयान के अनुसार सऊदी अधिकारी 17 लापता हजयात्रियों की तलाश भी जारी रख रहे हैं। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने एक दिन पहले बताया था कि छह जॉर्डन वासियों की लू लगने से मौत हो गई थी।

### चीन के बैलेनी द्वीप क्षेत्र में भूकंप के तीव्र झटके

**हांगकांग।** चीन के बैलेनी द्वीप क्षेत्र में शनिवार को भूकंप के तीव्र झटके महसूस किये गये। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने रविवार को बताया कि अंतर राष्ट्रीय समयानुसार शनिवार देर रात करीब 12:27 बजे आये भूकम्प की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.0 आंकी गयी। भूकंप का केंद्र 61.01 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 154.24 डिग्री पूर्वी देशांतर में जमीन की सतह से 10.0 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

### विस्फोट में आठ सोमाली सैनिक मारे गए, 11 जख्मी

**मोगादिशु।** सोमालिया के खाड़ी क्षेत्र में शनिवार को सड़क किनारे हुए विस्फोट में एक वरिष्ठ कमांडर सहित सोमाली राष्ट्रीय सेना (एसएनए) के आठ सैनिक मारे गये और11 अन्य घायल हो गए। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अल-शबाब ने वरिष्ठ सैन्य नेताओं के खिलाफ हमले की जिम्मेदारी ली है। सोमाली सरकार ने अल-कायदा से जुड़े इस आतंकवादी समूह के खिलाफ हमले तेज कर दिए हैं।

# यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता होना चाहिए शांति समझौते का आधार

## अंतर्राष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन में आए थे लगभग 100 प्रतिनिधिमंडल

ओबबुर्गेन (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

- यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शांति की दिशा में आयोजित बैठक की सराहना की
- भारत, सऊदी अरब, द.अफ्रीका और यूएई ने अंतिम दस्तावेज पर नहीं किए हस्ताक्षर



अस्सी देशों ने संयुक्त रूप से रविवार को आह्वान किया कि रूस के साथ युद्ध को समाप्त करने के लिए किसी भी शांति समझौते का आधार यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता हो। स्विट्जरलैंड में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन में हालांकि कुछ प्रमुख विकासशील देश शामिल नहीं हुए। सम्मेलन का आयोजन स्विट्जरलैंड के बर्गेनस्टॉक रिसॉर्ट में किया गया था। रूस को सम्मेलन के लिए आमंत्रित नहीं किया गया था। सम्मेलन में मौजूद कई लोगों ने उम्मीद जताई कि रूस शांति की रूपरेखा पर चर्चा में शामिल हो सकता है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शांति की दिशा में पहला कदम उठाये जाने की बैठक में सराहना की।

सम्मेलन में लगभग 100 प्रतिनिधिमंडल आए थे, जिनमें से ज्यादातर पश्चिमी देश थे। सम्मेलन में कुछ प्रमुख विकासशील देश भी शामिल हुए थे। भारत, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात उन देशों में शामिल थे, जिनका प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रियों या दूतों ने किया था तथा इन्होंने अंतिम दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं किये। दस्तावेज में परमाणु सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और कैदियों के आदान-प्रदान के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। अंतिम दस्तावेज में कहा गया है कि यूक्रेन में न्यायसंगत और स्थायी शांति का माहौल बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र चार्टर और क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के प्रति सम्मान आवश्यक है। कार्यक्रम की मेजबानी करने वाले स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति वियोला एमहर्ड ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि ज्यादातर प्रतिभागियों ने अंतिम दस्तावेज को लेकर सहमति व्यक्त की है जिससे पता चलता है कि कूटनीति के जरिये क्या हासिल किया जा सकता है।

### यूक्रेन संघर्ष के हल के लिए ईमानदार कोशिश की जाए : भारत

**नयी दिल्ली।** भारत ने स्विट्जरलैंड में यूक्रेन मुद्दे पर आयोजित दो दिवसीय वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन में इस संकट के समाधान के लिए संवाद एवं कूटनीति की बात दोहराई और दोनों पक्षों के बीच ईमानदार एवं व्यावहारिक प्रयास किये जाने पर बल दिया। विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि बर्गेनस्टॉक में 15-16 जून को स्विट्जरलैंड द्वारा आयोजित यूक्रेन में शांति पर शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) पवन कपूर ने किया। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने शिखर सम्मेलन के उद्घाटन और समापन पूर्ण सत्र में भाग लिया। विज्ञप्ति में कहा गया कि भारत की भागीदारी, यूक्रेन के शांति फॉर्मूला पर आधारित पिछली एनएसए/राजनीतिक निदेशक-स्तरीय बैठकों में भागीदारी, बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के स्थायी समाधान के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप थी।

# गाजा में सहायता के लिए सामरिक विराम

यरुशलम, एजेंसी

- दक्षिणी गाजा पट्टी के एक मार्ग पर 11 घंटे तक प्रतिदिन सामरिक विराम का इजरायल का एलान

इजराइली सेना ने रविवार को दक्षिणी गाजा पट्टी के एक मार्ग पर 11 घंटे तक सामरिक विराम का एलान किया है, ताकि फिलिस्तीनियों को राहत-सामग्री पहुंचाई जा सके। यह सामरिक विराम रफह क्षेत्र के लगभग 12 किलोमीटर के मार्ग पर लागू किया जाएगा, हालांकि ये पूर्ण युद्ध विराम के समान नहीं है। जबकि, अमेरिका और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों सहित इजराइल के शीर्ष सहयोगी उससे हमास के साथ युद्ध विराम पर समझौता करने का अनुरोध कर रहे हैं।

सामरिक विराम के लागू होने से भुखमरी से जूझ रहे फिलिस्तीनियों की कुछ अत्यधिक आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिल सकती है। सेना ने बताया कि रफह में सुबह आठ बजे से लेकर शाम सात बजे तक सामरिक विराम रहेगा और अगले आदेश तक यह प्रतिदिन प्रभावी रहेगा। सेना ने बताया कि इजराइल के नियंत्रण वाले केरेम शालोम चौराहे तक सहायता सामग्री से लदे ट्रकों को पहुंचाने के उद्देश्य से सामरिक विराम की घोषणा की गई है, जिसके बाद ये ट्रक गाजा के अन्य भागों में सहायता सामग्री पहुंचाने के लिए सलाह-ए-दीन राजमार्ग पर सुरक्षित रूप से जा सकेंगे। केरेम शालोम वह मार्ग है, जहां से इजराइली सेना को सहायता-सामग्री पहुंचाई जाती है। राहत-सामग्री के वितरण की देखरेख करने वाली इजरायली सैन्य संस्था सीओजीएटी ने कहा कि खान यूनिस, मुवासी और मध्य गाजा सहित गाजा के अन्य क्षेत्रों में राहत-सामग्री पहुंचाई जाएगी

### इराकी शिया मिलिशिया ने हमले की ली जिम्मेदारी

**बगदाद।** इराक की एक शिया मिलिशिया ने इजरायल के हाइफा में क्रूज मिसाइल से हुए हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा है कि उसने गाजा पट्टी में लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए यह कदम उठाया। रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामिक रेजिस्टेंस इन इराक के नाम से मशहूर मिलिशिया ने शनिवार को एक बयान में कहा कि उसके लड़ाकों ने शनिवार तड़के लंबी दूरी की अल-अरकब अपग्रेडेड क्रूज मिसाइल से हाइफ़ा में एक स्थान पर हमला किया। इसने लक्षित स्थान या किसी भी हताहत के बारे में कोई और विवरण नहीं दिया। कल ही समूह ने शुक्रवार को हाइफ़ा पोर्ट और हाइफ़ा के पास रामत डेविड एयरबेस पर किए गए दो ड्रोन हमलों की ज़िम्मेदारी ली थी।

## भूमि संपर्क के प्रस्ताव पर अध्ययन अंतिम चरण में

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने रविवार को कहा कि भारत के साथ भूमि संपर्क स्थापित करने के प्रस्ताव पर व्यवहार्यता अध्ययन अपने अंतिम चरण में है। क्षेत्र में विकास कार्यों का निरीक्षण करने के लिए उत्तर-पूर्वी जिले मन्नार की यात्रा पर पहुंचे विक्रमसिंघे ने कहा कि व्यवहार्यता अध्ययन का प्रारंभिक कार्य पूरा हो चुका है और अंतिम चरण जल्द ही पूरा हो जाएगा।



इस प्रस्ताव और दोनों देशों के बीच पावर ग्रिड कनेक्शन की संभावना पर इस सप्ताह विदेश मंत्री एस. जयशंकर की श्रीलंका यात्रा के दौरान चर्चा होने की संभावना है।

विक्रमसिंघे ने कहा कि मंत्री की यात्रा के दौरान भारत को अतिरिक्त नवीकरणीय ऊर्जा बेचने के लिए एक वाणिज्यिक उद्यम पर भी चर्चा की जाएगी। शनिवार को श्रीलंका के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि जयशंकर 20 जून को कोलंबो पहुंचेंगे। हालांकि, भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से जयशंकर की यात्रा के बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई।

# हजयात्रियों ने शुरू की हज की अंतिम रस्में

मीना (सऊदी अरब), एजेंसी

- इस्लाम के पांच स्तंभों और हज की अंतिम रस्मों में से एक है शैतान को पत्थर मारना

सऊदी अरब में रविवार को बड़ी संख्या में हज यात्रियों ने प्रतीकात्मक रूप से शैतान को पत्थर मारने के अरकान (रस्म) पूरे किए। यह रस्म हज यात्रा के अंतिम दिनों में विश्वभर के मुस्लिमों के लिए ईद-उल-अजहा उत्सव की शुरुआत का प्रतीक है। शैतान को पत्थर मारना इस्लाम के पांच स्तंभों और हज की अंतिम रस्मों में से एक है। यह शहर मक्का के बाहर अराफात की पहाड़ी पर 18 लाख से अधिक हज यात्रियों के एकत्र होने के एक दिन बाद हुई, जहां हजयात्री हज की वार्षिक पांच दिवसीय रस्में पूरी करने आते हैं।

हजयात्रियों ने शनिवार की शाम माउंट अराफात छोड़ दिया और मुजदलिफा नाम के एक निकटवर्ती स्थल पर रात बिताई, जहां उन्होंने कंकड़ एकत्र किए। जिनका उपयोग उन्होंने प्रतीकात्मक रूप से शैतान स्तंभों को पत्थर मारने में किया। ये स्तंभ मक्का में मीना नाम के एक पवित्र स्थान पर हैं। मुस्लिमों का मानना है कि यहां इब्राहिम के विश्वास की परीक्षा हुई थी और उनसे ईश्वर ने उनके इकलौते बेटे इस्माइल की बलि देने का आदेश दिया। इब्राहिम आदेश का पालन करने के लिए तैयार थे, लेकिन फिर ईश्वर ने उनका हाथ रोक दिया। हज यात्री अगले तीन दिन मीना में बिताएंगे।

# इमरान को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका खारिज होने के खिलाफ अपील

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 2018 के आम चुनावों के लिए नामांकन पत्र जमा करते समय अपनी कथित बेटी टायरियन व्हाइट का नाम छिपाने के लिए अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका खारिज करने के खिलाफ अपील की गई है। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने पिछले महीने याचिका खारिज कर दी थी।



याचिका में आरोप लगाया गया है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के 71 वर्षीय संस्थापक ने 2018 के आम चुनाव लड़ने के लिए अपने नामांकन पत्र में कथित बेटी टायरियन व्हाइट का खुलासा नहीं किया था। खान की पार्टी पीटीआई ने 2018 के आम चुनाव जीते और पूर्व क्रिकेटर से राजनेता बने खान अगस्त 2018 से अप्रैल 2022 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे। तीन न्यायाधीशों की पीठ के पूर्व में मामले को खारिज करने के मद्देनजर आईएचसी ने भी खारिज कर दिया।

### आर्थिक स्थिरता के लिए इमरान को जेल में रखना जरूरी

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के एक मंत्री ने दावा किया है कि देश के लोगों का मानना है कि आर्थिक स्थिरता के लिए इमरान खान को 2029 तक जेल में रखना जरूरी है। संघीय योजना एवं विकास मंत्री एहसान इकबाल ने चिंता व्यक्त की है कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक इमरान खान (71) की रिहाई से देश में नये सिरे से विरोध प्रदर्शन और अशांति पैदा हो सकती है। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के महासचिव इकबाल ने शनिवार को पत्रकारों से कहा, अलग-अलग मामलों में इमरान खान पिछले वर्ष अगस्त से ही जेल में बंद हैं। मंत्री ने कहा कि इमरान एक गुस्सैल व्यक्ति हैं। मंत्री ने कहा कि यह देश और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी, दोनों के लिए एक निर्णायक क्षण है। उन्होंने कहा कि पार्टी के साथ सार्थक बातचीत तब तक नहीं हो सकती, जब तक कि वह सरकारी संस्थाओं के खिलाफ अभियान में शामिल है।

# टीटीपी का शीर्ष कमांडर वलीउल्ला मारा गया

इस्लामाबाद, एजेंसी

- खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मार गिराया गया

पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) का एक शीर्ष कमांडर मारा गया। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, टीटीपी कमांडर वलीउल्ला को बन्नू के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने प्रांत के लक्की मरवात जिले में खुफिया जानकारी के आधार पर एक अभियान में मार गिराया। यह अभियान ताजुरी रोड पर मलंग अड्डा के पास चलाया गया, जिसके बाद हथियारबंद आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी।

खबर में कहा गया कि सुरक्षा बलों की जवाबी गोलीबारी में वलीउल्ला मारा गया। वह टीटीपी टीपू गुल समूह का स्थानीय कमांडर था और कमांडर अतीकुर रहमान उर्फ टीपू गुल मारवात का रिश्तेदार था। वलीउल्ला सीटीडी बन्नू, डीआई खान और स्थानीय पुलिस पर बम विस्फोटों और पुलिस और सुरक्षा बलों पर हमलों के कई मामलों में वांछित था। टीटीपी को अल-कायदा का करीबी समूह माना जाता है। इस समूह को पाकिस्तान भर में कई घातक हमलों के लिए दोषी ठहराया गया है।

## बॉलीवुड हलचल

### चंदू चैंपियन फिल्म ने दूसरे दिन कमाए 7.7 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कार्तिक आर्यन अभिनीत फिल्म चंदू चैंपियन ने दो दिन के भीतर 13.1 करोड़ रुपये कमाए हैं। फिल्म निर्माताओं ने रविवार को यह घोषणा की। कबीर खान द्वारा निर्देशित यह फिल्म भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित है। शुक्रवार को रिलीज होने पर फिल्म ने 5.40 करोड़ रुपये की कमाई की। चंदू चैंपियन साजिद नाडियाडवाला के बैनर नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट और कबीर खान फिल्म्स द्वारा निर्मित है। निर्माताओं ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि हिंदी फिल्म ने दूसरे दिन 7.70 करोड़ रुपये की कमाई की जिससे इसकी कुल कमाई 13.10 करोड़ रुपये हो गई। उन्होंने कहा, काफी चर्चा और प्रत्याशा के साथ फिल्म ने बॉक्स आफिस पर 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है और दूसरे दिन 7.70 करोड़ की कमाई की, जबकि पहले दिन 5.40 करोड़ रुपये की कमाई हुई थी। अब तक कुल कमाई 13.10 करोड़ रुपये हो गई। फिल्म में विजय राज, भुवन अरोड़ा और राजपाल यादव भी विभिन्न भूमिकाओं में हैं।

### इंडियाज बेस्ट डांसर 4 की जज बनेंगी करिश्मा कपूर!



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर, इंडियाज बेस्ट डांसर 4 की जज के तौर पर नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि करिश्मा कपूर इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 4 को जज करती नजर आएंगी। इससे पहले इस मंच पर सोनाली बेंद्रे जज के तौर पर दिखाई दे रही थी। वहीं शो के पहले और दूसरे सीजन में मलाइका अरोड़ा जज के तौर पर नजर आयी थी। मेकर्स करिश्मा कपूर से बातचीत कर रहे हैं हो सकता है उन्हें इसके लिए फाइनल कर लिया जाए। यदि सबकुछ सही रहा तो करिश्मा कपूर को बाकी अन्य दो जज गीता कपूर और टेरेंस लुईस के साथ इंडियाज बेस्ट डांसर 4 को जज करते देखा जाएगा।

### नया लोकगीत सासू के मारब चाकू रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** गायिका सृष्टि भारती और अभिनेत्री निकिता भारद्वाज का नया लोकगीत सासू के मारब चाकू रिलीज हो गया है लोकगीत सासू के मारब चाकू को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। सासू के मारब चाकू के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को सृष्टि भारती ने गाया है, वही इसमें निकिता भारद्वाज ने अभिनय किया है। इस गाने के लेखक शुभदायल सोहरा है, वही इसका म्यूजिक विकाश यादव ने दिया है। इस गाने का निर्देशन सुनील बाबा ने किया हूं। कॉस्ट्यूम डिज़ाइनर बादशाह खान है। गाने को कोरियोग्राफ गोल्डी जायसवाल, डीआई रोहित सिंह, डीओपी गौरव राय-आकाश, प्रोडक्शन पंकज सोनी, एडिटर आलोक गुप्ता है। वही गाने के फुलराइट्स वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के पास हैं।

## समुद्र में फैले तेल को साफ करने में जुटा सिंगापुर

**कुआलालंपुर (मलेशिया)।** सिंगापुर के दक्षिणी तट पर एक बड़ी नौका के ईंधन आपूर्ति पोत से टकराने के कारण फैले तेल को साफ करने का कार्य रविवार को भी जारी रहा। तेल के फैल जाने से लोकप्रिय रिजॉर्ट द्वीप सेंटोसा समेत दक्षिणी तटरेखा का कुछ हिस्सा काला पड़ गया है और इससे समुद्री जीवों के लिए भी खतरा पैदा हो गया है।

नीदरलैंड के झंडे वाली एक बड़ी नौका ने शुक्रवार को सिंगापुर के ईंधन आपूर्ति पोत 'मरीन ऑनर' को टक्कर मार दी। इससे मरीन ऑनर का मालवाहक टैंक क्षतिग्रस्त हो गया और तेल समुद्र में फैल गया। सिंगापुर के समुद्री एवं बंदरगाह प्राधिकरण ने शनिवार देर रात एक बयान में कहा कि जहाज से तेल रिसाव को रोक दिया गया है और क्षतिग्रस्त टैंकर से निकले तेल को साफ किया जा रहा है।

# राजस्थान के कोटा में युवक ने लगाई फांसी

जयपुर, एजेंसी

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए तैयारी कर रहा था युवक

राजस्थान के कोटा में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए तैयारी कर रहे 17 वर्षीय युवक ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बिहार के मोतिहारी का निवासी आयुष जायसवाल प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए महावीर नगर क्षेत्र के सम्राट चौक के पास एक पेइंग गेस्ट हाउस में रह रहा था। उसने बताया कि शनिवार रात तक जब वह अपने कमरे से बाहर नहीं आया तो उसके दोस्तों ने पेइंग गेस्ट हाउस के मालिक को इसकी सूचना दी, जिसने पुलिस को इस बारे में बताया।

थानाधिकारी महेंद्र मारू ने बताया, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे एक छात्र ने शनिवार रात आत्महत्या कर ली। वह अपने कमरे में फंदे से लटका मिला। कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। उसके परिजनों के यहां पहुंचने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद एक पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दरवाजे का ताला तोड़कर कमरे में दाखिल हुई। उन्होंने बताया कि वहां छात्र फंदे से लटका मिला। पुलिस ने उसे नीचे उतारा और न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोटा में इस वर्ष अब तक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे किसी छात्र द्वारा खुदकुशी किए जाने का यह 11वां मामला है।

## चीनी कामगारों की सुरक्षा को कदम उठा रहा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने रविवार को कहा कि वह देश में चीनी कामगारों की सुरक्षा के लिए विशेष कदम उठा रहा है और विदेशी नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक विशेष बल भी बना रहा है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने रविवार को इस्लामाबाद स्थित चीनी दूतावास में चीनी राजदूत जियांग जैदोंग से मुलाकात की और उनके साथ पाकिस्तान में चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए एक योजना साझा की। बैठक के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की हाल की चीन यात्रा, दोनों देशों के संबंधों को और बढ़ावा देने तथा चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों पर भी चर्चा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि काम कर रहे चीनी नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।